राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com





# गौरवशाली भारत


वर्ष : 13 , अंक : 165, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली शनिवार 30 दिसंबर 2023, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334


## मुख्य अपडेट


गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब-दिल्ली की झांकी रद्द होने पर भड़की 'आप'

.... पेज 03

3 भाइयों ने लगाई फांसी दो की मौत, एक गंभीर, एक भाई के हथेली पर सुसाइड नोट मिला है

.... पेज 05

राजा करण हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अपने मुकाबले जीते

.... पेज 07


## स्वास्थ्य शिविरों में दो करोड़ लोगों को मिला लाभ

नयी दिल्ली। आम जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का प्रावधान करते हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में दो करोड़ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि देश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कुल एक लाख आठ हजार 500 ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में दो लाख 10 दस लाख 24 हजार 874 लोग स्वास्थ्य सुविधाओं का फायदा उठा चुके हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान एप का इस्तेमाल

Ministry of Health & Family Welfare
Government of India

करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और इन्हें लाभार्थियों को वितरित भी किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जिन जिलों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया है, वहां अब तक 1,44,80,498 कार्ड बनाए जा चुके हैं। तपेदिक के लिए रोगियों की जांच लक्षणों को पहचान कर, बलगम परीक्षण और जहां भी उपलब्ध हो, वहां एनएएटी मशीनों का उपयोग करके की जाती है। कार्यक्रम के चौवालीसवें दिन के अंत तक 80,01,825 लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 4,86,043 मरीजों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भेजा गया था। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 1,40,852 रोगियों ने अपनी स्वीकृति दी है और 50,799 नए निक्षय मित्रों का पंजीकरण किया गया है। सिकल सेल रोग के रोगियों को आगे के इलाज के लिए उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा जा रहा है। अब तक 8,51,194 लोगों की जांच की गई। इसके अलावा लगभग 15,694,596 लोगों की उच्च रक्तचाप और मधुमेह के लिए जांच की गई थी।

## लोकसभा का सत्रावसान

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17वीं लोकसभा के शीतकालीन सत्र का शुक्रवार को सत्रावसान कर दिया। लोकसभा सचिववालय ने आज यहां जारी एक वक्तव्य में कहा कि राष्ट्रपति ने लोकसभा के चार दिसम्बर से शुरु हुए शीतकालीन सत्र का अवसान कर दिया है। गौरतलब है कि लोकसभा की कार्यवाही चार दिसम्बर से 21 दिसम्बर तक चला। सत्र को आधिकारिक रूप से 22 दिसम्बर तक चलाने की घोषणा की गई थी लेकिन एक दिन पहले 21 दिसम्बर को सत्र की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई थी।

## नीतीश ने फिर संभाली जदयू की कमान

### राष्ट्रीय परिषद की बैठक में मुहर; ललन ने पद छोड़ा

नीतीश कुमार दूसरी बार जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष बन गए हैं। दिल्ली में शुक्रवार को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इसका ऐलान किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने पद से इस्तीफा दे दिया और खुद ही नीतीश को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर लिया गया।



जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव दसई चौधरी ने बताया- पार्टी के सभी नेताओं की राय थी कि प्रमुख चेहरा होने के नाते 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले नीतीश को संगठन की कमान संभालनी चाहिए। इसके बाद नीतीश ने कहा कि आप लोगों का आग्रह है तो मैं इसके लिए तैयार हूं। ललन सिंह ने कहा- मैं बहुत समय तक पार्टी अध्यक्ष रह चुका हूं। मुझे चुनाव लड़ना है, पार्टी में दूसरे काम भी करने हैं। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस्तीफा के बाद ललन सिंह ने कहा कि जेडीयू का हर कार्यकर्ता इंडिया के साथ मजबूती से खड़ा है। हम किसी भी सूरत में बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। नीतीश कुमार के फूलपुर से चुनाव लड़ने के सवाल पर त्यागी ने कहा कि वो सीट समाजवादियों का मक्का-मदीना है। वहां से कौन चुनाव लड़ेगा? ये नीतीश और अखिलेश मिलकर तय करेंगे। हालांकि अभी नीतीश कुमार ने तय नहीं किया है कि वो चुनाव कहां से लड़ेंगे।

## कर्नाटक में एक ही परिवार के पांच लोगों के कंकाल बरामद



चित्रदुर्ग। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में एक घर से एक ही परिवार के पांच सदस्यों के कंकाल बरामद किये गये है। पुलिस ने यह जानकारी दी है।

पुलिस ने कहा कि मौत के कारण का अभी तक पता नहीं चला है और इस संबंध में शव परीक्षण किया जाएगा और मृतक की पहचान के लिए फोरेंसिक जांच भी की जाएगी।

पुलिस ने कहा कि परिवार पूरी तरह से एकांत जीवन जी रहा था और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहा था। उन्हें आखिरी बार जून 2019 के आसपास देखा गया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, एक पडोसी ने दो महीने पहले घर के मुख्य लकड़ी के दरवाजे को टूटा हुआ देखा था, लेकिन पुलिस को सूचित नहीं किया। गुरुवार को एक मीडिया कर्मी ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घर का दौरा किया तो पता चला कि घर में कई बार घुसपैठ कर तोड़फोड़ की गई है। यह भी पता चला कि दो कंकाल बिस्तर पर और दो एक कमरे के फर्श पर पाए गए, और एक अन्य कंकाल दूसरे कमरे में पड़ा हुआ पाया गया। घटना स्थल से सबूत इकट्ठा करने के लिए दावणगेरे के फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला विशेषज्ञों को बुलाया गया तथा सबूतों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ न हो, इसके लिए पुलिस ने वहां पहरा बिठा दिया है और घर को सील कर दिया है। इस बीच, राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि उन्होंने पुलिस से यह पता लगाने को कहा है कि क्या परिवार के सदस्यों की मौत आत्महत्या के कारण हुई थी या उनकी हत्या की गई।

# 5 राज्यों में कोहरे का रेड अलर्ट

### 271 फ्लाइट्स लेट, यूपी के 7 शहरों का अधिकतम तापमान मसूरी से भी कम



नई दिल्ली। देश के उत्तरी राज्यों में अगले दो दिन तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन राज्यों में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

यहां कोहरे को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कोहरे की वजह से देशभर में 271 फ्लाइट्स लेट हुईं और करीब डेढ़ दर्जन उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। वहीं, न्यूज एजेंसी ने बताया कि अकेले दिल्ली में 100 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरीं। इसके अलावा 80 से ज्यादा ट्रेनें 8 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं।

उधर, यूपी के 51 जिलों में फॉग का रेड अलर्ट है।

7 शहरों का अधिकतम पारा मसूरी से भी कम रिकॉर्ड किया गया। इन शहरों में विजिबिलिटी कहीं जीरो तो कहीं 5-10 मीटर तक पहुंच गई। वहीं, एमपी के 7 जिलों में अति घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

आईएमडी के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में 30 और 31 दिसंबर को हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु और केरल में 31 दिसंबर से 2 जनवरी तक हल्की बारिश हो सकती है। उत्तर प्रदेश में घनी धुंध की वजह से सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई। गुरुवार 28 दिसंबर की एडवाइजरी में मौसम विभाग ने लोगों को सड़क पर किसी भी साधन से यात्रा करते वक्त फॉग लाइट इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

### 30 दिसंबर तक छाया रहेगा घना कोहरा

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहेगा। यहां विजिबिलिटी रेंज 50 मीटर तक रहने का अनुमान है।

### 4 जनवरी को पहली कोल्ड वेव आने की संभावना

मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तरी इलाकों में 4 जनवरी को पहली शीतलहर आने का अनुमान है। इसके बाद यहां के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। अगले पांच दिनों के लिए दिल्ली का न्यूनतम तापमान सात से आठ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। गुरुवार को दिल्ली में मिनिमम टेम्परेचर 8.4 डिग्री और मैक्सिमम टेम्परेचर 21.4 डिग्री दर्ज किया गया था।


## सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दर 0.2 प्रतिशत बढ़ी

### अब यह 8.2 प्रतिशत, तीन साल के टाइम डिपॉजिट पर भी 0.1 प्रतिशत का फायदा

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार, 29 दिसंबर को जनवरी-मार्च 2024 तिमाही के लिए छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों की घोषणा की। सुकन्या समृद्धि योजना में 0.20 प्रतिशत और 3 साल के टाइम डिपॉजिट दरों में 0.10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। अन्य योजनाओं की दरों में बदलाव नहीं किया गया है।

इससे पहले 29 सितंबर को सरकार ने अक्टूबर-दिसंबर के लिए आरडी पर दरों में 0.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। सुकन्या स्कीम की ब्याज दर पहले 8 प्रतिशत और तीन साल के टाइम डिपॉजिट की ब्याज दर 7 प्रतिशत थी। यह लगातार छठी तिमाही है जब इन स्कीम्स की दरों में बढ़ोतरी हुई है।

वित्त मंत्रालय ने स्मॉल सेविंग स्कीम्स




की ब्याज दरों में लगातार नौ तिमाहियों तक बदलाव नहीं किया था। इसके बाद अक्टूबर-दिसंबर 2022 से इसे बढ़ाना शुरू किया है।

### 22 जनवरी 2015 को लॉन्च हुई थी एसएसवाई योजना

सुकन्या समृद्धि योजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के एक भाग के रूप में लॉन्च किया था। यह योजना बेटी की की शिक्षा और शादी के खर्चों को पूरा करने के लिए है।

# उग्रवादी संगठन एलएफए और केंद्र सरकार के बीच शांति समझौता

### 700 कैडरों ने भी किया समर्पण, 12 साल की बातचीत का नतीजा



नई दिल्ली। यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के वार्ता समर्थक गुट ने शुक्रवार (29 दिसंबर) को केंद्र और असम सरकारों के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता साइन किया। इस शांति समझौते में हिंसा छोड़ने और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने की बातें शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में यह समझौता हुआ।

यह शांति समझौता अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा गुट और सरकार के बीच 12 साल चली बिना शर्त बातचीत का समापन है। शांति समझौते के साथ उल्फा के 700 कैडरों ने भी समर्पण किया है।

उत्तर पूर्व में उल्फा का बीते कई सालों से आर्म्ड फोर्सेज के खिलाफ संघर्ष का इतिहास है।

इस शांति समझौते से असम में लंबे समय से चले आ रहे विद्रोह का अंत होने की उम्मीद है।

दरअसल, एलएफए के एक गुट के 20 नेता पिछले एक हफ्ते से दिल्ली में थे। भारत सरकार और असम सरकार के अधिकारी इन नेताओं को शांति समझौते के मसौदे पर साइन करने के लिए तैयार करने की कोशिश कर रहे थे।

एलएफए के जिस गुट ने शांति समझौते पर साइन किए हैं, उसका नेतृत्व अनूप चेतिया करते हैं। इस गुट ने साल 2011 के बाद से हथियार नहीं उठाए हैं।

### अमित शाह बोले- यह असम के भविष्य के लिए उज्जवल दिन

एलएफए के साथ शांति समझौता होने के बाद अमित शाह ने कहा- यह असम के भविष्य के लिए उज्जवल दिन है। कई दशकों से असम और उत्तर-पूर्व में हिंसा देखने को मिल रही है। केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद हम पूर्वोत्तर को हिंसा मुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले 5 साल में पूर्वोत्तर में 9 शांति समझौते हुए हैं। इसमें सीमा शांति और शांति समझौते शामिल हैं। असम के 85 प्रतिशत इलाकों से AFSPA हटा दिया गया है। कल एलएफए के साथ हुए समझौते से राज्य में हिंसा खत्म होगी। यह संगठन कई दशकों से हिंसा कर रहा था, जिससे करीब 10 हजार लोगों की मौत हुई है।

## कांग्रेस ने बिस्वा सरमा पर साधा निशाना

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के चार वर्णों को लेकर दिए बयान को मनुवादी मानसिकता करार देते हुए उनके बयान की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस नेता उदित राज ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सरमा का शूद्र का कर्म ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य की सेवा करना है वाला बयान भाजपा की सोच का प्रतीक है। भाजपा नहीं चाहती है कि पिछड़ा-दलित और शोषित वर्ग मजबूत हो और इस समाज के लोगों को उनका हक मिले। उन्होंने कहा कि श्री बिस्वा सरमा ने एक्स पर एक श्लोक पोस्ट किया है जिसमें वैश्य, शूद्र, ब्राह्मण और क्षत्रिय के गुणों वाले लोगों के कर्तव्यों बताते हुए कहा गया है कि शूद्र वर्ण के लोगों का काम तथाकथित ऊंची जाति के लोगों की सेवा करना है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह भाजपा की सोच वाला बयान है और इस बयान के मूल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। उनका कहना था कि मोदी ने 2007 में कर्मयोग नाम से एक किताब लिखी थी।

# देशभर में कोरोना के 797 नए केस, 5 लोगो की मौत

### 7 महीने बाद इतने मामले; एक्टिव केस 4 हजार के पार, जेएन.1 के कुल केस 145



एजेंसी

नई दिल्ली। देशभर में 24 घंटे में 797 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, 798 मरीज ठीक हुए और 5 की मौत हुई है। 7 महीने बाद कोरोना के इतने मामले दर्ज हुए हैं। इससे पहले 19 मई 2023 को 865 केस रिपोर्ट हुए थे।

देश में कुल एक्टिव केस की संख्या 4091 हो गई है। यानी इन मरीजों का फिलहाल इलाज चल रहा है। इनमें से केरल में सबसे ज्यादा 2522, कर्नाटक में 568 और महाराष्ट्र में 369 संक्रमित हैं।

वहीं, कोरोना के नए जेएन.1 वैरिएंट से संक्रमित मरीजों की संख्या 145 हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें से ज्यादातर मरीज होम आइसोलेशन में हैं और हॉस्पिटलाइजेशन रेट में बढ़ोतरी नहीं हुई है।

फरवरी 2020 में देश में पहला कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। तब से अब तक देश में 4.50 करोड़ लोग इस वायरस से संक्रमित हो चुके हैं। 4.44 करोड़ ठीक हुए हैं। जबकि 5.33 लाख की मौत हुई है।

### नए वैरिएंट को लेकर दिल्ली के अस्पताल में बेड रिजर्व्ड

कोरोना के नए वैरिएंट के बढ़ते मामलों को देखते हुए दिल्ली के अस्पतालों में बेड रिजर्व रखे जा रहे हैं। एम्स के बाद अब सफदरजंग अस्पताल ने भी गुरुवार (28 दिसंबर) को 50 बेड रिजर्व रखने का फैसला किया है। अस्पताल की तरफ से बताया गया कि 50 बेड के अलावा 9 आईसी बेड भी रिजर्व रखे गए हैं। साथ ही ऑक्सीजन, पीपीई किट और कोविड टेस्टिंग किट भी एक्सिस में मंगवा ली है। सीनियर पल्मोनोलॉजिस्ट और सफदरजंग अस्पताल के पूर्व एचओडी डॉ. नीरज गुप्ता ने कहा- जेएन.1 ओमिक्रोन का ही वैरिएंट है। यह बहुत हल्का वायरस है। किसी नॉर्मल वायरल इन्फेक्शन की तरह ही यह वायरस भी है। हमें नहीं लगता इस वैरिएंट की वजह से अस्पताल में मरीज बढ़ेंगे।

## प्रशांत कुमार बनाए गये यूपी के नए डीजीपी

एजेंसी

लखनऊ । (पीएमए) उत्तर प्रदेश शासन ने दिग्गज आईपीएस अधिकारी प्रशांत कुमार को डीजी बना दिया है। इसकी घोषणा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की है। आगामी 1 जनवरी 2024 से प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में डीजीपी के पद पर तैनात होंगे। इस बात का ऐलान कर दिया गया है। यह उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए एक बड़ी खबर है। प्रशांत कुमार ने अपने जीवन में काफी सारी उपलब्धियां हासिल की। उत्तर प्रदेश में क्राइम कंट्रोल करने के लिए इस समय वह लॉ एंड ऑर्डर की जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन 1 जनवरी 2024 से वह उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी बन जाएंगे।



प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उनका जन्म बिहार के सीवान में हुआ। वैसे तो प्रशांत कुमार को तमिलनाडु कैडर मिला था, लेकिन वर्ष 1994 में प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश आईपीएस कैडर में आ गए। तब से अब तक उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस में काफी अहम भूमिकाओं पर काम किया है।

उनके कार्यकाल में काफी कुख्यात अपराधियों और माफियाओं का अंत हुआ है। प्रशांत कुमार को उत्तर प्रदेश पुलिस में %सिंघम% नाम से भी जाना जाता है।

### प्रशांत कुमार को मिले 12 से ज्यादा मेडल

अपनी लंबी नौकरी के दौरान प्रशांत कुमार ने 12 से भी ज्यादा मेडल प्राप्त किए हैं। उनको बहादुर और उत्कर्ष कार्य के लिए 3 बार पुलिस मेडल में मिल चुका है। सिंघम को वर्ष 2020 और 2021 में वीरता पुरस्कार से भी नवाजा गया। उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस में नौकरी करते हुए माफियाओं को खत्म करने के लिए काफी सारे प्लान तैयार किया और वह पूरे भी हुए। इसलिए कहा जाता है कि प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की काफी करीबी आईपीएस अधिकारी हैं।

सड़क हादसा

### 2 घायल; शव उठाने के लिए पुलिस और स्थानीय लोगों में झड़प

# गोंडा में अनियंत्रित बस ने 5 लोगों को रौंदा, 3 लोगों की मौत

गोंडा। गोंडा में शुक्रवार की शाम भीषण हादसा हो गया। जहां अनियंत्रित बस बाइक सवार और पैदल जा रहे यात्री को रौंदते हुए एक घर में घुस गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई है। 2 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिन्हें इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। घटना करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के चकरौत बाजार के पास की है।

करनैलगंज से नवाबगंज के लिए जा रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस कोहरे की वजह से चकरौत बाजार के पास अनियंत्रित हो गई और 2 बाइक सवार समेत पैदल जा रहे एक यात्री को रौंदते हुए एक घर में घुस गई। जिससे 2 बाइक सवार और एक पैदल जा रहे यात्री की मौत हो गई है। जबकि सड़क के किनारे सब्जी बेच रहे 2 लोग गंभीर रूप से घायल हुए है। स्थानीय लोग पुलिस को शव ले जाने से मना कर रहे हैं। जिसको लेकर पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच झड़प भी हुई है।

### ग्रामीणों ने बस में तोड़फोड़ की

सड़क हादसे में पांडे चौराहा निवासी



दशरथ लाल शुक्ला (45) की मौत हो गई है। जबकि दोनों बाइक सवारों की अभी तक पुलिस शिनाख्त नहीं कर पाई है। बस हरकेश सिंह की दुकान और दिनेश दुबे बंगाल स्वीट्स को तोड़ते हुए उनके घर में जा घुसी। जिससे बृजेश और मोहित गुप्ता दोनों सगे भाइयों की हालत गंभीर है। जिन्हें इलाज के लिए गोंडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। भीड़ को हटाने के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस कर्मियों से हाथापाई भी हुई है। आक्रोशित भीड़ ने बस को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

### डीएम-एसपी ने जाना घायलों का हाल

हादसे की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल घायलों का हाल-चाल लेने जिला अस्पताल पहुंचे। जहां दोनों अधिकारियों ने घटना की जानकारी ली और घायलों के बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देश दिया।

### हादसे के बाद चालक फरार

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि 8ः00 बजे के करीब करनैलगंज कोतवाली पुलिस को एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। पुलिस राहत बचाव कार्य में जुटी है। बस बाइक सवार दो लोगों को रौंदते हुए एक घर में घुस गई। जिसकी चपेट में एक राहगीर आ गया था। तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां पर इलाज चल रहा है। बाइक सवार युवकों की अभी पहचान नहीं हुई है। एक व्यक्ति की पहचान स्थानीय के रूप में हुई है।

# नोएडा समेत पूरे उत्तर भारत में सर्दी और कोहरे का कहर

## मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है

नोएडा। (पीएमए) इन दिनों नोएडा समेत पूरे उत्तर भारत में सर्दी और कोहरे का कहर जारी है। हालत यह कि सुबह सात बजे से पहले और शाम को पांच के बाद सड़कों पर एक तरह से अघोषित कर्फ्यू सा नजारा देखने को मिलता है। मौसम विभाग ने भी नोएडा-दिल्ली समेत देश के उत्तरी राज्यों में अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाए रहने की संभावना व्यक्त कर रहा है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश में घने कोहरे के कारण पिछले 24 घंटों में हुए सड़क हादसों में 12 ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

### पहाड़ों से ज्यादा ठंडे ये शहर

प्रदेश के 51 जिलों में शुक्रवार को घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है। इसमें 21 जिलों में ऑरेंज, जबकि 30 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया। 7 शहरों का अधिकतम पारा मसूरी से भी कम रिकॉर्ड किया गया। इन शहरों में विजिबिलिटी कहीं जीरो तो कहीं 5-10 मीटर तक पहुंच गई। मसूरी में गुरुवार को दिन का यानी अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। फतेहपुर में 14.9 डिग्री, हमीरपुर में 14.2 डिग्री, मथुरा-वृंदावन में 14.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, लखनऊ में 15.2 डिग्री, अयोध्या में 15 डिग्री, हरदोई में 15 डिग्री, चित्रकूट में 15.3 डिग्री, बागपत में 15.4 डिग्री, बुलंदशहर में 15.3 डिग्री और हरदोई जिले में 15 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।

### इन जिलों में कोहरे का ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग के मुताबिक, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, एटा, कुशीनगर, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, शाहजहांपुर,



हरदोई, लखीमपुर-खीरी, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी, लखनऊ, बहराइच और अयोध्या में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### येलो अलर्ट वाले जिले

बागपत, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, महोबा, फतेहपुर, बांदा, रायबरेली, चित्रकूट, कौशांबी, अमेठी, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, गोंडा, श्रावस्ती और बलरामपुर में कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### कोल्ड वेव को रहें तैयार

मौसम विभाग के मुताबिक, नोएडा समेत देश के उत्तरी राज्यों में नए साल में 4 जनवरी को पहली शीतलहर आने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इसके बाद यहां के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है। अगले पांच दिनों के लिए नोएडा-दिल्ली का न्यूनतम तापमान सात से आठ डिग्री सेल्सियस रह सकता है। गुरुवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया था।

### कब होती है शीतलहर

मैदानी इलाकों में जब न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है, तो IMD शीतलहर की घोषणा करता है। शीतलहर की घोषणा तब भी की जाती है, जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो और सामान्य से 4.5 डिग्री कम हो। वहीं, गंभीर शीतलहर तब होती है, जब न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है या फिर तापमान सामान्य से 6.4 डिग्री सेल्सियस कम हो।

### 60 फ्लाइट डायवर्ट, ट्रेनें भी प्रभावित

कोहरे के कारण पिछले तीन दिनों में दिल्ली एयरपोर्ट से करीब 60 फ्लाइट्स को दूसरे शहरों के एयरपोर्ट्स पर डायवर्ट किया गया। 25 दिसंबर की रात 12 बजे से 28 दिसंबर की सुबह 6 बजे तक 58 फ्लाइट्स को डायवर्ट किया जा चुका है। देशभर में 271 फ्लाइट्स लेट हुईं और करीब डेढ़ दर्जन उड़ानों को कैंसिल करना पड़ा। अकेले दिल्ली में 100 फ्लाइट्स ने देरी से उड़ान भरी। वहीं, विजिबिलिटी घटने से रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। गुरुवार को दिल्ली की तरफ जाने वाली 22 ट्रेनें अपने तय समय से लेट चलीं। दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत ट्रेन 15 घंटे से ज्यादा देरी चल रही थी। इसके अलावा 80 से ज्यादा ट्रेनें 8 से 10 घंटे की देरी से चल रही हैं।

### 30 दिसंबर तक छाया रहेगा घना कोहरा


दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरी मध्य प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा, उत्तराखंड, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहेगा।

# एक साल में 39 गैंगस्टरों पर चला चाबुक, 81 करोड़ से अधिक की प्रॉपर्टी जब्त

ग्रेटर नोएडा। (पीएमए) गौतमबुद्ध नगर में वर्ष 2023 में 39 गैंगस्टरों और माफियाओं के ऊपर नोएडा पुलिस का चाबुक चला है। नोएडा पुलिस से मिली रिपोर्ट के मुतबिक 39 अपराधियों की 81,87,70,319 रुपए की प्रॉपर्टी जब्त की गई। यह रिपोर्ट नोएडा पुलिस कमिश्नरेट की तरफ से जारी हुई है।

### सुंदर भाटी और अनिल दुजाना जैसे अपराधियों पर चला चाबुक

इन 39 अपराधियों में कुख्यात बदमाश सुंदर भाटी, अनिल दुजाना, रणदीप भाटी और बाइक बोट घोटाले के मास्टरमाइंड संजय भाटी भी शामिल है। पुलिस आयुक्त विशेष न्यायालय के आदेश पर इन 39 अपराधियों की 81 करोड़ 87 लाख 70 हजार 319 रुपए की संपत्ति जप्त की गई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर उनकी मंशा के मुताबिक आगे भी अपराधियों के खिलाफ यह एक्शन जारी रहेगा।




### सबसे पहले गौतमबुद्ध नगर में लागू हुआ पुलिस कमिश्नर सिस्टम

करीब 40 साल की जद्दोजहद के बाद योगी आदित्यनाथ ने पुलिस आयुक्त व्यवस्था का उत्तर प्रदेश में सूत्रपात किया। इसकी शुरुआत गौतमबुद्ध नगर से की गई।

इस व्यवस्था में गौतमबुद्ध नगर पुलिस अपराध और अपराधियों को काबू करने में सफल रही है। कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने से पहले नोएडा-ग्रेटर नोएडा जैसे औद्योगिक शहरों में अपराधियों के हौसले बुलंद थे। अब नोएडा पुलिस ऐसे हालात पर अंकुश लगाने में कामयाब दिख रही है। इस बात की गवाही आंकड़े दे रहे हैं। गौतमबुद्ध नगर पुलिस की ओर से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले तीन सालों में हत्या, लूट, डकैती, गृहभेदन, वाहन चोरी, दहेज हत्या, छेड़खानी, बलात्कार, अपहरण और महिला उत्पीड़न जैसे तमाम अपराधों में कमी दर्ज की गई है।

### लेकिन ड्रग्स स्मगलिंग और शराब तस्करी में आया उछाल

गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले तीन वर्षों 2021, 2022 और 2023 में डकैती, लूट, हत्या, डकैती, गृहभेदन, वाहन चोरी, दहेज हत्या, छेड़खानी, बलात्कार, अपहरण, महिला उत्पीड़न जैसे मामलों में गिरावट आई है। वहीं, नारकोटिक्स, आबकारी, गुंडा और गैंगस्टर एक्ट के मामलों में तेजी से उछाल आया है।

इससे आप अंदाजा लगा सकते हैं कि शहर में ड्रग्स स्मगलिंग और शराब तस्करों के हौसले बुलंद हैं। इन आरोपियों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है, लेकिन अभी उसे कामयाबी नहीं मिली है।

### वर्ष 2023 में इस तरह हुआ पुलिस एक्शन

वर्ष 2023 में अपराधियों पर कार्रवाई की बात करें तो हत्या के 50 मामलों में से 36 पर गैंगस्टर और 40 पर गुंडा एक्ट के तहत करवाई की गयी है। लूट के 29 मामलों में 114 अपराधियों पर गैंगस्टर और 40 पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गयी है। गृह भेदन के 88 मामलों में 36 पर गैंगस्टर और 44 पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। साल 2023 में 80,06,300 रुपये की संपत्ति लूटी गई। जिसमें से 68,05,500 रुपये के माल की बरामदगी में कामयाबी मिली है। गृह भेदन के मामले में 68 लाख 18 हजार रुपयों में से 57 लाख 52,000 रुपए बरामद करके पीड़ितों को वापस किए गए हैं।

# मोदी ने विकास योजनाओं को घर-घर ले जाने का कार्य किया : ठाकुर

शिमला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर कहा ने कहा है कि यह पहली बार है जब किसी प्रधानमंत्री ने देश के अंतिम जन के घर के द्वार तक केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ले जाने का कार्य किया है।

ठाकुर ने शुक्रवार को राज्य में भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों में शामिल होते हुए कहा कि अभी तक विभिन्न राज्यों में लाखों लोगों को इस यात्रा के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल चुका है। इससे लगातार जागरूकता बढ़ रही है और लोगों को लाभ मिल रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस यात्रा से देश के कोने-कोने में लोगों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है। जो लोग वंचित रह गये थे वे सभी अपने फॉर्म भर रहे हैं जिससे उन्हें अनेक योजनाओं का लाभ मिल रहा है। श्री मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य देश के समक्ष रखा है, जिसमें हर भारतवासी पूरे मनोयोग से अपना योगदान सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा, हम 2047 से पहले भारत



को एक विकसित राष्ट्र बनायेंगे। मोदी जी की गारंटी की गाड़ी दो लाख 69 हजार पंचायतों में जाकर लोगों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी और लाभ सुनिश्चित कर रही हैं। यह यात्रा विश्वास और संकल्प कराएगी कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा। युवा, किसान, महिला, गरीब, उद्यमी, प्रत्येक वर्ग मिलकर विकसित भारत बनायेगा। ये नया भारत है जो न रुकेगा ना थमेगा। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जब भी हारती है तब बांटो और राज करो की रणनीति अपनाने की कोशिश करती है। कांग्रेस कभी जातीय जनगणना की बात करती है, कभी क्षेत्रवाद की बात करती है, मगर कभी भी विकास के मुद्दे पर नहीं बोलती। देश को आगे बढ़ाने वाली चर्चा से कांग्रेस सदैव दूर भागती है।

# डॉक्टरों की हड़ताल के बीच पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाओं का आश्वासन

चंडीगढ़। हरियाणा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को जनता को आश्वस्त किया है कि सरकारी डॉक्टरों द्वारा आहूत हड़ताल के बावजूद राज्य में सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों या अस्पतालों में आने वाले सभी मरीजों को पर्याप्त स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

हड़ताल के जवाब में, स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की सभी प्रकार की छुट्टियां रद्द कर दी हैं, निरंतर सेवायें सुनिश्चित करने के लिए लगभग 3,000 डॉक्टरों को जुटाया है।

मंत्री विज ने कहा कि जनता के लिये निरंतर सेवा सुनिश्चित करने के लिये, स्वास्थ्य विभाग ने सलाहकारों, वरिष्ठ सलाहकारों, एनएचएम डॉक्टरों, डीएनबी डॉक्टरों, मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा अधिकारियों और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों सहित लगभग 3,000 डॉक्टरों को जुटाया है।

विशेष रूप से, हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों ने 29 दिसंबर से अपनी मांगों का समाधान होने तक सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी स्वास्थ्य सेवाओं को ठप करते हुए हड़ताल का आह्वान किया है।

# देशवासियों को मिली दो अमृत भारत ट्रेन की सौगात

## 30 दिसम्बर को हरी झंडी दिखाकर पीएम मोदी करेंगे रवाना

नई दिल्ली। (पीएमए) पीएम मोदी शनिवार यानी 30 दिसंबर को अयोध्या के नए स्टेशन के उद्घाटन के साथ इन दो नई सेमी ट्रेनों के साथ 6 और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधाननंत्री नरेंद्र मोदी वंदे भारत ट्रेन के बाद देशवासियों को अमृत भारत ट्रेन की सौगात देने वाले हैं। ये ट्रेन दरभंगा-अयोध्या धाम जं.-आनंद विहार टर्मिनल और मालदा टाउन - सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) के बीच चलेगी। पीएम मोदी शनिवार यानी 30 दिसंबर को अयोध्या के नए स्टेशन के उद्घाटन के साथ इन दो नई सेमी ट्रेनों के साथ 6 और वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

### अच्छी स्पीड और उच्च श्रेणी की सुविधाओं से लैस

इंडियन रेलवे ने इसके बाबत अपनी तैयारियां पूरी कर ली है। यह देश में रेल यात्रा को आधुनिक बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। ये ट्रेनें यात्रियों को अच्छी स्पीड और उच्च श्रेणी की सुविधाओं का एक शानदार अनुभव कराएंगी। पहले फेज में दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जा रही है। जिनमें अयोध्या धाम जं से दरभंगा और मालदा टाउन से बेंगलुरू हैं।

### समय में होगा बचत

अमृत भारत ट्रेन में यात्रियों को लगभग वंदे भारत ट्रेन जैसी ही सुविधाएं मिलने वाली है। इस ट्रेन में स्टेशनों पर लोकोमोटिव को बदलने की जरुरत को समाप्त करने के लिए आगे और पीछे के छोर पर दो वैप -5 लोकोमोटिव का इस्तेमाल किया गया है जिससे यात्रा का समय काफी कम हो जाता है।

### मेक इन इंडिया के तहत किया गया विकसित

बड़े शहरों को छोटे शहरों से कनेक्ट करने की मांग को पूरा करने के लिए ट्रेनों को दिन-रात एक्सप्रेस सेवा के रूप में चलाने की रणनीति बनाई गई है। इस ट्रेन को मेक इन इंडिया के तरह विकसित किया गया है। इसके दोनों छोर पर लगे पुश-पुल लोकोमोटिव का निर्माण चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स में किया जा रहा है।

# पटनायक ने ग्रामीण अंचल में छूटे हुए परिवारों के लिए जारी किए 'बीएसकेवाई नबीन कार्ड'

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को राज्य के ग्रामीण आंचल में बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना (बीएसकेवाई) के तहत छूटे हुए परिवारों के लिए शुक्रवार को नबीन कार्ड जारी किये।

बीएसकेवाई के तीसरे चरण में आज बीएसकेवाई नबीन कार्ड लॉन्च करते हुए श्री पटनायक ने कहा कि ओडिशा के ग्रामीण इलाकों के सभी छूटे हुए परिवारों को गंभीर बीमारियों के लिए निजी अस्पतालों में कैशलेस स्वास्थ्य देखभाल का आश्वासन दिया जाएगा।

नियमित सरकारी कर्मचारियों और आयकर दाताओं को छोड़कर राज्य के सभी ग्रामीण परिवार, जो वर्तमान में बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना के अंतर्गत नहीं आते हैं, अब 'बीएसकेवाई नबीन कार्ड' प्राप्त करने के पात्र होंगे।

पटनायक ने कहा, इससे उन्हें चिह्नित गंभीर बीमारियों के लिए राज्य के अंदर और बाहर सूचीबद्ध निजी अस्पतालों



में प्रति वर्ष पांच लाख रुपये (परिवार की महिला सदस्यों के लिए 10 लाख तक) की कैशलेस उपचार का अधिकार मिलेगा।

उन्होंने आगे कहा कि बीएसकेवाई नबीन कार्ड यह सुनिश्चित करेगा कि ओडिशा में कोई भी परिवार गंभीर बीमारियों के लिए उच्च व्यय को पूरा करने के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी के कारण असुरक्षित न रहे, इस प्रकार राज्य के लोगों के लिए सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का वादा पूरा होगा।

विस्तार के इस तीसरे चरण के साथ, यह अनुमान लगाया गया है कि राज्य की लगभग 90 प्रतिशत आबादी को कवर करने वाले 1.10 करोड़ से अधिक परिवारों को बीएसकेवाई के तहत स्वास्थ्य आश्वासन प्रदान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'स्वस्थ ओडिशा, सुखी ओडिशा' की भावना राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में सभी योजनाओं के पीछे प्रेरक शक्ति रही है।

पटनायक ने कहा, ओडिशा के लोगों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना मेरा सपना रहा है, जहां स्वास्थ्य सेवा सभी के लिए सुलभ और सस्ती है।

बीजू स्वास्थ्य कल्याण योजना पांच साल पहले ओडिशा के लोगों को स्वास्थ्य आश्वासन प्रदान करने में क्रांति लाने के लिए शुरू की गई थी।

बीएसकेवाई के पहले चरण में, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में सभी सेवाएं सभी व्यक्तियों के लिए मुफ्त कर दी गईं, चाहे उनकी आय या निवास कुछ भी हो।

### सेना के जवानों ने टरबाइन काटते हुए पांच युवक रंगे हाथ पकड़े

पिथौरागढ़/नैनीताल। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला में सेना परिसर से गैस कटर से टरबाइन काट कर ले जाने के आरोपी पांच युवकों को सेना के जवानों ने रंगे हाथ पकड़ करके उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पिथौरागढ़ पुलिस के अनुसार 27 दिसंबर की रात को पांच युवक कुमाऊं स्काउट परिसर में घुस गये और बंद पड़ी टरबाइन को गैस कटर से काटने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान सेना के जवानों को इसकी भनक लग गयी। सेना के जवानों ने मौके से पांच युवकों को रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपियों के पास से गैस कटर, आक्सीजन सिलेंडर, गैस सिलेंडर के अलावा अन्य सामान बरामद किया गया। इसके बाद सेना ने आरोपियों को धारचूला पुलिस को सौंप दिया। आरोपियों में इरशाद अली, राजेश मंडल निवासीगण संजय नगर, रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर, हर्ष बोनाल निवासी ग्राम गोठी, धारचूला, पिथौरागढ़, अकुंश ग्वाल निवासी घटधार, धारचूला और पकंज सिंह निवासी अनवार चौक, धारचूला शामिल हैं।

# त्रिपुरा में 10 वर्षीय बच्चे की मेडिकल लापरवाही से मौत

अगरतला। त्रिपुरा सरकार ने गुरुवार को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कथित रूप से मेडिकल लापरवाही के कारण एक नाबालिग की मौत की जांच के आदेश दिये हैं।

सामान्य हालात बनाये रखने के लिये हालांकि अस्पताल में पुलिस और त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) के जवानों की एक बड़ी टुकड़ी तैनात की गयी है।

रिपोर्ट के अनुसार, अगरतला के पास मोहनपुर के खायेरपुर निवासी 10 वर्षीय आयुष मालाकार को मूत्र नली में समस्या थी। परिवार ने शहर के सर्जन डॉ प्रीतम दास के निजी क्लीनिक में उसे दिखाया और उपचार का आग्रह किया।

डॉ दास ने पिछले सप्ताह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आयुष का ऑपरेशन निर्धारित किया था, लेकिन कथित रूप से इसके लिये एक लाख रुपये की मांग की और परिवार का दावा है कि उन्होंने डॉक्टर को केवल 10 हजार रुपये दिया, जिसके कारण निर्धारित तारीख पर उसकी सर्जरी नहीं हुयी और इसे 28 दिसंबर के लिए पुनर्निर्धारित किया गया।

तदनुसार, आयुष को 27 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती कराया गया और कथित रूप उन्हें डॉ दास के क्लिनिक से सर्जरी के लिये दवायें और अन्य सहायक सामाग्री खरीदनी पड़ी। अगले दिन ऑपरेशन के दौरान आयुष को ऑपरेशन टेबल पर मृत घोषित कर दिया गया और आरोपी डॉक्टर मरीज के परिजनों से मिले बिना फरार हो गया।

मृतक के पिता अपूर्व मालाकार ने आरोप लगाते हुये कहा, लगभग 30 मिनट के बाद जब हम डॉक्टर से मिलने के लिये ऑपरेशन थिएटर के बाहर इंतजार कर रहे थे, तो एक अटेंडेंट ने बाहर आकर हमें सूचित किया कि आयुष की ऑपरेशन टेबल पर ही मौत हो गयी।

## शार्ट न्यूज

### मीरवाइज को जामिया मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करने से रोका

श्रीनगर। हुर्रियत अध्यक्ष एवं घाटी के प्रमुख मौलवी मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें फिर से श्रीनगर की जामिया मस्जिद में जुमे की सामूहिक नमाज अदा करने की अनुमति नहीं दी गई और घर में उन्हें नजरबंद कर दिया गया। मीरवाइज ने यहां एक बयान में उन्हें यहां जामिया मस्जिद में तकरीर करने और विशेष रूप से जुमे की नमाज अदा करने से रोके जाने, बार-बार घर में नजरबंद करने की कड़ी निंदा की। उन्होंने उल्लेख किया कि अगस्त 2019 से लगातार चार साल की नजरबंदी से रिहाई के बाद उन्हें केवल तीन बार जुमे की नमाज अदा करने के लिए जामिया मस्जिद जाने की अनुमति दी गई थी। हुर्रियत अध्यक्ष ने कहा, तब से हर शुक्रवार को अधिकारियों द्वारा बिना कोई कारण बताए उन्हें घर में नजरबंद कर दिया जाता है। जामिया मस्जिद को 13 अक्टूबर से लगातार दस शुक्रवार तक लोगों के लिए बंद कर दिया गया था, और पिछले सप्ताह (22 दिसंबर) से ही लोगों को वहां जुमे की नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। मीरवाइन ने कहा हालाँकि, मुझ पर प्रतिबंध कब तक जारी रहेगा, यह कोई नहीं जानता।

### भाजपा की डबल इंजन सरकार से जनता को मिलेगा डबल फायदा : जोशी

जयपुर। राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी ने कहा है कि अब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रदेश का दुगना विकास होगा और जनता को भी दुगना फायदा मिलेगा। जोशी शुक्रवार को अपने लोकसभा क्षेत्र चित्तौडगढ़ में भदेसर, चांदोली (छोटी सादड़ी) और बोरखेड़ा (बड़ी सादड़ी) में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लाभार्थियों से संवाद कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला कि स्थापना के उपलक्ष्य में आयोजित 24 कुंडीय हवन कार्यक्रम में आहूति देकर प्रदेश की खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में जो विकास के नए आयाम स्थापित किए है उनका प्रतिबिम्ब विकसित भारत संकल्प यात्रा में दिखाई देता है। केन्द्र की लोककल्याणकारी मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से मोदी गारंटी वाली गाड़ी पूरे देश की ग्राम पंचायत में पहुंच रही है और हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति इन योजनाओं के लाभ से वंचित ना रह जाए।

### मुख्यमंत्री का महिला लाभार्थियों ने जताया आभार

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का सरकारी योजनाओं की महिला लाभार्थियों ने 450 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने की घोषणा पर आभार जताया हैं। शर्मा से ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर शुक्रवार को रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना की लाभार्थी महिलाएं मिलने पहुंचीं। महिला लाभार्थियों ने 450 रूपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। शर्मा ने सभी महिला लाभार्थी से संवाद कर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवारों की महिलाओं को नये साल की पहली तारीख से रसोई गैस सिलेंडर 450 रूपये में मिल सकेगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश के गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से निजात मिलेगी एवं उनके परिवार को आर्थिक सम्बल भी मिलेगा। इस दौरान महिला लाभार्थी चूरू निवासी सरला कंवर ने कहा कि उनका कोई भाई नहीं है तो अब मुख्यमंत्री ही उनके भाई हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने सरला कंवर से रक्षा सूत्र बंधवाकर अभिवादन स्वीकार किया।

### शूटर रोहित की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

जयपुर। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड के शूटर रोहित सिंह राठौड़ की जयपुर में अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चला दिया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (क्राइम एंड एजीटीएफ) दिनेश एमएन ने बताया कि बदमाश रोहित के जयपुर के खातीपुरा इलाके में सुंदरवन कॉलोनी में किया गया अवैध निर्माण को गुरुवार को ग्रेटर नगर निगम द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। शूटर रोहित का खातीपुरा इलाके में अवैध कब्जा होने की सूचना मिलने पर इस बारे में संबंधित नगर निगम को अवगत कराया गया और गुरुवार को पुलिस दल की मौजूदगी में ग्रेटर नगर निगम द्वारा खातीपुरा के सुंदर नगर में इस अवैध निर्माण को तोड़ा गया। उल्लेखनीय है कि गत दिसंबर को जयपुर के श्याम नगर इलाके में श्री गोगामेडी की उनके घर में बातचीत के बहाने घुसे दो हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां चलाकर हत्या कर दी थी। हत्याकांड के शूटरों की पहचान रोहित सिंह राठौड़ निवासी गांव जूसरी थाना मकराना हाल जसवंत नगर जयपुर एवं नितिन फौजी निवासी थाना सदर महेंद्रगढ़ हरियाणा के रूप में हुई और इन दोनों बदमाशों को गठित एसआईटी द्वारा दिल्ली पुलिस के सहयोग से दस दिसंबर को चंडीगढ़ से दस्तयाब किया गया।

### तोमर ने योगी आदित्यनाथ से की भेंट

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज लखनऊ प्रवास के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ से सौजन्य भेंट की। योगी ने तोमर को विधानसभा के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर बधाई दी। विधानसभा की ओर से आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री तोमर ने मुख्यमंत्री योगी को मध्यप्रदेश के एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत निर्मित उत्पाद भी भेंट किए। तोमर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला के मंदिर निर्माण पूर्ण होने एवं 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किए जाने की बधाई दी। प्रवास के दौरान तोमर ने उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना से भी सौजन्य भेंट की एवं उत्तर प्रदेश विधानसभा का अवलोकन किया। तोमर का महाना द्वारा सम्मान किया गया एवं उत्तर प्रदेश विधान सभा सदस्यों के लिए लागू की गई ई-विधान परियोजना तथा तकनीक का उपयोग कर किये गए कार्यों के संबंध में चर्चा कर जानकारी से अवगत कराया गया।

### मोहन यादव ने अमित शाह से दिल्ली में की भेंट

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से उनके निवास पर भेंट कर आगामी एक जनवरी 2024 को प्रदेश में साइबर तहसील व्यवस्था लोकर्पित करने का अनुरोध किया। आधिकारिक जानकारी अनुसार डॉ यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रदेश की जनता को दी गयी संकल्प-पत्र 23 की गारंटियों की पूर्ति के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने एक जनवरी 2024 से पूरे प्रदेश में साइबर तहसील की अवधारणा लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि साइबर तहसील व्यवस्था में आधुनिक तकनीक के उपयोग के बिना पृथक से आवेदन दिए पारदर्शी तरीके से रजिस्ट्री के 15 दिन की समय-सीमा में क्रेता के पक्ष में नामांतरण किया जा सकेगा और खसरा-नक्शा में भी तत्काल सुधार किया जा सकेगा। प्रथम चरण में इस प्रक्रिया को केवल ऐसे अविवादित प्रकरणों में लागू किया जा रहा है, जहां विक्रय पूरे खसरे का है। बाद में इसे सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण और बंटवारे में लागू किया जाएगा।

### 29 सड़कों के निर्माण के लिए 1100 करोड़ आवंटित

नयी दिल्ली। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में यातायात को सुगम बनाने के लिए वहां सड़कों का जाल बिछाने की सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य के लिए 29 सड़क परियोजनाओं के निर्माण के लिए धनराशि आवंटित कर दी है। गडकरी ने कहा कि लद्दाख में राज्य राजमार्ग, प्रमुख और अन्य जिला सड़कों सहित 29 सड़क परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा और इसके लिए 1170.16 करोड़ रुपए आवंटित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ी राज्य में सड़कों को जोड़ने के लिए पुलों के निर्माण को भी महत्व दिया गया है और इसके तहत वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सीआरआईएफ योजना के अंतर्गत औइ पुलों का निर्माण भी किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### मेवाड़ में 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम' विषय पर कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद।** 'कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकथाम' अभियान के तहत मेवाड इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट के डीएलएड विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने संयुक्त रूप से पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। सप्ताह भर चले कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने यौन उत्पीड़न की रोकथाम से संबंधित अनेक स्लोगन सहित कई पोस्टर तैयार किये। भारत सरकार के निर्देश पर चलाये गये साप्ताहिक अभियान का संस्थान की प्राचार्या डॉ. अलका अग्रवाल ने मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए इस विषय के प्रति जन जागरूकता का संकल्प दिलाया। डीएलएड विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने विद्यार्थियों को जागरूक किया और बताया कि यौन उत्पवीड़न जैसे मामलों के प्रति अब सर्वोच्च न्यायालय ने गंभीरता बरतते हुए कानूनी प्रावधानों को और अधिक सख्त कर दिया है। साथ ही कड़ी सजा देने का निर्णय भी लिया है। इस अवसर पर छात्रों एवं अध्यापकों के सहयोग से तैयार किए गए पोस्टरों के साथ संस्थान परिसर में एक रैली भी निकाली गई।

### किसान गांवों में जाकर निकाल रहे कैंडल मार्च

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण पर दो जनवरी को तालाबंदी की जाएगी। इसके लिए गांव गांव जाकर किसान जन जागरण अभियान चला रहे है। साथ ही कैंडल मार्च करके प्राधिकरण को सचेत कर रहे है हम आपसे वार्ता नहीं करेंगे। हमारी मांग शासन से और शासन ही इसका निपटारा करे। इसको लेकर आज 19वें दिन भी किसानों का धरना जारी रहा। भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखलीर ख़लीफ़ा ने कहा कि ये अंतिम बार है। अबकी बार आश्वासन नहीं चलेगा हमे 10 प्रतिशत विकसित भूमि चाहिए। हमारी मांग पूरी करो हम धरना समाप्त कर देंगे। दो जनवरी तक किसान रोजाना शाम को कैंडल जलाकर अलग-अलग गांव में जन जागरण कर रहे है। जिस गांव में जा रहे वहां शपथ ले रहे है मांगे पूरी नहीं होने पर प्राधिकरण की तालाबंदी की जाएगी। शुक्रवार को भी तमाम गांव के किसान नोएडा प्राधिकरण पहुंचे। यहां लगातार धरना जारी है। अब यहां रात में भी धरना होगा। इसके लिए पूरी व्यवस्था कर दी गई है। अलाव से लेकर गर्म कंबल और भोजन भी यही बनेगा। किसानों का साफ कहना है कि ये आर पार की लड़ाई है। अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे किसानों ने सीईओ से वार्ता का प्रस्ताव ठुकरा दिया। किसानों का नोएडा प्राधिकरण के खिलाफ 11 दिसंबर और एनटीपीसी पर 18 दिसंबर से किसानों का अनिश्चित कालीन धरना चल रहा है।

### महिला ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

नोएडा। नोएडा के चौड़ा गांव में रहने वाली एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। महिला ने करीब एक माह पहले लव मैरिज की थी। पुलिस को मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 24 प्रभारी विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि चौड़ा गांव में मनोज के मकान में किराए पर रहने वाली आसना तिवारी नाम की महिला अपने कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आसन तिवारी मूल रूप से मुजफ्फरपुर बिहार की रहने वाली थी और उसने बीते 28 नवंबर को बरेली निवासी अमन से लव मैरिज की थी। इसके बाद दोनों चौड़ा गांव में किराए पर रहने लगे थे। छोटी-छोटी बातों को लेकर पति-पत्नी के बीच मामूली विवाद का मामला भी सामने आया है। प्रारंभिक पूछताछ में अमन ने बताया कि वह आज सुबह कुछ सामान लेने के लिए बाहर गया था कुछ देर बाद जब वह वापस घर लौटा तो उसे आसना फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली।

### 25 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में घायल

गौतम बुद्ध नगर। सेंट्रल नोएडा में बिसरख थाना पुलिस की स्कूटी सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपए का एक इनामी बदमाश दोनों पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। दरअसल बिसरख थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक इनामी बदमाश अपने साथियों के साथ में थाना क्षेत्र में लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए आ रहा है। इसी सूचना पर थाना बिसरख पुलिस द्वारा एसीई सिटी गोलचक्कर पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक स्कूटी दिखाई दी। जिस पर तीन व्यक्ति सवार थे, जो सूरजपुर की ओर से आ रहे थे। उन्हें रुकने का इशारा किया गया, जो नहीं रुके और तेज गति से भागने लगे। बदमाश होने के शक पर पीछा किया गया तो मोरफेस सोसायटी की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। तेज गति के कारण स्कूटी फिसलकर गिर गई। स्कूटी चला रहा युवक व पीछे बैठा युवक मौके का फायदा उठाकर भाग गए। जबकि उनके पीछे बैठे तीसरे युवक द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के दोनों पैरों में गोली लग गई।

### गाजियाबाद में 2 महिलाएं कोविड संक्रमित मिली

गाजियाबाद। गाजियाबाद में शुक्रवार को दो महिलाएं कोविड पॉजिटिव मिली हैं। एक महिला की उम्र 67 साल और दूसरी महिला की 35 साल है। एक महिला को सर्जरी से पहले हुई जांच के दौरान कोविड पॉजिटिव का पता चला। जबकि दूसरी महिला को बुखार और गले में दर्द होने पर जांच कराई गई। गाजियाबाद में जिला सर्विलांस ऑफिसर डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया कि दोनों महिलाएं वैशाली की रहने वाली हैं। हालांकि दोनों आपस में किसी तरह की कोई रिलेशन नहीं मिला है। दोनों महिलाएं हाउस वाइफ हैं। एक 67 साल की बुजुर्ग महिला की सर्जरी होनी थी। उससे पहले जब जांच की गई तब कोविड पॉजिटिव पाया गया। 33 साल की महिला को बुखार और गले में दर्द था। उनकी भी शक के आधार पर जांच हुई तो कोविड पॉजिटिव पाया गया। डॉक्टर आर के गुप्ता ने बताया कि इन दो महिलाओं के अलावा आपसे पहले तीन कोविड पॉजिटिव मरीज गाजियाबाद में मिले थे। तीनों का क्वारंटाइन टाइम पीरियड अब खत्म हो चुका है। डॉक्टर आरके गुप्ता के मुताबिक शुक्रवार को 48 लोगों की कोविड जांच की गई।

### मेवाती गिरोह के 7 बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने दो पहिया वाहनों की चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। साथ ही मेवाती गैंग के 7 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी गाजियाबाद के थाना नंदग्राम क्षेत्र से हुई है। इनके कब्जे से पुलिस ने 16 मोटरसाइकिल, चार स्कूटी और फर्जी नंबर प्लेट बरामद किया है। एडीसीपी क्राइम सचिनानंद राय ने बताया की इस गैंग के लीडर अंसार ने पूछताछ में बताया है कि वह 2011 से दो पहिया वाहन चोरी का काम कर रहा है। इनका गिरोह उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान में इन वारदातों को अंजाम देता है ।पूछताछ में पता चला है कि ये गैंग अब तक 200 से अधिक दो पहिया वाहन चोरी कर चुका है। दिल्ली एनसीआर रीजन से वाहन को चोरी करके आरोपी मेवात में ले जाकर हेमू और अफजल की मदद से बेच देते हैं। पूछताछ में सामने आया कि कुछ दिनों से राजस्थान पुलिस इनके ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही थी। जिससे डर कर इन्होंने वहां छुपाई अपने सारे वाहन अफजल की मदद से गाजियाबाद में छिपा के रखे थे।

# गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब-दिल्ली की झांकी रद्द होने पर भड़की 'आप'

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर इस बार दिल्ली की झांकी दिखाई नहीं देगी। केंद्र सरकार ने दिल्ली के प्रस्ताव को नामंजूर कर दिया है। इस पर आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार से नाराजगी जाहिर की है। आप ने मोदी सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। पार्टी का आरोप है कि मोदी सरकार भाजपा शासित राज्यों को लगातार मौका दे रही है, जबकि दिल्ली सरकार को अपना मॉडल देश के सामने रखने का अवसर नहीं दिया।



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली की गणतंत्र दिवस की झांकी को केंद्र सरकार तीन साल से रद्द करती आ रही है। 2022 में थीम रिजॉल्व 75 थी, जिसमें दूसरे दौर की बैठकों में हमारे डिजाइन को रद्द कर दिया गया था। 2023 में थीम नारी शक्ति थी, हमारे डिजाइन को फिर से रद्द कर दिया गया और 2024 में थीम विकसित भारत है और हमारी झांकी को फिर से रद्द कर दिया गया। हम दिल्ली सरकार के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को झांकी के माध्यम से दिखाना चाहते थे। यहां तक कि आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंजाब सरकार की झांकी को भी रद्द कर दिया गया है। केंद्र सरकार आप सरकार से केवल बदला लेने की कोशिश कर रही है।

उधर, आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने बृहस्पतिवार मीडिया से कहा कि दिल्ली सरकार अपना शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल झांकी के माध्यम से दिखाना चाहती थी, पूरे देश को यह भी बताना था कि दिल्ली में महंगाई सबसे कम और प्रति व्यक्ति आय सबसे ज्यादा है, बिजली-पानी सस्ता है, फ्लाईओवर अनुमानित लागत से कम में बन रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में जी-20 समापन बैठक आयोजित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय कल्चर काउंसिल द्वारा आयोजित जी-20 की समापन बैठक का आयोजन विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज स्थित काउंसिल हॉल में बुधवार, 27 दिसंबर को हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि भारत जब भी ताकतवर बना है तो विश्व कल्याण की भावना से बना है। कुलपति ने कहा कि जी-20 के माध्यम से भारत ने अपनी वसुधैव कुटुंबकम की भावना को दुनिया के सामने रखा है। इस अवसर पर कुलपति द्वारा कल्चर काउंसिल के सूचना बुलेटिन का विमोचन भी किया गया।

कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक खासियत है कि वह सरकारी कार्यक्रम को सरकार से हट कर आम आदमी का कार्यक्रम बना देते हैं। जी-20 को भी उन्होंने जन भागीदारी का कार्यक्रम बना दिया। गाँव देहात तक के लोगों ने किसी न किसी रूप में इससे जुड़ने का प्रयास किया। दिल्ली विश्वविद्यालय ने भी इसमें अपनी भागीदारी निभाई और जी-20 में भारत की अध्यक्षता का जश्न मनाते हुए 28 अगस्त से 29 नवम्बर तक सांस्कृतिक-सह-शैक्षणिक गतिविधियों (कल्चरल कम एकेडमिक एक्टिविटीस) की लंबी श्रृंखला का आयोजन किया।

## नए साल के जश्न को लेकर अलर्ट मोड में पुलिस

**एजेंसी**

नोएडा। नए साल की पूर्व संध्या और नए साल की आगमन पर आयोजित होने वाले जश्न और समारोह के लिए कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। इन तैयारी का जायजा लेने के लिए पुलिस कमिश्नर गौतम बुद्ध नगर लक्ष्मी सिंह ने गुरुवार रात को नोएडा के सेक्टर 18 सहित बाजारों, मॉल, होटल और क्लब का दौरा किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सड़कों पर जाम न लगे इसके लिए ट्रैफिक पुलिस एडवाइजरी जारी की है। आबकारी विभाग 7 टीमें बना कर बार, रेस्टोरेंट पर नजर रखेगा। नोएडा में सबसे ज्यादा नव वर्ष का जश्न सेक्टर 18 में मनाया जाता है। यहां डीएलएफ, जीआईपी मॉल और गार्डन गैल रिया में करीब डेढ़ लाख के लोगों के इक्का होने का अनुमान है। इसी को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। इनका जायजा स्वयं पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। भीड़ भाड़ वाले सभी स्थानों पर हैल्प डेस्क लगाया जाएगा।

# राघव चड्ढा नहीं बनेंगे उच्च सदन में अंतरिम नेता

## सभापति जगदीप धनखड़ ने केजरीवाल के अनुरोध को ठुकराया

नई दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राघव चड्ढा को उच्च सदन में पार्टी का अंतरिम नेता नियुक्त करने का आप का अनुरोध ठुकरा दिया है। वहीं, आम आदमी पार्टी के सूत्रों का कहना है कि राज्यसभा के अधिकारियों ने चड्ढा को अंतरिम नेता के रूप में नामित करने के लिए सभापति को भेजे गए पत्र में कुछ सुधार का सुझाव दिया है। इस उस पर ध्यान दिया जाएगा।

संसद के सूत्रों के मुताबिक, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में



धनखड़ ने कहा, यह पहलू संसद में मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेता और मुख्य सचेतक (सुविधाएं) अधिनियम 1998 और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन है। लागू कानूनी व्यवस्था के अनुरूप नहीं होने के कारण अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जा रहा है।

अरविंद केजरीवाल ने धनखड़ को चड्ढा को राज्यसभा में आप का अंतरिम नेता नियुक्त करने की सिफारिश की थी, क्योंकि फ्लोर लीडर संजय सिंह न्यायिक हिरासत में थे और संसद सत्र में भाग लेने में असमर्थ थे। धनखड़ ने नियमों का हवाला देते हुए केजरीवाल के अनुरोध को ठुकरा दिया। वहीं, संजय सिंह राज्यसभा में आप के नेता बने रहेंगे। हालांकि राज्यसभा सदस्य के रूप में सिंह का कार्यकाल 27 जनवरी को समाप्त हो रहा है। संसद में मान्यता प्राप्त दलों और समूहों के नेता और मुख्य सचेतक (सुविधाएं) अधिनियम के तहत, जिसका उल्लेख धनखड़ ने केजरीवाल को लिखे अपने पत्र में किया है उसका कोई प्रावधान नहीं है।

14 दिसंबर को धनखड़ को लिखे पत्र में केजरीवाल ने लिखा था, %मैं राज्यसभा में अंतरिम पार्टी नेता के रूप में राघव चड्ढा का नाम प्रस्तावित करना चाहूंगा, जब तक कि आगे बदलाव आवश्यक न समझे जाएं। हम अनुरोध करते हैं कि इस बदलाव की अनुमति दी जाए।

# इंस्टाग्राम पर लड़की से बातचीत को लेकर विवाद में हुई युवक की हत्या

## पुलिस ने मुख्य आरोपी और उसके दो दोस्तों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। गोकलपुरी इलाके में इंस्टाग्राम पर लड़की से बातचीत को लेकर हुए विवाद में माहिर उर्फ इमरान की हत्या की गई थी। पुलिस ने मृतक के फोन कॉल डिटेल और सीसीटीवी कैमरे की मदद से वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। लड़की की मुख्य आरोपी अरमान से पहले इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी, बाद में वह माहिर से बात करने लगी। इसकी वजह से आरोपी ने लड़की से उसका मोबाइल छीन लिया था।




पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 दिसंबर को मुख्य आरोपी ने साजिश के तहत माहिर को फोन लेने के लिए भागीरथी विहार में बुलाया और दो दोस्तों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी।

अरमान गली नंबर दस भागीरथी विहार में अपने पिता के साथ जनरल स्टोर चलाता था। उसका दोस्त फैजल एलसीडी टीवी की मरम्मत करने वाले दुकान में काम करता था। वहीं तीसरा आरोपी समीर स्क्रैप डीलर की दुकान में काम करता था। तीनों आरोपी दोस्त हैं और भागीरथी विहार के अलग-अलग गली में रहते हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और उनके कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 27 दिसंबर की रात नौ बजे पुलिस को गोकलपुरी के भागीरथी विहार गली नंबर 11 में एक युवक की चाकू मारकर हत्या किए जाने की जानकारी मिली।

युवक पर 50 से अधिक चाकू के वार किए गए थे और उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मृतक की शिनाख्त गली नंबर दो विजय विहार, लोनी गाजियाबाद, यूपी निवासी माहिर उर्फ इमरान के रूप में हुई। गोकलपुरी थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। जांच में पता चला कि माहिर पहाड़गंज में एक फ्लेक्स बोर्ड बनाने की दुकान में काम करता था। पुलिस इस बात की जांच में जुट गई कि माहिर गोकलपुरी क्यों आया था और उसकी हत्या किसने की। पुलिस ने चार टीमें गठित कर जांच शुरू की।

### कॉल डिटेल से हुआ खुलासा

सीसीटीवी की जांच के दौरान पुलिस ने देखा कि माहिर गली नंबर 11 में तीन युवकों से मिलता है। कुछ देर इनके बीच बातचीत होती है और फिर तीनों उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने लगते हैं।

माहिर वहां से भागने की कोशिश करता है, लेकिन हमलावर उसका पीछा कर उस पर 50 से अधिक चाकू से वार कर उसकी हत्या कर देते हैं। माहिर के कॉल डिटेल की जांच करने पर पता चला कि वह लगातार अरमान से बात कर रहा था। सीसीटीवी कैमरे में भी एक हमलावर की पहचान अरमान के रूप में हुई। उसके बाद पुलिस ने अरमान को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी फैजल और समीर को गिरफ्तार कर लिया।

### लड़की से बातचीत को लेकर था विवाद

पूछताछ के बाद पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाली एक लड़की अरमान और माहिर की फ्रेंड थी। पहले अरमान की इंस्टाग्राम के जरिए उस लड़की से दोस्ती हुई थी, बाद में उसकी माहिर से दोस्ती हो गई। एक दिन माहिर लड़की के घर गया, जहां उसने उसे अरमान से वीडियो कॉल पर बातचीत करते देखा। माहिर ने अरमान को गाली दी।

उसके बाद वह लगातार अरमान को फोन कर लड़की से बातचीत करने से मना करता रहा। इससे परेशान होकर अरमान ने लड़की का आईफोन छीन लिया।

# दिल्ली में हिंसा या मॉब लिंचिंग में मरने वालों को मिलेगा मुआवजा

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पीड़ित मुआवजा 2018 योजना में संशोधन को अनुमति दे दी है। राज निवास के अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि भीड़ हिंसा और पीट-पीटकर हत्या के पीड़ितों को अनुग्रह राशि का भुगतान करने में सक्षम बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में राज्य सरकारों को एक महीने के भीतर ऐसी योजना तैयार करने का निर्देश दिया था, लेकिन दिल्ली सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करने में पांच साल लग गए। योजना में बदलाव के अनुसार, पीड़ित की परिभाषा में संशोधन करके उस व्यक्ति के अभिभावक या कानूनी उत्तराधिकारी को शामिल किया गया है। जिसे भीड़ की हिंसा और मॉब लिंचिंग के परिणामस्वरूप नुकसान या चोट या मृत्यु हुई हो। अधिकारी ने कहा कि घटना के 30 दिनों के भीतर पीड़ितों या मृतक के परिजनों को अंतरिम राहत का भुगतान करने का प्रस्ताव किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जुलाई 2018 को निर्देश दिया था कि राज्य सरकारें फैसले के एक महीने के भीतर सीआरपीसी की धारा 357 ए के प्रावधानों के तहत लिंचिंग/भीड़ हिंसा मुआवजा योजना तैयार करेंगी। अदालत ने दिशा निर्देश दिए थे कि मुआवजे की गणना की योजना में राज्य सरकारें शारीरिक चोट, मनोवैज्ञानिक चोट और कमाई के नुकसान का भी ध्यान देंगी। बयान में कहा गया कि कमाई के नुकसान के संदर्भ में रोजगार और शिक्षा के अवसरों के नुकसान और मॉब लिंचिंग/भीड़ हिंसा के कारण कानूनी, चिकित्सा और अन्य पीड़ाओं के कारण होने वाले खर्च को भी ध्यान में रखा जाएगा। अधिकारी ने कहा, दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना 2018 को 27 जून 2019 की अधिसूचना में तत्कालीन उपराज्यपाल की मंजूरी के साथ अधिसूचित किया गया था, लेकिन लिंचिंग और भीड़ हिंसा के लिए मुआवजे का मुद्दा इसमें शामिल नहीं था।

## इस्त्राइल दूतावास हमले में पुलिस के हाथ लगे कई सुराग

नई दिल्ली। बीते दिनों दिल्ली में इस्त्राइल दूतावास के पास हुए धमाके में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक, तीन दिनों की जांच के बाद दिल्ली पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की योजना बन रही है। दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसियों में मंगलवार शाम को उस समय हड़कंप मच गया, जब इस्राइल एबेंसी के पास धमाके की सूचना मिली थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि सुरक्षा एजेंसी के अधिकारी उन आरोपों पर विचार कर रहे हैं, जिनके तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी साथ ही जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी जा सकती है। मामले की जांच कर रहे दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने धमाके के बाद आसपास के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं। जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति देखा जा रहा है। जो ऑटो-रिक्शा में जामिया नगर से आया था। पुलिस ने बताया कि कई ऑटो-रिक्शा चालकों से पूछताछ हो रही है। जिसमें वह ड्राइवर भी शामिल है जो 26 दिसंबर को विस्फोट होने से पहले उस संदिग्ध को घटनास्थल पर लाया था। जांच से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमें पृथ्वीराज रोड पर विस्फोट का संकेत देने वाले कुछ महत्वपूर्ण सबूत मिले हैं। जांच से पता चलता है कि इस्त्रायल-हमास संघर्ष के कारण इस्त्राइली दूतावास के



अधिकारियों को धमकी देने की साजिश थी। समाचार एजेंसी एएनआई को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि ब्लास्ट सैंपल रिपोर्ट को बेहद संवेदनशील रखा गया है और सीलबंद रिपोर्ट दिल्ली पुलिस को सौंपी जाएगी। विस्फोट के घटक का अभी तक पता नहीं चल पाया है और इसलिए, वे फोरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा समूह (एनएसजी) और दिल्ली पुलिस के फोरेंसिक विशेषज्ञों ने बुधवार को घटनास्थल से पत्तियों और मिट्टी के नमूने एकत्र किए थे।

### हाल ही में इस्त्राइली राजदूत को धमकी मिली थी

हाल में इस्त्राइली दूतावास के राजदूत को जान से मारने की धमकी मिली थीं। इसके बाद गृहमंत्रालय के आदेश पर इस्त्राइजर एबेंसी व राजदूत की सुरक्षा बढ़ा दी थी। खुफिया विभाग की रिपोर्ट के बाद गृहमंत्रालय ने सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दिए थे। राजदूत को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

### जेवर में सड़क हादसे में युवक की मौत

जेवर। दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर समसपुर गांव के पास शुक्रवार एक युवक की बाइक के सामने एक पशु आ गया था। जिसकी वजह से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसको परिवार के लोगों ने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान गुरुवार को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर निवासी नीरज किसी काम से दनकौर कस्बे में आए थे। जहां से वह दनकौर-सिकंदराबाद रोड से होते हुए बिलासपुर कस्बे की तरफ लौट रहे थे। उसी दौरान समसपुर गांव के पास अचानक उनकी बाइक के सामने एक पशु आ गया। जिसके चलते उनकी बाइक बैलेंस बिगड़ जाने के चलते सड़क पर फिसल गई। इस हादसे में पीड़ित के सिर और में शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है। सूचना के बाद पारिवारिक लोगों ने उनको अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार शाम इलाज के दौरान नीरज की अस्पताल में मौत हो गई। स्थानीय लोगों को कहना है की मुख्य रोड पर पशुओं का काफी ज्यादा आतंक है। जिनकी वजह से पिछले कुछ महीनो में अन्य कई लोग घायल भी हो चुके हैं। उसके बावजूद भी संबंधित विभाग के अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण लोगों की जान को खतरा बना हुआ है।

# इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के स्टाफ से होगी पूछताछ, एफआईआर दर्ज

## गेट में साड़ी फंसने से हुई थी महिला की मौत

नई दिल्ली। इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन के गेट में साड़ी फंसने से हुई महिला की मौत के मामले में सुभाष प्लेस थाना मेट्रो पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस हादसे की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। वहीं, इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन के अधिकारियों व कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की तैयारी चल रही है। इसके अलावा प्रत्यक्षदर्शियों से भी संपर्क करने की कोशिश की जाएगी।

उधर, अभी तक डीएमआरसी ने पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं सौंपी है। रिपोर्ट के आधार पर भी पुलिस जरूरी कानूनी कार्रवाई करेगी। पुलिस की जांच में रिपोर्ट मददगार साबित हो सकती है। मेट्रो पुलिस के डीसीपी डॉ. रामगोपाल नाइक ने मामला दर्ज होने की पुष्टि की है। दूसरी तरफ डीएमआरसी अभी भी रेलवे सुरक्षा आयुक्त की जांच रिपोर्ट का इंतजार करने के साथ मृतका के बच्चों को मुआवजा देने के लिए कानूनी औपचारिकताओं को पूरा कर रही है। मेट्रो पुलिस के अनुसार, मामला धारा 279 (वाहन को जल्दबाजी या लापरवाही से चलाना, जिससे किसी का जीवन संकट में पहुंचे) और धारा 304 ए (लापरवाही से हुई मौत) में




दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती दौर में हादसे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। वहीं, हादसे के दौरान मेट्रो परिचालन में लगे हर अधिकारी व कर्मचारी से पूछताछ होगी।

सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण व संबंधित लोगों के बयान से जांच की दिशा तय होगी। इस दौरान कोशिश यह भी होगी कि हादसे के दौरान जो लोग प्लेटफॉर्म पर कोच के नजदीक मौजूद थे, उनसे भी संपर्क किया जाए। साथ ही अगर किसी के पास हादसे का वीडियो होगा, तो उसे भी मंगवाया जाएगा। इसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।

### मुआवजे की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रही डीएमआरसी

मेट्रो प्रशासन मृतका के परिजनों के संपर्क में है। मुआवजे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद 15 लाख रुपये का मुआवजा सौंप दिया जाएगा। वहीं, मृतका के दोनों बच्चों की पढ़ाई लिखाई की जिम्मेदारी भी डीएमआरसी ने उठाने की बात कही है। दूसरी तरफ रेलवे सुरक्षा आयुक्त की जांच अभी जारी है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर ही डीएमआरसी आगे की कार्रवाई करेगी।

### यह थी घटना

14 दिसंबर की दोपहर करीब एक बजे इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर रीना नामक महिला अपने बेटे के साथ ट्रेन में बैठने जा रही थी। इस दौरान उसका बेटा थोड़ा पीछे छूट गया। वह बेटे को बुलाने के लिए ट्रेन से बाहर निकली। इसी दौरान ट्रेन का गेट बंद हो गया और उसकी साड़ी गेट में फंस गया। गेट में लगे सेंसर ने काम नहीं किया। इस वजह से गेट नहीं खुल पाया।

गेट बंद होते ही ट्रेन चल पड़ी। इससे महिला भी प्लेटफॉर्म पर घिसटती रही। आगे प्लेटफॉर्म के अंतिम छोर पर लगे छोटे गेट से टकराने के बाद महिला ट्रैक पर गिर गई। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। 16 दिसंबर को सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# संपादकीय

## ठंड में बढ़ोतरी से जनजीवन परेशान

हरियाणा, पंजाब सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में कड़ाके की ठंड के साथ कई जगहों पर दृश्यता इतनी कम थी कि वाहन को सुरक्षित आगे बढ़ा पाना जोखिम का काम हो गया है।

मौसम की अपनी गति होती है। इस लिहाज से देखें तो बीते दो-तीन दिनों से तापमान में गिरावट के साथ बढ़ती ठंड एक प्राकृतिक चक्र है और इसकी वजह से जनजीवन में पैदा होने वाली मुश्किलें आम रही हैं। मगर ठंड में बढ़ोतरी और कोहरे से उपजी समस्या का अनुमान लगा कर उसका सामना करने और उससे बचाव के इंतजाम किए जाएं, तो नुकसान और बाधाओं को कम जरूर किया जा सकता है।

यों इस वर्ष ठंड की शुरुआत हुए करीब एक पखवाड़ा गुजर चुका है और इस बीच वायुमंडल के घनीभूत होने की वजह से प्रदूषण एक अलग समस्या बन रही है, मगर पिछले दो-तीन दिनों में बढ़ती ठंड और कोहरे के चलते कई स्तर पर बाधाएं खड़ी हो रही हैं। बुधवार को कोहरा बढ़ने के साथ ही समूचे उत्तर भारत से सफर में मुश्किल से लेकर सड़क हादसों की जैसी खबरें आईं, उसके लिए जितना मौसम जिम्मेदार है, उससे ज्यादा इसकी प्रकृति को समझ कर उसके मुताबिक अपने कामकाज को निर्धारित करना गैरजरूरी मानने वाले लोगों की वजह से मुश्किलें पैदा होती हैं।

गौरतलब है कि उत्तर भारत में हरियाणा और पंजाब के कई शहरों में सड़क पर दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी कड़ाके की ठंड के साथ कई जगहों पर दृश्यता इतनी कम थी कि वाहन को सुरक्षित आगे बढ़ा पाना एक जोखिम का काम था। कई रेलगाड़ियां निर्धारित समय से काफी विलंब से चलीं और विमानों की उड़ान पर भी इसका विपरीत असर पड़ा।

ज्यादा त्रासदी सड़कों पर बरसी, जहां अलग-अलग होने वाले हादसों में कई लोगों की मौत हो गई। कोहरा और बेहद कम दृश्यता की वजह से सड़कों पर वाहनों के टकराने से उत्तर प्रदेश में आठ और राजस्थान में तीन लोगों की मौत के अलावा दिल्ली के शकूरबस्ती में धुंध से उपजे भ्रम का शिकार होकर एक ट्रेन से पिता-पुत्र की नाहक ही जान चली गई।

हालांकि दिल्ली में मौसम और कोहरे के मद्देनजर लाल चेतावनी जारी की गई थी, लेकिन आबोहवा में जैसा कोहरा छा गया, उसमें आम जनजीवन और गतिविधियों पर काफी असर पड़ा। जैसी मुश्किल खड़ी हुई, उसमें मौसम की मार की वजह साफ है, मगर यह समझना मुश्किल है कि इससे उपजने वाली स्थितियों के मुताबिक आम गतिविधियों में थोड़ी सावधानी क्यों नहीं बढ़ाई जा सकती।

सवाल है कि अगर कोहरे की वजह से सड़कों पर दृश्यता बेहद न्यून हो जाती है, तब वाहनों की रफ्तार और चलाने के तौर-तरीके को नियंत्रित करने को लेकर सजग क्यों नहीं हुआ जा सकता। गहरी धुंध में आमतौर पर कुछ मीटर आगे चल रहे या खड़े वाहन भी नहीं दिखाई देते और पीछे से आ रही गाड़ियां अक्सर सिलसिलेवार तरीके से टकराती चली जाती हैं।

सड़कों पर आम हो चुके इस तरह के हादसों से बचने के लिए बस थोड़ी-सी सावधानी की जरूरत होती है। खासतौर पर तब जब तेज रफ्तार वाहन चलाने की सुविधा वाली सड़कों पर कोई व्यक्ति वाहन चला होता है तो गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचना प्राथमिक होनी चाहिए, न कि गाड़ी की गति को आम दिनों की तरह तेज चलाना।

कोहरे की वजह से ट्रेनों की लेटलतीफी हर वर्ष की एक गंभीर समस्या रही है, मगर अब तक ट्रेनों को कोहरा-रोधी या फिर कोहरे में आगे के सिग्नल की स्थिति की सटीक जानकारी देने वाले यंत्रों के जरिए रेल यात्रा को सहज बनाने की बातें घोषणाओं तक सीमित रही हैं। जरूरत इस बात की है कि हर वर्ष की इस आम स्थिति और इससे उपजने वाली मुश्किलों को ध्यान में रख कर उसी मुताबिक कुछ ठोस उपाय किए और अपनाए जाएं।

## दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति करना चिंता की बात

दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाएं दिए जाने के मामले में कुछ दिनों पहले विशेष निगरानी सचिव ने स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा था। इस खत में साफ कहा गया कि दिल्ली ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी और अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त निजी जांच घरों की रपट से पता चला है कि कई कंपनियों की दवाएं गुणवत्ता के मानकों के मुताबिक नहीं हैं। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति की जैसी खबरें आई हैं, वे बताती हैं कि आए दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने काम को बढ़ा-चढ़ा कर प्रचारित करने के सरकारी दावों की हकीकत क्या है। हालत यह है कि पिछले कुछ दिनों के दौरान ही दिल्ली के अस्पतालों में कई ऐसी दवाओं की आपूर्ति के मामले पकड़ में आए, जिनका सेवन करने के बाद किसी मरीज के शरीर पर कैसा दुष्प्रभाव होगा, कहा नहीं जा सकता। यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि किसी मिलावटी या नकली दवा के असर से मौत तक की आशंका पैदा हो सकती है। गौरतलब है कि बुधवार को एक और दवा के नकली पाए जाने की बात सामने आई। कुछ ही दिन पहले दिल्ली के कुछ अस्पतालों में कई नकली दवाओं की आपूर्ति के मामले पाए जाने की घटना ने गंभीर चिंता पैदा की है। इसके बावजूद अब फिर से अस्पतालों में एक और दवा पर उठा सवाल बताता है कि यहां सरकार की नाक के नीचे स्वास्थ्य के मसले पर किस तरह का खिलवाड़ चल रहा है। हाल ही में दिल्ली के उपराज्यपाल ने खराब गुणवत्ता वाली कुछ दवाओं के मामले में सीबीआइ जांच की सिफारिश की थी। दरअसल, दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाएं दिए जाने के मामले में कुछ दिनों पहले विशेष निगरानी सचिव ने स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा था। इस खत में साफ कहा गया कि दिल्ली ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेटरी और अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त निजी जांच घरों की रपट से पता चला है कि कई कंपनियों की दवाएं गुणवत्ता के मानकों के मुताबिक नहीं हैं।

संदिग्ध पाई गई दवाओं में मिर्गी और दौरे, पेट में अतिरिक्त एसिड, फेफड़ों में जानलेवा सूजन को ठीक करने वाले स्टेरायड के अलावा जोड़ों और शरीर में सूजन को ठीक करने वाली दवाएं शामिल हैं। मामले के खुलासे के बाद दिल्ली सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में प्रयोगशाला जांच में नाकाम रहीं दवाओं को जब्त कर मरीजों के इस्तेमाल के लिए न देने के आदेश दिए थे। सवाल है कि इतने दिनों से स्वास्थ्य महकमे के भीतर दवाओं की जांच के लिए कैसा तंत्र चल रहा था जिसके रहते नकली दवा का कारोबार करने वालों को अपनी मंशा को अंजाम देने में कोई बाधा महसूस नहीं हुई!

जिन अस्पतालों में अलग-अलग बीमारियों की स्थिति में दी जाने वाली दवाओं के नकली होने का मामला सामने आया है, उनमें लाखों लोग इस उम्मीद में अपना इलाज कराने जाते हैं कि वहां उनका जीवन बचाने या बीमारी ठीक करने के उपाय मौजूद हैं। मगर कई बीमारियों के मरीजों को वैसी दवाएं दी जाती रहीं, जो अब जाकर निर्धारित मानकों पर असफल पाई गईं।

अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने लोगों के शरीर पर उन दवाओं ने कैसा दीर्घकालिक असर डाला होगा। जब भी जनहित से जुड़ा कोई सवाल उठता है तो दिल्ली सरकार यहां की जनता को गुणवत्ता से लैस अच्छी और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं हर जगह मुहैया कराने का हवाला देती है। लेकिन अगर बड़े और महत्त्वपूर्ण माने जाने वाले अस्पतालों में भी नकली दवाओं की आपूर्ति की जाती रही तो बाकी जगहों की स्थिति के बारे में अंदाजा ही लगाया जा सकता है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि एक दवा का दुष्प्रभाव किसी मरीज के शरीर में असाध्य रोग या जटिलताएं पैदा करने से लेकर उसके लिए मौत का कारण भी बन सकता है। इसलिए सरकारी अस्पतालों या कहीं भी नकली या मिलावटी दवा के कारोबार को रोकने के मकसद से सभी स्तरों पर सख्त कार्रवाई के लिए एक ठोस तंत्र और कानूनी सजा के प्रावधान लागू किए जाने चाहिए।

## चापलूसी संस्कृति से चमक खोती कांग्रेस



- ललित गर्ग-

कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व के प्रति चापलूसी की पुरानी परंपरा रही है, इस परंपरा को कांग्रेसी नेता पार्टी की संस्कृति की तरह से अपनाते रहे हैं। ऐसे अनेक नेता हुए हैं, जिन्होंने उस परंपरा को परवान चढ़ाने की मिसाल कायम करके सुर्खियां बटोरीं हैं, लेकिन इससे सबसे सशक्त एवं पुरानी राजनीतिक पार्टी का क्या हश्र हो रहा है, इस बात को देखने का साहस पार्टी के भीतर किसी नेता में नहीं है। यही कारण है कि राष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के बाद सर्वाधिक वोट बैंक वाली पार्टी होने के बावजूद वह कोई सार्थक परिणाम एवं प्रदर्शन नहीं दिखा पा रही हैं। हाल ही में सम्पन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में उसने करारी हार का सामना किया है। इन राज्यों में हुए चुनावों में या तो कांग्रेस की सरकार जाती रही या विपक्ष में होने का बावजूद भी वो वहां कुछ ख़ास कमाल नहीं कर सकी। राहुल गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव में कोई ख़ास कमाल नहीं कर सकी। पूर्व में सम्पन्न हुई राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की भांति आगामी न्याय यात्रा कोरा चापसूसों का जमावड़ा होकर रह जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

भारतीय राजनीति के अमृतकाल तक पहुंचे शासन में से लगभग पचास साल कांग्रेस का राज रहा है। प्रश्न है कि ऐसे क्या कारण है कि अब कांग्रेस सत्ता से दूर होती जा रही है। कद्दावर एवं राजनीतिक खिलाड़ियों की पार्टी होकर भी वह अपना धरातल खोती जा रही है। इसका कारण परिवारवाद एवं चापलूसी राजनीतिक संस्कृति ही है। इसी कारण अनेक पार्टी-स्तंभ नेता पार्टी छोड़कर जा चुके हैं। बावजूद इसके पार्टी कोई सबक लेने को तैयार नहीं है। कांग्रेस अगर इस गलतफहमी में जीना चाहती है कि वंशवादी नेतृत्व ही उसका उद्धार करेगा तो उसे ऐसी गलतफहमी पालने का पूरा अधिकार है, लेकिन उसके परिणाम भी उसे झेलने ही होंगे। ऐसा नहीं कि पार्टी से जुड़े हर ऊपर से नीचे तक के कार्यकर्ता एवं नेता को उचित अनुचित का बोध नहीं है। वे सब कुछ जानते हुए भी मक्खी निगलते हैं? आखिर क्यों? इसीलिए कि जिंदगी भर चापलूसी करते-करते जी-हूजुरी या चमचागिरी करना ही उनका बोध रह गया है।

नेता को सारे अधिकार समर्पित करके हमारे देश के पार्टी कार्यकर्ता अपनी बुद्धि एवं विवेक को स्थायी तौर पर निस्तेज एवं गूंगा बना देते हैं। इसी के चलते लोकतंत्र की ओट में नेतातंत्र पनपने लगता है। उसका आखरी अंजाम होता है, राजनीति का पतन। अपनी कुर्सी बचाने के लिए नेता अपनी पार्टी, सरकार, संसद और यहां तक कि देश को भी दांव पर लगा देता है। चापलूसी खुद को तो आगे बढ़ा देती है, लेकिन बाकी सबको पीछे ढकेल देती है। चापलूसी का मक्खन राजनीति की राह को इतनी रपटीली बना देता है कि उस पर नेता, पार्टी और देश, सभी चारों खाने चित हो जाते हैं। चापलूसी का दरवाजा खुलते ही प्रश्नों की खिड़कियां अपने आप बंद हो जाती हैं। लगातार रसातल ही ओर जा रही कांग्रेस की इस स्थिति का कारण भी यही है। कांग्रेस का



शीर्ष नेतृत्व कब समझेगा कि चापलूसी एक नकली सिक्का है और नकली सिक्कों की बदौलत उन्नति नहीं, अवनति ही झेलनी पड़ती है। कांग्रेस को चापलूसी का घुन खोखला कर रहा है। यूं तो प्रारंभ से ही कांग्रेस चापलूसियों का गिरोह रही है। राजनीति की द्वंद्वात्मकता को समाप्त करने में चापलूसी मुख्य भूमिका निभाती है। चापलूसी ने भारतीय राजनीति को वंशवादी, सम्प्रदायवादी, जातिवादी बना दिया है। नेता का हित ही पार्टी का हित है, देश का हित है। इस संकीर्ण चरित्र ने पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र को मरणासन्न कर दिया है। अगर पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है तो वह देश में कैसे रह सकता है? संकट की घड़ी में वह धराशायी हो जाता है। हमारे आज के नेता कोई महात्मा गांधी की तरह नहीं हैं कि उनके सद्गुणों को उनके अनुयायी लोग अपने जीवन में उतारे। नेता वैसा आग्रह करते भी नहीं और अनुयायी वैसा करना जरूरी भी नहीं समझते। इसीलिए हमारी राजनीति ऊपर से चमकदार और अंदर से खोखली होती जा रही है। जो अपने इर्द-गिर्द चापलूस लोगों की भीड़ देखने के आदी होते हैं, उन्हें हर जगह यही अपेक्षित होता है। आज इंडिया गठबंधन में बिखराव का भी बड़ा कारण यही चापलूसी संस्कृति है।

कांग्रेस में चापलूसी का इतिहास पुराना रहा है। अपने नेता का महिमामंडन करने के लिये कार्यकर्ता क्या-क्या नहीं करते एवं कहते हैं। कभी तत्कालीन कपड़ा मामलों के मंत्री रहे शंकरसिंह वाघेला ने महात्मा गांधी के बाद भारतीय इतिहास में त्याग करने वाले लोगों में सोनिया गांधी को माना। वहीं सलमान खुर्शीद ने कहा था कि सोनिया गांधी सिर्फ राहुल गांधी की मां नहीं हैं। हम सब की मां हैं। वे सारे देश की मां हैं!' संवेदनशील भारतीय इससे चौंके ही नहीं, बुरी तरह क्रोधित भी हुए हैं। यह भारत का अपमान था, यह 'मां' जैसे सर्वोच्च रिश्ते का अपमान था। लेकिन अपमान करने में कांग्रेस के कार्यकर्ता ही नहीं, खुद सोनिया, राहुल एवं अन्य नेताओं ने कोई कमी नहीं रखी। राहुल गांधी जैसे नेता ने प्रधानमंत्री को पनौती करार दे दिया। वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने प्रधानमंत्री को जेबकतरा भी करार दिया। इसके अलावा उन्होंने यह भी समझाने की कोशिश की कि आप जो कुछ खरीदते हैं उसका पैसा सीधे अदाणी की जेब में जाता है। ऐसे अनेक उदाहरण है जिसमें कांग्रेस के नेताओं ने मर्यादा, शालीनता एवं शिष्टता का चीरहरण ही कर दिया। पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता में यह दम नहीं कि वह अपने नेताओं से पूछे कि आप देश के प्रधानमंत्री के लिये विषवमन करके किस तरह पार्टी का हित कर रहे हैं?

बात केवल कांग्रेस की ही नहीं, सभी दलों की है। दलों में चापलूसी गहरी पैठ गयी है। लगातार पांव पसार रही इस विसंगति के कारण अनेक दल आज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता को बचाने की जद्दोजहद में लगे हैं। जिन दलों ने इस विसंगति से दूरी बनायी, वे लगातार अपनी राजनीतिक जमीन को मजबूत बना रहे हैं। राजनीति के इस चापलूसीकरण के कारण ही देश के श्रेष्ठ और स्वाभिमानी लोग राजनीति से परे रहते हैं। राजनीति में घुसने और आगे बढ़ने के लिए सिद्धान्त एवं मर्यादाहीन नेताओं के आगे इतनी नाक रगड़नी पड़ती है कि जिन लोगों में देश-सेवा एवं शुद्ध- राजनीति की ललक है, वे भी घर बैठना ज्यादा सही समझते हैं। नेतागण केवल उन्हीं लोगों को अंदर घुसने देते हैं और आगे बढ़ाते हैं, जो उनके निजी स्वार्थों की पूर्ति करें। अनेक नामी-गिरामी उद्योगपति, पत्रकार, फिल्म अभिनेता और विद्वान भी राजनीति में गए हैं, लेकिन उन्हें इसीलिए स्वीकार किया गया है कि वे साफ-साफ या चोरी छिपे किसी नेता की चमचागिरी करते रहे हैं। उनसे अधिक प्रसिद्ध और उनसे अधिक योग्य लोग अपने घर बैठे हैं। चापलूसी के घेराबंदी का ही परिणाम है कि कांग्रेस में सही को सही एवं गलत को गलत ठहराने का निर्णय लेने वाला कोई साहसी नेता नहीं है। यही कारण है कि राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर जाते हैं। वे इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें पार्टी संचालन एवं राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। उनकी तरह सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी कोई जिम्मेदारी लिए बिना पर्दे के पीछे से सब कुछ करने में ही यकीन रखती हैं। कांग्रेस की मजबूरी यह है कि वह गांधी परिवार के बिना चल नहीं सकती। कांग्रेस नेताओं की भी यह विवशता है कि अपने नेता के बयानों को सही एवं जायज ठहराने में सारी हदें लांघ जाते हैं।

लेकिन, प्रश्न यह है कि क्या दुश्मन राष्ट्र से जुड़ी स्थितियों पर बोलते हुए वह मात्र भारत के विपक्षी दल के नेता होते हैं? क्या उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भारत का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं? यह समस्या मात्र राहुल गांधी की नहीं है। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। ऐसे बयानों से किस पर और कैसे प्रभाव पड़ता है। सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना भी आवश्यक है।

## नारी शक्ति को अब महत्व देने का अनुकूल समय

भारतीय संस्कृति और इतिहास में स्त्रियों को सदैव उच्च स्थान प्रदान किया गया हैद्य यह भी मान्यता मानी गई है कि जिस घर में स्त्री का सम्मान होता है, वह घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो कर समाज में विशिष्ट स्थान बनाता हैद्य यही कारण है कि भारत देश को भारत माता कहा जाता हैद्य नारी तथा समस्त स्त्री जाति ने भारत देश का मान सदैव शीर्षस्थ बना कर रखा है ऐसे अनगिनत उदाहरण इतिहास में और वर्तमान में हमारे समक्ष हैं जिससे हमारा सिर सदैव वैश्विक स्तर पर ऊंचा हुआ है। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का उच्चतम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।




## अपराधों से जूझती आधी आबादी



योगेश कुमार गोयल

'नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो' प्रतिवर्ष महिलाओं पर अपराधों की रिपोर्ट जारी करता है लेकिन इससे प्रेरित होकर कहीं कोई कार्रवाई होती नहीं दिखती। विचित्र यह है कि महिलाओं पर होने वाले अपराधों में उत्तर भारत के राज्य हर बार 'बाजी' मार लेते हैं। क्या कहते हैं 'एनसीआरबी' के ताजा आंकड़े? बता रहे हैं वरिष्ठ पत्रकार योगेश कुमार गोयल।

'एनसीआरबी' (राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना भी दावा करे, वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तरप्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई हैं।

महिलाओं के खिलाफ अपराध में दिल्ली लगातार तीसरे साल 19 महानगरों में सबसे आगे है। सभी राजनीतिक दल चुनावों में घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों पर 'एनसीआरबी' के आंकड़ों से साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो।

विडंबना है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसद क्रूरता, 19.2 फीसद अपहरण, 18.7 फीसद बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसद बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तरप्रदेश, 3029 मध्यप्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए।

दिल्ली और राजस्थान जहां महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राज्य हैं, वहीं दहेज के लिए जान लेने वालों में पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश और दूसरे पर बिहार है। उत्तरप्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई, जबकि मध्यप्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई।

'एनसीआरबी' के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसद से बढ़कर 2022 में 66 फीसद हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए। ये 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसद ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है?

कितनी चिंतनीय स्थिति है कि जिस भारतीय संस्कृति में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है, वही नारी घर में भी सुरक्षित नहीं है। परिजनों के हाथों घरेलू हिंसा, दहेज हत्या, झूठी शान के लिए हत्या, बलात्कार और सहजीवन में जान गंवाने के मामले में स्थिति काफी दयनीय है।

यह कितनी बड़ी विडंबना है कि महिलाएं न परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।

'राष्ट्रीय महिला आयोग' के आंकड़े देखें तो 2023 के 19 सितंबर तक ही महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जिनके इस वर्ष के अंत तक बढ़ने की संभावना है। वर्ष 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। वर्ष 2014 में 30,906 और 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में 'निर्भया कांड' के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैर-जिम्मेदाराना रवैया दिखता है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस- प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो।

कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी-दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है, केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी।

इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें।

ऐसे मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन की जिस तरह की भूमिका सामने आती रही है, वह काफी हद तक इसके लिए जिम्मेदार है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी होगी?

नई दिल्ली
शनिवार 30 दिसंबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### झांसी : किशोरी का शव मिलने से मचा हडकंप

झांसी । उत्तर प्रदेश में झांसी जनपद के बबीना थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक किशोरी का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी । पुलिस ने बताया कि बबीना थानाक्षेत्र अंतर्गत गोचीखेड़ी आदिवासी बस्ती से कुछ दूरी पर रंजना आदिवासी उर्फ छुटकी (17) का शव मिला है । आदिवासियों ने इस बाबत पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही थाना पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे ।फोरेंसिक की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और जरूरी साक्ष्य जुटाना शुरू किये । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है । पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि छुटकी गुरूवार शाम घर से निकली थी और काफी देर तक वापस न आने पर उसकी तलाश शुरू की गयी । देर रात तक भी छुटकी का कोई पता नहीं चला लेकिन आज सुबह बस्ती के पीछे सूनसान जगह से छुटकी का शव बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश एस ने बताया कि घटनास्थल की छानबीन की जा रही है। फोरेंसिक यूनिट भी मौके पर साक्ष्य संकलित कर रही है । प्रथम दृष्टया लग रहा है कि पास ही में पड़े पत्थर से मारकर किशोरी की हत्या की गयी है।

### सिपाही के कमरे में युवती ने लगाई फांसी

आगरा । आगरा के थाना छत्ता में तैनात सिपाही के कमरे में उसकी महिला मित्र ने फांसी लगा ली । सिपाही उसे अस्पताल लेकर गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । सिपाही शव को अस्पताल में ही छोड़ के भाग गया । डॉक्टर की सूचना पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा । युवती के परिजनों को सूचित कर दिया गया है । मूल रूप से झांसी का रहने वाला राघवेंद्र थाना छत्ता में पेशी में तैनात था । बेलनगंज में कमरा किराए पर लेकर रहता था । शुक्रवार को एक निजी हॉस्पिटस से फोन आया कि एक सिपाही शव छोड़कर भाग गया है । पुलिस मौके पर पहुंची तो जानकारी मिली । राघवेंद्र की हमीदपुर की नर्स शोभा से दोस्ती थी । गुरुवार रात शोभा राघवेंद्र से मिलने उसके कमरे पर पहुंची थी । शुक्रवार सुबह उसने कमरे में ही फांसी लगाई । राघवेंद्र उसे लेकर अस्पताल गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । उसके मरने की बात जैसे ही राघवेंद्र को पता चली, वो शव को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने शोभा के परिजनों को सूचना दे दी है । सीओ छत्ता राकेश कुमार सिंह का कहना है कि अभी हम प्रशासनिक कार्यवाही कर रहे हैं । परिजनों की तहरीर पर कार्यवाही की जाएगी । मामले की जांच की जा रही है कि युवती ने कमरे में फांसी क्यों लगाई । सिपाही की भी तलाश की जा रही है।

### यातायात जागरूकता को लेकर सड़क पर उतरे छात्र

गाजीपुर । गाजीपुर में राजकीय मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा पीजी कॉलेज चौराहे पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के दृष्टिगत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम के बाद बिना हेलमेट वाहन चालकों को रोककर उन्हें पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा हेलमेट प्रदान किया गया और हमेशा हेलमेट लगाकर दोपहिया वाहन चलाने की हिदायत दी गई। इस मौके पर यमराज बने एमबीबीएस छात्र ने बताया कि यातायात नियमों को अगर आपने पालन नहीं किया तो मुझसे आपका सामना हो जाएगा । राहगीरों को फूल देकर गांधीगिरी के जरिए समझने वाली एमबीबीएस छात्राओं ने बताया कि यातायात नियमों के पालन के अभाव में किसी की भी जान जा सकती है, जिसका खामियाजा परिवार के लोगों को भुगतना पड़ता है। इससे बचने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूरी है, इससे ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात भी पाया जा सकता है। वहीं, एसपी गाजीपुर ओमवीर सिंह ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने लिए आज मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने एक बेहतरीन नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया है।

### फिरोजाबाद में मासूम की तालाब में डूबकर मौत

फिरोजाबाद। फिरोजाबाद के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में घर के पास स्थित तालाब किनारे खेलते समय एक मासूम की उसमें गिर कर मृत्यु हो गयी । शुक्रवार को तालाब में डूबने से इकलौते पुत्र की मृत्यु के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीणों ने मासूम को तालाब से बाहर निकाला और जिंदा की आस में जिला सयुंक्त अस्पताल लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया। जलालपुर गांव में दोपहर 4 वर्षीय मासूम कार्तिक अपने घर के बाहर कुछ बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान कार्तिक अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित तालाब किनारे खेलते-खेलते पहुंच गया और अचानक से उसका पैर फिसल गया और वह लगभग छ्ह फीट गहरे तालाब में समा गया। कुछ देर बाद एक ग्रामीण की उस बच्चे पर नजर पड़ी तो उसने शोरगुल किया। जिसके बाद ग्रामीण और स्वजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने कार्तिक को तालाब से बाहर निकाला और आनन-फानन में जिंदा की आस में उसे शिकोहाबाद के जिला सयुंक्त अस्पताल लेकर आए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल आए कार्तिक के पिता पंकज ने बताया कि वह उसकी इकलौती संतान थी। तालाब में करीब छ्ह फीट पानी था। जैसे ही मासूम के मृत होने की खबर उसके घर तक पहुंची तो स्वजनों में कोहराम मच गया।

### हाईटेंशन लाइन टूटकर दो महिलाओं पर गिरी, मौत

हापुड़। हापुड़ की कोतवाली बाबूगढ़ के गांव रमपुरा के जंगल में लकड़ी लेने गई दो महिलाओं पर हाईटेंशन तार टूट कर गिर गया। करंट की चपेट में आने के बाद दोनों महिलाओं की मौके पर ही मौक हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार ग्राम बनखंडा निवासी शांति और किरन रमपुरा के जंगल में लकड़ी लेने गई थी। वह लकड़ी लेते हुए नहर की पटरी पर पहुंच गई।इसी बीच वहां से गुजर रहे हाइटेंशन लाइन का तार अचानक टूट गया और उसकी चपेट में आकर दोनों की मौक पर ही मौत हो गई। हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दोनों महिलाओं का शरीर बुरी तरह से झुलस गया था। शवों की हालत काफी खराब हो गई थी। इस हादसे की सूचना जैसे ही गांव में पहुंची तो परिजन में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। काफी संख्या में ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए। हादसे की सूचना मिलने पर बाबूगढ़ पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंचे। और मामले की जानकारी कर विद्युत निगम के अधिकारियों को भी हादसे की जानकारी दी गई। एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर हादसे की जांच पड़ताल की जा रही है। पीड़ितों को नियम अनुसार आर्थिक मदद दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

### अभिभावकों ने किया धरना-प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में कोरोना काल के दौरान बच्चों की फीस न जमा कराने का आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर स्कूल प्रधानाचार्या ने आठ अभिभावकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसके विरोध में अभिभावकों ने शुक्रवार अपरान्ह करीब तीन बजे जीआईसी मैदान में पहुंचकर विद्यालय प्रबंधन के विरोध में प्रदर्शन करते हुए धरना प्रारंभ कर दिया। आरोप लगाए कि तथ्य छिपाकर कोर्ट से मुकदमे के आदेश कराए गए। चेतावनी दी गई कि जब तक उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं रोकी जाएगी धरना जारी रहेगा। मामला मुजफ्फरनगर के एमजी वर्ल्ड विजन से जुड़ा हुआ है, एमजी वर्ल्ड विजन ने उन आठ अभिभावकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है, जिन्होंने कोरोना काल में अपने बच्चों की कुछ महीनों की फीस नहीं दी थी और स्कूल से बिना टीसी लिए अन्य स्कूलों में एडमिशन करा लिया था। एमजी वर्ल्ड ने उन स्कूलों को भी इस मामले में 120 बी का मुलजिम बनाया है, जिन्होंने एडमिशन दिया था। पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में अभिभावकों और स्कूलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। एमजी वर्ल्ड विजन की प्रधानाचार्य मृणालिनी अनंत ने नगर के निवासी मनोज गुप्ता, दिवेश कुमार, अर्पित चौधरी, सचिन शर्मा, राहुल शर्मा, प्रमोद कुमार, गुलरेज और अनुज गुप्ता के खिलाफ एफआईआर लिखाई। आरोप लगाया है कि इन सभी अभिभावकों ने उनके स्कूल में अपने बच्चों को पढ़ाने की फीस नहीं दी।

# योगी राज में दुरुस्त हुआ यूपी का स्वास्थ्य

## स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में 2023 में यूपी ने दर्ज कीं कई उपलब्धियां

**लखनऊ।** कभी बीमारू प्रदेश कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज योगी सरकार के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में कई उपलब्धियां दर्ज कर रहा है। प्रदेश को 2023 में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। वहीं योगी सरकार ने प्रदेश को दवा निर्माण का हब बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इसी का नजीता है कि आज प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क, बल्क ड्रग पार्क, मेडटेक पार्क मूर्त रूप ले रहे हैं। इसके अलावा उपचार पर भी जीरो पॉकेट खर्च पर काम कर रही योगी सरकार ने काफी सराहनीय कार्य किये हैं। यही नहीं इस वर्ष योगी सरकार ने यूपी के लोगों को कई अन्य सौगातें भी दी हैं।

### उपचार पर जीरो पॉकेट खर्च पर काम कर रही योगी सरकार

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से इस वर्ष



प्रदेश के जिला चिकित्सालयों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने पर 46 जिलों की 81 चिकित्सा इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस प्रमाणपत्र दिया गया है, जिसमें 43 जनपद स्तरीय, 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और 22 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। वहीं प्रदेश के अन्य चिकित्सा इकाइयों को एनक्यूए प्रमाण पत्र से भी नवाजा गया है।

### जच्चा-बच्चा की मृत्यु दर में कमी लाने को दी जा रही एसबीए ट्रेनिंग

योगी सरकार प्रदेश में गर्भवती महिलाओं को सौ प्रतिशत सुरक्षित प्रसव की सुविधा देने और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्रदेश के प्रसव केंद्र पर तैनात एएनएम, एलएचवी (लेडी हेल्थ विजिटर), स्टाफ नर्स, आयुष महिला डॉक्टर्स की क्षमता को बढ़ाने के लिए स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट (एसबीए) ट्रेनिंग को बढ़ावा दिया है।

इसका मुख्य लक्ष्य नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार प्रति लाख डिलीवरी के वक्त मातृ मृत्यु दर जो 167 है, उसे कम करके वर्ष 2030 तक 70 पर लाना है। इसी तरह नवजात शिशु मृत्यु दर (प्रति एक हजार जीवित प्रसव) 28 है, जिसे वर्ष 2030 तक 12 तक लाने का लक्ष्य रखा गया है। ट्रेनिंग में स्टॉफ को एक्टिव मैनेजमेंट ऑफ थर्ड स्टेज ऑफ लेबर की जानकारी भी दी गई ताकि संक्रमण को पूरी तरह रोका जा सके। प्रदेश की करीब पांच हजार एएनएम, एलएचवी, स्टाफ नर्स और आयुष महिला डॉक्टर को एसबीए की ट्रेनिंग दी गई।

#### प्रदेश को दवा निर्माण का हब बनाने में उठाए गए कई महत्वपूर्ण कदम

योगी सरकार ने इस वर्ष यमुना अथारिटी में करीब 350 एकड़ भूमि पर मेडिकल डिवाइस पार्क, ललितपुर में करीब दो हजार एकड़ में बल्क ड्रग पार्क और जेवर मेडटेक पार्क के निर्माण की दिशा में बड़े कदम उठाए। इसके अलावा प्रदेश में सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस की 1838 से अधिक सीटें, निजी क्षेत्र में एमबीबीएस की 2150 से अधिक सीटें बढ़ाई गई। साथ ही 7 हजार से अधिक नर्सिंग, 5 हजार से अधिक पैरामेडिकल की सीटें बढ़ाई गईं। 22 नये मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रदेश में किया जा रहा है। इनमें से कुछ का निर्माण पूरा होगा और कुछ का अंतिम दौर में है।

# योगी ने रामलला के किए दर्शन, लता मंगेशकर चौक पर ली सेल्फी



अयोध्या। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शनिवार को प्रस्तावित दौरे से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामनगरी अयोध्या में विकास कार्यों का जायजा लिया और हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन किए।

इस माह में मुख्यमंत्री का तीसरी बार अयोध्या आगमन हुआ है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने दो दिसम्बर और 21 दिसंबर को अयोध्या आगमन पर मंदिरों में शीश झुकाया था। मुख्यमंत्री ने लता मंगेशकर चौक पहुंचकर यहां की खुबसूरती को निहारा और वीणा संग सेल्फी भी ली।

इसके बाद रामपथ को देखा। प्रधानमंत्री के आमगन से पहले मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। रामपथ पर मौजूद महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों से भी सीएम ने हालचाल जाना। योगी ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का भी जायजा लिया।

यहां रेलवे स्टेशन व प्लेटफॉर्म की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि कहीं किसी प्रकार की कमी न हो। अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया गया है।

इस दौरान मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह आदि मौजूद रहे।

# एटा में पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

एजेंसी

एटा। उत्तर प्रदेश में एटा जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में 50 हजार रुपये के इनामी एक शातिर गो तस्कर को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि बीती मध्य रात्रि के करीब मरथरा चौकी पुलिस ने जिरसिमी नहर के पास एक मुठभेड़ के मुरादाबाद निवासी खालिद को गोली मार कर गिरफ्तार कर लिया जबकि इसका साथी जावेद अँधेरे का फायदा उठा कर फरार हो गया।

उन्होने बताया कि जिले में गो तस्करों के इस गैंग ने एक और दो मई की रात को पवास लखमीपुर की गौशाला के चौकीदार को बंधक बना कर 20 से अधिक गायों का वध किया था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गोतस्करों का यह गिरोह सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम देता है। गिरोह की एक टीम मुखबिरी और सूचना एकत्रित करने का काम करती है, फिर गायों को एकत्रित करते हैं और कट्टी करने दूसरे सदस्य आते है। तीसरा गैंग गायों के मांस को भर कर ले जाता था और दिल्ली, मुरादाबाद,हापुड़ आदि में सप्लाई करता था।

इस गिरोह में एटा, कासगंज, मुरादाबाद, हापुड़ और दिल्ली के कुल 23 बदमाश शामिल थे जिनमे से अब तक 22 को गिरफ्तार कर लिया गया है, एक फरार है।

गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है और तीन पर एनएसए की कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, तीन जिन्दा और चार खोका कारतूस, 2750 रुपये नकदी व एक ईको कार बरामद हुई है।

# 3 भाइयों ने लगाई फांसी दो की मौत, एक गंभीर

## एक भाई के हथेली पर सुसाइड नोट मिला है इसमें लिखा है-घर की लाज रखना, राम राम...

संभल। संभल में 3 सगे भाइयों ने फांसी लगा ली। इसमें 2 की मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर है। वह आईसी में एडमिट है। एक भाई के हथेली पर सुसाइड नोट मिला है। इसमें लिखा है-घर की लाज रखना, राम राम... । बताया जा रहा है कि घर में रह रहे 2 छोटे भाइयों में झगड़ा हुआ था। उन्हें समझाने के लिए बड़ा भाई पंजाब से घर लौट रहा था।

...लेकिन घर पहुंचने से पहले ही एक भाई की मौत और दूसरे के फंदा लगाकर जान देने की खबर मिली। इससे बदहवास होकर उसने गांव के स्टेशन पर उतरते ही पड़ोसियों को फोन किया। कहा-मैं फंदा लगाने जा रहा हूं। आकर डेडबॉडी उठा ले जाना।

इसके बाद उसने हाथ में सुसाइड नोट लिखा और फंदे पर लटककर जान दे दी।

पुलिस को जब इसकी सूचना मिली, तब तक परिवार दोनों भाइयों का



अंतिम संस्कार कर चुका था। तीनों भाइयों की उम्र 19 से 22 साल के बीच है।

### सबसे पहले छोटे भाई ने जान दी

यह पूरी घटना धनारी क्षेत्र के औरंगाबाद गांव की है। गांव में रहने वाले विजय सिंह यादव के तीन बेटे-मुनीश (22), बृजेश (20) और पान सिंह (19) थे। इनमें पान सिंह और मुनीश की मौत हो चुकी है। जबकि फांसी लगाने से मंझले भाई बृजेश की हालत गंभीर है।

पूरा मामला घरेलू विवाद का बताया जा रहा है। गुरुवार को पान सिंह का बृजेश और पिता विजय का दिल्ली जाने को लेकर विवाद हुआ था।

इसके बाद गुस्से में पान सिंह घर से निकल गया। गुरुवार शाम 4 बजे खेत में जाकर उसने फांसी लगा ली। थोड़ी देर बाद जब गांव के लोगों ने पान सिंह की लाश देखी, तो परिवार को सूचना दी। बेटे के सुसाइड की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।

परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। बिना पुलिस को सूचना दिए शव को उतारकर घर ले गए।

यहां भाई का शव देखकर बृजेश भी बदहवास हो गया। क्योंकि, विवाद के दौरान उसने पिता का साथ दिया था। ऐसे में वह खुद को गिल्टी मानने लगा। बृजेश वहां से भागकर कमरे में गया और अंदर से बंद करके फंदा लगा लिया।

#### दरवाजा तोड़कर बृजेश को फंदे से उतारा, आईसी में एडमिट

बृजेश को फंदे पर लटकता देख परिवार ने तुरंत दरवाजा तोड़ा और उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने आईसी में शिफ्ट कर दिया। डॉक्टरों ने कहा है कि 48 घंटे बाद ही उसकी हालत के बारे में कुछ कहा जा सकता है। इधर, विजय का बड़ा बेटा मुनीश (22) पंजाब में काम करता था। परिवार में विवाद सुलझाने के लिए वह पंजाब से घर आ रहा था, तभी रास्ते में उसे पहले एक भाई की मौत की सूचना मिली। कुछ ही घंटे बाद दूसरे भाई के फंदा लगाने की खबर मिली। इससे मुनीश विचलित हो गया। शुक्रवार सुबह उसकी ट्रेन धनारी स्टेशन पहुंची। यहां स्टेशन पर उतरते ही उसने रिश्तेदारों को फोन किया।

# 17 साल की लड़की की न्यूड बॉडी मिली

## शव से 10 फीट दूर पड़े थे कपड़े, पत्थर से सिर कूचकर हत्या की

**झांसी।** झांसी में शुक्रवार सुबह 17 साल की लड़की की न्यूड बॉडी मिली। शव के करीब 10 फीट दूर उसके कपड़े पड़े थे। लड़की पिछले 12 घंटे से लापता थी। मौके के हालात देखकर रेप की आशंका भी जताई जा रही है। सूचना के बाद अधिकारियों के साथ भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। घटनास्थल से कई साक्ष्य जुटाए गए हैं। कहा जा रहा है कि घर से करीब 100 मीटर दूर झाड़ियों में पत्थर से सिर कूच कर उसकी हत्या की गई है। घटना बबीना थाना क्षेत्र के गोचीखेड़ा गांव की है।

### पूरी रात बेटी की तलाश करते रहे घरवाले

गोचीखेड़ा गांव की आदिवासी बस्ती में 17 साल की लड़की रहती थी। मृतका के बड़े भाई ने बताया, मेरी बहन गुरुवार शाम 6: 30 बजे अपनी सहेली के साथ घर से बाहर निकली थी। इसके बाद वह लौट कर नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद जब बहन नहीं मिली, तो मेरी मां उसकी सहेली के घर गई।

पूछताछ करने पर सहेली ने मां से कहा कि बहन उसके साथ नहीं गई थी। तब मां रात को घर लौट आई।

शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे मैं तलाश करते हुए घर से करीब 100 मीटर दूर झाड़ियों में पहुंचा, तो वहां मेरी बहन की लाश पड़ी थी। उसके बदन पर कपड़े नहीं थे।

मैंने तुरंत मां को फोन लगाकर इस बारे में बताया। साथ ही भागते हुए घर पहुंचा और कंबल लेकर मां के साथ मौके पर आया। फिर मैंने बहन के ऊपर कंबल डाल दिया।

इसके बाद पूरा गांव इकट्ठा हो गया। सहेली से पुलिस पूछताछ कर रही है। पांच भाई बहनों में मृतका तीसरे नंबर की थी। वह पांचवीं कक्षा तक पढ़ी थी। इसके बाद उसने पढ़ाई-लिखाई छोड़ दी थी।

भाई ने बताया, मेरी छोटी बहन गांव की एक लड़की यानी अपनी सहेली के साथ शौच के लिए घर से निकली थी। इसके बाद वह लौट कर नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद जब बहन नहीं मिली तो मेरी मां सहेली के घर गई। पूछताछ करने पर सहेली ने मां से कहा कि बहन उसके साथ नहीं गई थी। तब मां रात को घर लौट आई।

# सीतापुर में सड़क हादसे में होमगार्ड की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के बिसवां क्षेत्र में शुक्रवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड जवान की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मणिकापुर थाना सदरपुर निवासी धनीराम होमगार्ड थे। ट्रैफिक में उनकी ड्यूटी सीतापुर में लगी थी। आज सुबह शुक्रवार को यह बाइक द्वारा सीतापुर से ड्यूटी समाप्त कर अपने घर वापस जा रहे थे तभी बिसवन सीतापुर मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग से थोड़ा आगे अज्ञात वाहन से उनकी बाइक टकरा गई जिससे यह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने इन्हें अस्पताल भेजा जहां पर उनको मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस हादसे का कारण घना कोहरा बता रही है।

# अलीगढ़ : लेनदेन के विवाद में किसान की हत्या

अलीगढ़। अलीगढ़ के बरला थाना क्षेत्र के गांव रोमामई में शुक्रवार को लेनदेन के विवाद में एक किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने किसान को गोली मार दी, जिसके बाद उसका शव खेतों में पड़ा हुआ था। जब लोगों ने खेत में लाश देखी को हड़कंप मच गया। लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी। खेत में किसान की लाश मिलने की सूचना पर क्षेत्रिय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर किसान के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। इसके साथ ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### खेत में पानी को लेकर चल रहा था विवाद

छर्रा थाना क्षेत्र निवासी शांति देवी ने बताया कि उसके पति सुरेश का बरला क्षेत्र में खेत है। वह हर दिन अपने खेत में काम करने के लिए जाते थे। बीते दिनों खेत में पानी लगाने के रुपयों को लेकर उनका पड़ोस के खेत मालिकों से विवाद हो गया था। जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। पीड़िता ने बताया कि उसके पति हर दिन की तरह शुक्रवार को भी खेत में ही गए थे, जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें घेर लिया था। आरोपियों ने पहले उनके पति के साथ जमकर मारपीट की और फिर गोली मारकर हत्या कर दी।


# फेवीक्विक लगाकर एटीएम से ठगी करने वाले अरेस्ट

## वेस्ट यूपी के कई जिलों में 100 से ज्यादा वारदात को दे चुके हैं अंजाम

एजेंसी

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद पुलिस ने एटीएम में फेवीक्विक लगाकर रकम उड़ाने वाले गैंग के दो सदस्यों को अरेस्ट किया है। गैंग एटीएम मशीन में कार्ड इनसर्ट करने वाले स्थान पर फेवीक्विक लगा देता था। कार्ड फंसने पर ग्राहक को बोलता था कि दोबारा पिन डालो तो कार्ड बाहर आ सकता है। दोबारा पिन एंटर करने के दौरान गैंग के मेंबर पिन रीड कर लेते थे। इसके बाद भी जब कार्ड बाहर नहीं आता था तो ग्राहक को अंदर बैंक में जाकर शिकायत करने की बात बोलकर भेज देते थे।

इस बीच मशीन के कार्ड निकाल लेते थे और गायब हो जाते थे। इस कार्ड और पिन का यूज करके दूसरे किसी एटीएम से रकम निकाल लेते थे। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मुरादाबाद के बिलारी में घटना को अंजाम देते वक्त





इस गैंग को सीसीटीवी फुटेज की मदद से रंगे हाथ दबोच लिया गया। पूछताछ में इस गैंग ने नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और मुरादाबाद में 100 से अधिक घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है।

एसपी ग्रामीण ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के नाम रिजलवान पुत्र मुशर्रफ निवासी बारीपुर भमरौआ थाना हजरत नगर गढ़ी संभल और फैजान पुत्र शाहिद हुसैन निवासी बारीपुर भमरौआ संभल हैं। इन लोगों ने पूछताछ में बताया कि वो फेवीक्विक का इस्तेमाल करके 100 से अधिक घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

# बरेली में महिला लेखपाल को एंटी करप्शन ने जेल भेजा

## 5 हजार की रिश्वत के साथ हुई थी अरेस्ट, एसपी बोले- भ्रष्टाचार करने पर सख्त कार्रवाई होगी

**बरेली।** बरेली के भोजीपुरा ब्लॉक में दाखिल खारिज करने के नाम पर 5 हजार रुपये की वसूली के नाम पर अरेस्ट की गई महिला लेखपाल को जेल भेज दिया। एसपी एंटी करप्शन, लखनऊ राजेश कुमार ने बताया कि बरेली में केस दर्ज किया गया। पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। यह मामला एंटी करप्शन की तरफ से बरेली कोतवाली में दर्ज कराया गया। बरेली में एक सप्ताह में यह दूसरी बड़ी



कार्रवाई है। 23 दिसंबर को राजस्व निरीक्षक श्यामलाल को अरेस्ट किया गया।

एसपी राजेश कुमार लखनऊ ने बताया कि बरेली में इज्जतनगर थाना क्षेत्र में आलोकनगर निवासी निगम कुमार कुलश्रेष्ठ ने 19 दिसंबर को एंटी करप्शन में शिकायत की थी। शिकायती पत्र में बताया कि उनकी पत्नी अलका कुलश्रेष्ठ ने ग्राम मकरनंदापुर ब्लॉक भोजीपुरा में भूमि 25 मई 2022 को खरीदी थी। जमीन मालिक विजयपाल की भूमि के निकलने के रास्ते के लिए रजिस्ट्री कराई। लेखपाल सीमा राजपूत निवासी बिहारीपुर से जब मिले, काम के बदले 5 हजार रुपये मांगे।

#### रंगे हाथ किया गया अरेस्ट

तहसील सदर परिसर में मांगी गई धनराशि 5000 रुपये लिए। रिश्वत लेकर महिला लेखपाल ऑटो में बैठीं, तभी एंटी करप्शन टीम ने महिला लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ते हुए 5 हजार रुपये वसूली के बरामद किए। इस मामले में शुक्रवार को एंटी करप्शन ने केस दर्ज कराया।

# अमरोहा में निजी अस्पताल में भर्ती 2 मरीजों की मौत

## एक सप्ताह से चल रहा था इलाज, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा

एजेंसी

अमरोहा। अमरोहा के जोया रोड स्थित एक निजी अस्पताल में दो घायलों की इलाज के दौरान मौत हो गई, लेकिन एक मृतक के परिवार ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हालांकि, बाद में हंगामा कर रहे लोगों को समझाकर कुछ संभ्रांत व्यक्तियों ने मामला शांत करा दिया। उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है।

देहात थाना इलाके के गांव भटपुरा सकेनिया निवासी 35 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र भगवत सिंह का बीती रविवार को डिडौली में हाईवे स्थित फैक्ट्री से लौटते वक्त उनकी बाइक को सामने से आई बाइक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में सुनील कुमार को गंभीर हालत में जोया मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बीती रात उपचार के दौरान उसने दम तोड दिया।

# शार्ट न्यूज

## आठ कोर उद्योगों का उत्पादन नवंबर में 7.8 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। कोयला, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद और इस्पात क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत इस वर्ष नवंबर में देश के आठ बुनियादी उद्योगों (आईसीआई) के संयुक्त उत्पादन में इसके पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.8 प्रतिशत (अनंतिम) की बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है, आठ प्रमुख उद्योगों (आईसीआई) का संयुक्त सूचकांक नवंबर 2022 के सूचकांक की तुलना में नवंबर 2023 में 7.8 प्रतिशत (अनंतिम) बढ़ गया। कोयला, बिजली, उर्वरक, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पादों और स्टील के उत्पादन में नवंबर 2023 में साल-दर-साल सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि नवंबर 2023 में कच्चे तेल और सीमेंट का उत्पादन घटा है। अगस्त 2023 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर को संशोधित कर 13.4 प्रतिशत कर दिया गया है। अप्रैल से नवंबर, 2023-24 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.6 प्रतिशत (अनंतिम) है। समीक्षाधीन अवधि में सीमेंट उत्पादन 3.6 प्रतिशत कम हो गया। अप्रैल से नवंबर, 2023-24 के दौरान इसका संचयी सूचकांक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10.3 प्रतिशत बढ़ गया। इसी तरह कच्चे तेल के उत्पादन में 0.4 प्रतिशत की कमी हुई है।

## एसबीआई समेत तीन बैंकों में पैसा सबसे सुरक्षित

मुंबई । भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) समेत देश में तीन ऐसे बैंक हैं, जिनमें आपका पैसे सबसे सुरक्षित है। ये तीनों ऐसे बैंक हैं, जो डूब नहीं सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का कहना है कि एसबीआई के अलावा एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक घरेलू वित्तीय प्रणाली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक बने हुए हैं। देश में वित्तीय प्रणाली के स्तर पर ये इतने बड़े बैंक हैं कि डूब नहीं सकते। आरबीआई को अगस्त, 2015 से हर साल इसी महीने में वित्तीय प्रणली के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंकों के नामों की जानकारी देनी पड़ती है। केंद्रीय बैंक ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक पिछले साल की तरह ही श्रेणी आधारित संरचना में बना हुआ है। वहीं, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक उच्च श्रेणी में चले गए हैं। नियमों के अनुसार, ऐसे संस्थानों को प्रणाली के स्तर पर महत्व के आधार पर चार श्रेणी में रखा जा सकता है। एसबीआई श्रेणी तीन से श्रेणी चार में और एचडीएफसी बैंक श्रेणी एक से श्रेणी दो में स्थानांतरित हो गया। घरेलू स्तर पर व्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण बैंक (डी-एसआईबी) को लेकर एक अप्रैल, 2025 से एसबीआई के लिए अधिभार 0.8 फीसदी होगा। वहीं, एचडीएफसी बैंक के लिए 0.4 फीसदी होगा।

## उड़द और तुअर दाल के लिए मुक्त आयात नीति की अवधि एक साल के लिए बढ़ी

नई दिल्ली। सरकार ने उड़द और तुअर दाल की मुक्त आयात नीति की अवधि को एक वर्ष के लिए यानी 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है। गुरुवार 28 दिसंबर को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इससे पहले कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों- रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर घटी हुई आयात शुल्क व्यवस्था को मार्च 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया था। खाद्य तेलों के साथ ही मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट भी 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया था। सरकार की ओर से उठाए गए इन कदमों का उद्देश्य खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है। वित्त मंत्रालय की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि घटी हुई ड्यूटी मार्च 2024 में समाप्त होने वाली थी, लेकिन अब मार्च 2025 तक जारी रहेगी। इससे पहले सरकार ने रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर मूल आयात शुल्क 17.5त्न से घटाकर 12.5त्न कर दिया गया था। शुल्क में इस कटौती से इन तेलों की देश में आने की लागत कम हो जाएगी, जिससे घरेलू कीमतें कम होंगी और लोगों को राहत मिलेगी। बता दें कि नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.70 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 6.61 प्रतिशत थी।

## फंड रेजिंग की मंजूरी के बाद चमका पीएनबी का शेयर

पंजाब नेशनल बैंक की तरफ से 7,500 करोड़ रुपये जुटाने की घोषणा के बाद पब्लिक सेक्टर के बैंक में आज सुबह के कारोबार में जोरदार तेजी दर्ज की गई। पीएनबी का शेयर NSE पर 96.40 रुपये पर खुला और इंट्राडे कारोबार में 96.55 रुपये के हाई लेवल को छू गया, जो इसका 52 सप्ताह का हाई लेवल है। हालांकि, इस पब्लिक सेक्टर बैंक के स्टॉक में जल्द ही मुनाफावसूली शुरू हो गई और शेयर 52 सप्ताह के हाई लेवल से वापस आते हुए 94.80 रुपये के इंट्राडे के निचले स्तर पर पहुंच गया। शेयर बाजार एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि आगे चलकर पीएनबी शेयर की कीमत 110 रुपये प्रति शेयर के स्तर तक जा सकती है। पीएनबी ने गुरुवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में फंड जुटाने के बारे में सूचित करते हुए कहा, सेबी के विनियम, 2015 के विनियमन 30 और 51 के तहत, बैंक के बोर्ड ने अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशंस प्लेसमेंट (क्यूआईपी)/फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर के जरिये से एक या अधिक किश्तों में 7,500 करोड़ रुपये तक की कुल इक्विटी पूंजी जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

## म्युचुअल फंड में कई गुना बढ़ा एकमुश्त निवेश

इक्विटी बाजार में उल्लास का माहौल और म्युचअल फंडों का रिटर्न के मोर्चे पर सुधरते प्रदर्शन ने इक्विटी को लेकर खुदरा निवेशकों की स्वाभाविक इच्छा को काफी ऊपर पहुंचा दिया है। पिछले कुछ महीनों में म्युचुअल फंडों की इक्विटी योजनाओं ने एकमुश्त व एसआईपी दोनों जरिये नए निवेश में बढ़ोतरी देखी है। अगस्त-सितंबर 2023 के दौरान एमएफ की इक्विटी योजनाओं ने 35,270 करोड़ रुपये का एकमुश्त निवेश हासिल किया, जो इससे पहले के तीन महीने में महज 5,550 करोड़ रुपये रहा था। यह जानकारी उद्योग निकाय एम्फी के आंकड़ों से मिली। इक्विटी योजनाओं में शुद्ध एसआईपी निवेश इस अवधि में 13,100 करोड़ रुपये से बढ़कर 18,650 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसआईपी में निवेश को हालांकि बाजार के हालात से बहुत ज्यादा मतलब रखने वाला नहीं माना जाता है लेकिन एकमुश्त निवेश मौजूदा बाजार के सेंटिमेंट से खास संबंध रखता है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा, एसआईपी के उलट एकमुश्त निवेश ज्यादातर मौकापरस्त यानी अवसरवादी होता है, जिसकी वजह ऐसे निवेश से जुड़ा समय है। उन्होंने कहा कि ज्यादातर ऐसा निवेश एचएनआई यानी धनाढ्य निवेशकों की तरफ से मिलता है। क्वांटम एमएफ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्याधिकारी जिमी पटेल ने कहा, एकमुश्त निवेश कुछ हद तक बाजार के सेंटिमेंट से जुड़ा होता है, खास तौर से अभी की तरह के चरणों के दौरान जब बाजार में उतारचढ़ाव हो रहा हो।

## मीशो बनी मुनाफा दर्ज करने वाली पहली ई-कॉमर्स यूनिकॉन

सॉफ्टबैंक, मेटा प्लेटफॉर्म्स और प्रोसस जैसे दिग्गजों के निवेश वाली कंपनी मीशो ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि वह चालू वित्त वर्ष 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट दर्ज करने वाली पहली ई-कॉमर्स यूनिकॉर्न बन गई है। कंपनी ने हालांकि जुलाई-सितंबर तिमाही में कितना मुनाफा हुआ, इसकी जानकारी नहीं दी। ऑनलाइन सामान बेचने लाली ई-कॉमर्स कंपनी मीशो के एक प्रवक्ता ने कहा, 'मीशो ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में पहली बार मुनाफा कमाया। दूसरी तिमाही के अंत और त्योहारी सीजन में सकारात्मक गति से मीशो भारत में प्रॉफिट में रहने वाली पहली ई-कॉमर्स कंपनी बन गई है।' कंपनी ने भी अपने बयान में कहा कि उसने जुलाई तिमाही में पहली बार मुनाफा दर्ज किया। चालू वित्त वर्ष में कंपनी का रेवेन्यू भी शानदार तेजी से आगे बढ़ा। इसने सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,521 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया। कंपनी का घाटा भी चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में कम होकर 141 करोड़ रुपये रह गया।

# शेयर बाजार की लगातार छह दिन की तेजी थमी

मुंबई । विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, आईटी, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सात समूहों में हुई बिकवाली से आज साल के अंतिम कारोबारी दिवस शेयर बाजार की लगातार छह दिन तेजी थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 170.12 अंक लुढ़ककर 72,240.26 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 47.30 अंक की गिरावट लेकर 21,731.40 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा, जिससे बाजार को समर्थन मिला। इस दौरान मिडकैप 0.85 प्रतिशत की छलांग लगाकर 36,839.22 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत की तेजी के साथ 42,673.76 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3891 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2021 में लिवाली जबकि 1749 में बिकवाली हुई वहीं 121 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 31 कंपनियों में गिरावट जबकि 18 में तेजी का रुख रहा वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के साथ समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ऊर्जा 1.00, वित्तीय सेवाएं 0.05, आईटी 0.46, बैंकिंग 0.53, कंज्यूमर डयूरेबल्स 0.07, तेल एवं गैस 1.10 और टेक समूह के शेयर 0.38 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं, दूरसंचार 2.84, ऑटो 1.17, सर्विसेज 1.06, रियल्टी 0.75,



कैपिटल गुड्स 0.64, इंडस्ट्रियल्स 0.61, एफएमसीजी 0.86, सीडी 0.77 और कमोडिटीज के शेयरों में 0.52 प्रतिशत की तेजी रही।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जापान के निक्केई की 0.22 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य बाजारों में तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.19, जर्मनी का डैक्स 0.24, हांगकांग का हैंगसेंग 0.02, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.60 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.68 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 59 अंक गिरकर 72,351.59 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में दोपहर बाद 72,082.64 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। वहीं लिवाली की बल पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 72,417.01 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 72,410.38 अंक के मुकाबले 0.23 प्रतिशत टूटकर 72,240.26 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 41 अंक उतरकर 21,737.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,676.90 अंक के निचले जबकि 21,770.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,778.70 अंक की तुलना में 0.22 प्रतिशत टूटकर 21,731.40 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एसबीआई 1.41, इंफ़ोसिस 1.29, टाइटन 1.09, टेक महिंद्रा 1.05, इंडसइंड बैंक 1.03, एनटीपीसी 0.95, आईसीआईसीआई बैंक 0.89, पावरग्रिड 0.84, रिलायंस 0.80, कोटक बैंक 0.79, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.49, एक्सिस बैंक 0.46, भारती एयरटेल 0.44, एचसीएल टेक 0.43, आईटीसी 0.40, टीसीएस 0.16 और सन फ़ार्मा 0.04 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं टाटा मोटर्स 3.52, नेस्ले इंडिया 1.35, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.12, टाटा स्टील 0.98, बजाज फाइनेंस 0.76, अल्ट्रासिमको 0.70, विप्रो 0.53, बजाज फिनसर्व 0.33, एचडीएफसी बैंक 0.26, एलटी 0.26, मारुति 0.26 और एशियन पेंट ने 0.20 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

# 8 से 10 रुपये तक सस्ता होगा पेट्रोल-डीजल

**नए साल पर केंद्र सरकार देगी तोहफा**

**नई दिल्ली।** (पीएमए) पेट्रोलियम मंत्रालय ने तेल कंपनियों के साथ मिलकर पेट्रोल-डीजल में 8-10 रुपए प्रति लीटर की कटौती का मसौदा तैयार किया है। सूत्रों का कहना है कि मोदी सरकार नए साल के शुरुआत से पहले पेट्रोल-डीजल के दामों में 8 से 10 रुपये की कमी करके देश के लोगों को तोहफा देने की तैयारी में है। इसके लिए केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने मसौदा तैयार कर लिया है। प्रधानमंत्री एक-दो दिनों के भीतर ही दामों में कटौती का ऐलान कर सकते हैं। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री के ऐलान के बाद भाजपा शासित राज्य भी अपने यहां वैट में कमी कर सकती है। वहीं, तेल कंपनियों ने शुक्रवार के लिए पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दिए है।




### कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट बनी वजह

दरअसल, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा है कि इंपोर्ट किए कच्चे तेल के खरीद मूल्य में तेजी से गिरावट आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) के दौरान अब तक कच्चे तेल की कीमतें औसतन 77.14 डॉलर प्रति बैरल थीं, केवल दो महीनों - सितंबर में 93.54 और अक्टूबर में 90.08 में बढ़ोतरी देखी गई है।

### तेल कंपनियों ने कमाया 58,198 करोड़ का शुद्ध मुनाफा

वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में भारत की प्रमुख तीन राष्ट्रीय तेल कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्प, भारत पेट्रोलियम कॉर्प और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने वित्तीय वर्ष के पहले छह महीनों में संयुक्त रूप से 58,198 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है।

### राज्य सरकारें भी घटा सकती है दाम

केंद्र की तरफ से पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती करने के बाद भाजपा शासित कई राज्य भी पेट्रोल-डीजल के दामों में कटौती कर सकती है। बता दें कि इससे पहले केंद्र सरकार ने जब मार्च 2022 के दौरान पेट्रोल-डीजल के रेट में 5 से 10 रुपये की कटौती की तो यूपी, उत्तराखंड, एमपी, कर्नाटक समेत कई राज्यों ने भी अपने-अपने राज्यों में अलग से वैट में कटौती की थी।

आप SMS कर पेट्रोल डीजल की कीमतों को घर बैठे जान सकते हैं. अगर आप इंडियन ऑयल के उपभोक्ता हैं तो RSP और अपने शहर का कोड लिख भेजें 9224992249 नंबर पर, बीपीसीएल उपभोक्ता को RSP और शहर के कोड को लिखकर 9223112222 नंबर पर भेजना है। इसके बाद आपको SMS के जरिए सारी जानकारियां दे दी जाएंगी। एचपीसीएल उपभोक्ता HPPrice व शहर का कोड लिखना होगा और 9222201122 पर भेजना होगा।

### रोज सुबह तय होती हैं कीमतें

ईंधन की कीमतें हर रोज सुबह में बदलती हैं। दरअसल विदेशी मुद्रा दरों के साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत के आधार पर रोज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां कीमतों की समीक्षा के बाद रोज़ाना पेट्रोल और डीजल के रेट तय करती हैं। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम रोज़ाना सुबह 6 बजे पेट्रोल और डीजल की दरों में संशोधन कर जारी करती हैं।

# अशोक लीलैंड को सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 के तहत अशोक लीलैंड लिमिटेड को प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी प्रदान करने की अनुमति दे दी है।

आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कंपनी द्वारा दिए गए प्रस्ताव का मूल्यांकन करते हुए सक्षम प्राधिकारी ने परियोजना को एफडीआई नीति-2023 के प्रावधानों के अनुसार फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र पाया है। इसके बाद उचित विचार-विमर्श के बाद सक्षम प्राधिकारी ने प्लॉट नंबर एक, स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड साइट, सरोजिनी नगर औद्योगिक क्षेत्र (यूपीसीडा) में 70 एकड़ भूमि पर परियोजना के लिए 75 फीसद फ्रंट-एंड भूमि सब्सिडी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस संबंध में कंपनी के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व इन्वेस्ट यूपी के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह द्वारा लेटर ऑफ अप्रूवल भेजा गया है। सूत्रों ने बताया




कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) की भूमि पर प्रस्तावित है। परियोजना सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रति वर्ष 2500 वाहनों की स्थापित क्षमता के साथ वाणिज्यिक इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण के लिए एक एकीकृत ग्रीन-फील्ड संयंत्र स्थापित करने पर आधारित है। यह परियोजना बाजार में इलेक्ट्रिक और अन्य वाहनों की मांग के आधार पर अन्य ईंधन पर आधारित वाहनों का निर्माण करेगी। प्रस्तावित परियोजना 186 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ स्थापित की जाएगी, जिसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक भूमि क्षेत्र 70 एकड़ है। उत्तर प्रदेश सरकार और अशोक लीलैंड के बीच 15 सितंबर को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर पर

**एजेंसी**

मुंबई । विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति और विशेष आहरण अधिकार में बढ़ोतरी होने से 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह चढ़कर 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया।

इसी तरह इसके पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.7 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 549.75 अरब डॉलर हो गयी।

वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 10.2 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 47.5 अरब डॉलर रह गया।


आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 40 लाख डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.33 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

वहीं, इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 12.9 करोड़ डॉलर की गिरावट लेकर 4.9 अरब डॉलर पर आ गई।

# राज्य सरकार ई-बैंक गारंटी की अवधारणा को अपनाएगी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ठेकेदारों के लिये सुविधायें बढ़ाने और पेपरलेस, फेसलेस और पारदर्शी प्रणाली के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल के लॉन्च के बाद ने ई-गवर्नेंस की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है।

राज्य सरकार जल्द ही इंजीनियरिंग कार्यों के लिए ठेकेदारों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी को ई-बैंक गारंटी के रूप में स्वीकार करेगी। इस कदम से सरकार के तीन प्राथमिक इंजीनियरिंग विभागों यानी लोक निर्माण विभाग, सिंचाई और जल संसाधन विभाग और सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभागों में इंजीनियरिंग परियोजनाओं पर काम करने में रुचि रखने वाले



ठेकेदारों को महत्वपूर्ण सुविधा मिलने की उम्मीद है, जिससे समय और प्रयास दोनों की बचत होगी। व्यापार कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहां हरियाणा इंजीनियरिंग वर्क्स पोर्टल की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

समीक्षा बैठक के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक बार काम पोर्टल पर अपलोड होने और प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद तकनीकी स्वीकृति देने में देरी नहीं होनी चाहिए। यदि तकनीकी स्वीकृति 90 दिवस से अधिक लंबित रहती है तो संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

बैठक के दौरान नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विस लिमिटेड के प्रतिनिधियों द्वारा ई-बैंक गारंटी के संबंध में एक प्रस्तुतीकरण भी दिया गया। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में ठेकेदारों द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी (हार्ड कॉपी) की प्रक्रिया लंबी है, जिसमें लगभग 5-6 दिन लग जाते हैं। जबकि ई-बैंक गारंटी से यह काम सिर्फ 3-4 घंटे में पूरा हो सकता है. इससे ठेकेदारों के साथ-साथ सरकारी विभागों को भी सुविधा होगी।

बैठक में यह भी बताया गया कि कभी-कभी विभागों को यह पता नहीं चल पाता है कि किस ठेकेदार की बैंक गारंटी कब समाप्त हो रही है और वे सशर्त बैंक गारंटी को भुनाने में भी असमर्थ हैं, जिससे वित्तीय नुकसान भी होता है। इस पोर्टल के माध्यम से ई-बैंक गारंटी अपनाने से विभागों को बैंक गारंटी अवधि की समाप्ति के बारे में भी सचेत किया जाएगा।

वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, श्री. वी. उमाशंकर, सलाहकार, मुख्यमंत्री (सिंचाई), श्री. देवेन्द्र सिंह, आयुक्त एवं सचिव, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, श्री. बैठक में पंकज अग्रवाल समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# मोदी राज में सरकार का खूब भरा खजाना

## डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन के 19 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने की संभावना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में व्यक्तिगत आय तथा कॉर्पोरेट कर संग्रह बढ़कर 19 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। इससे लोगों के लिए अनुकूल कर उपाय करने के अधिक अवसर मिलेंगे।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2013-14 में 6.38 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में 16.61 लाख करोड़ रुपये हो गया। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष करों (व्यक्तिगत आयकर तथा कॉर्पोरेट कर) से संग्रह अभी तक 20 प्रतिशत बढ़ा है। इसी गति से बढ़ने पर 31 मार्च 2024 को समाप्त हो रहे वित्त वर्ष में संग्रह करीब 19 लाख करोड़ रुपये होने की संभावना है। यह वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में अनुमानित राशि 18.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

सरकार कई वर्षों से कम दरों और कम छूट के साथ कर व्यवस्था को सरल बनाने की कोशिश कर रही है। 2019 में सरकार ने छूट छोड़ने वाले कॉरपोरेट घरानों के लिए कर की कम दर की पेशकश की। अप्रैल 2020 में लोगों के लिए इसी तरह की योजना शुरू की



गई। सरकार एक फरवरी 2024 को लेखानुदान पेश करेगी क्योंकि अप्रैल-मई में आम चुनाव होने हैं।

चुनाव के बाद बनने वाली नई सरकार के जुलाई 2024 में पूर्ण बजट पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत भारतीय जनता पार्टी की सरकार 2014 में सत्ता में आई थी।

शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी पार्टनर (प्रत्यक्ष कर) गौरी पुरी ने कहा कि कर लेनदेन के डिजिटलीकरण और अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने पर निरंतर ध्यान देने से कर भुगतान की प्रवृत्ति बढ़ी है।

पुरी ने कहा, '' इससे सरकार को कर दरों को तर्कसंगत बनाने के कुछ अवसर मिलने की उम्मीद है। भारत में व्यापार सुगमता सुनिश्चित करने के लिए कर संधि आवेदन के बारे में निश्चितता महत्वपूर्ण होगी। 2024 में सरकार से उम्मीद रहेगी कि वह कर निश्चितता बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष कर प्रावधानों को सुव्यवस्थित करना जारी रखेगी।''

डेलॉयट इंडिया पार्टनर (प्रत्यक्ष कर) रोहिंटन सिधवा ने कहा कि पूर्ण बजट में निवेश तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 'चीन+1' रणनीति का लाभ उठाने की पहल और विश्व बैंक 'बी-रेडी रैंकिंग' की तैयारी के लिए जारी पहल पर ध्यान केंद्रित करने की संभावना है।

वहीं आईएनडीयूएसएलएडब्ल्यू पार्टनर (अप्रत्यक्ष कर) शशि मैथ्यूज़ ने कहा कि कर की उच्च दर से ऑनलाइन गेमिंग उद्योग की ''तेज वृद्धि'' रुक गई है।

उन्होंने कहा, '' उम्मीद की जा सकती है कि सरकार इनमें से कुछ बिंदुओं पर फिर से विचार करेगी। इनमें से कुछ मुद्दे अदालतों के समक्ष लंबित हैं और अदालतों के फैसले से कुछ राहत मिलने की उम्मीद की जा सकती है। कुल मिलाकर 2024 में इन मुद्दों पर फैसला लेना हितधारकों के पक्ष में होगा।''

# इंडस्ट्री को दिए जाने वाले बैंक कर्ज में आई गिरावट

उद्योग जगत को बैंकों से दिए जाने वाले कर्ज की वृद्धि दर नवंबर में घटकर 6.1 प्रतिशत रह गई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। पिछले साल इसी महीने में बैंकों द्वारा उद्योगों को दिए गए कर्ज में 13 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। नवंबर, 2023 में प्रमुख उद्योगों में, बुनियादी धातु और धातु उत्पादों, खाद्य प्रसंस्करण और वस्त्रों के लिए कर्ज में वृद्धि सालाना आधार पर तेज रही जबकि इंजीनियरिंग, रसायन एवं रासायनिक उत्पादों और बुनियादी ढांचे के लिए दर धीमी रही। दूसरी ओर, कृषि एवं संबंधित गतिविधियों के लिए कर्ज वृद्धि नवंबर में बढ़कर 18.2 प्रतिशत हो गई, जो एक साल पहले 14 प्रतिशत थी। 'बैंक कर्ज का खंडवार आवंटन ङ्क नवंबर 2023' के आंकड़ों के अनुसार, आवास ऋण वृद्धि में नरमी के कारण नवंबर में व्यक्तिगत ऋण वृद्धि सालाना आधार पर घटकर 18.6 प्रतिशत रह गई, जो पिछले साल नवंबर में 19.9 प्रतिशत थी। सेवा क्षेत्र को ऋण नवंबर में 21.9 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एक साल पहले यह 21.3 प्रतिशत था।

# संशोधित मानदंडों को लागू करे बैंक और एनबीएफसी

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को कहा है कि वह ऋण खातों में दंडात्मक शुल्क लगाने के संशोधित नियमों को जल्द से जल्द लागू करे। केंद्रीय बैंक ने इसके लिए उन्हें तीन महीने का और समय दिया गया है। आरबीआई ने अगस्त में उचित ऋण प्रथा-ऋण खातों में दंडात्मक शुल्क पर एक सर्कुलर जारी किया था और इसे एक जनवरी, 2024 से लागू होना था। हालांकि, रिजर्व बैंक ने कहा, कुछ विनियामक इकाइयों (आरई) द्वारा अपनी आंतरिक प्रणालियों को फिर से व्यवस्थित करने और सर्कुलर को लागू करने के लिए कुछ स्पष्टीकरण और अतिरिक्त समय मांगा गया था। जिस पर विचार करते हुए निर्देशों के क्रियान्वयन की समयसीमा को तीन महीने तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसके मुताबिक, विनियमित संस्थाओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि एक अप्रैल, 2024 से प्राप्त सभी नए ऋणों के संबंध में निर्देशों को लागू किया जाए। इन संस्थाओं में बैंक और एनबीएफसी शामिल हैं। मौजूदा ऋणों के मामले में आरबीआई ने कहा कि नई दंडात्मक शुल्क व्यवस्था को एक अप्रैल, 2024 को या उसके बाद पड़ने वाली अगली समीक्षा/नवीकरण तारीख पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए, लेकिन यह 30 जून, 2024 के बाद नहीं होना चाहिए। आरबीआई, एनबीएफसी द्वारा राजस्व बढ़ाने के साधन के रूप में दंडात्मक ब्याज का इस्तेमाल करने को लेकर चिंतित था। इसलिए उसने 18 अगस्त को मानदंडों में संशोधन किया था। जिसके तहत ऋणदाता ऋण के पुनर्भुगतान में चूक के मामले में केवल %उचित% दंड शुल्क लगा सकेंगे। इसमें कहा गया है कि बैंकों और अन्य ऋणदाता संस्थानों को एक जनवरी, 2024 से दंडात्मक ब्याज लगाने की अनुमति नहीं होगी। अगस्त के सर्कुलर में कहा गया, उधारकर्ता द्वारा ऋण अनुबंध के भौतिक नियमों और शर्तों का अनुपालन न करने के लिए यदि जुर्माना लगाया जाता है, तो उसे दंडात्मक शुल्क माना जाएगा और इसे दंडात्मक ब्याज के रूप में नहीं लगाया जाएगा, जो अग्रिम पर लगाए गए ब्याज की दर में जोड़ा जाता है।

# शार्ट न्यूज

## राजा करण हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली। दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के 9वें दिन पहले चरण में राजा करण हॉकी अकादमी और प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिये है। राजा करण हॉकी अकादमी ने करीबी मुकाबले में खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को हराय दिन के पहले मैच में राजा करण हॉकी अकादमी ने खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर को 2-1 से हराया। राजा करण हॉकी अकादमी के लिए कप्तान कुदरत ने 14वें, 45वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर रूपांतरण के साथ पहला गोल किया। इसके बाद तीसरे क्वार्टर के आखिर में उन्होंने मैदानी गोल दागकर बढ़त दोगुना कर दिया। जशनदीप कौर ने 54वें मिनट में चौथे क्वार्टर में एक गोल करके खालसा हॉकी अकादमी अमृतसर के लिए कुछ उम्मीद जगाई, लेकिन राजा करण हॉकी अकादमी ने बढ़त बरकरार रखते हुए मुकाबला जीत लिया। प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी को हराया। दिन के दूसरे मुकाबले में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी ने घुम्मनहेड़ा राइजर्स हॉकी अकादमी को 4-0 से हराया। चंचल ने 18मिनट में, वंशिका ने 25 मिनट में और आरती ने मिनट में 35 में एक-एक मैदानी गोल किया, जबकि कप्तान रितिका ने 37 मिनट में प्रीतम सिवाच हॉकी अकादमी के लिए पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागा।

## महिला हाकी के लिये रोमांच से भरपूर रहा '2023'

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी के लिये 2023 का साल रोमांच की सुखद अनुभूति से परिपूर्ण रहा। टीम पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालीफिकेशन से चूक गईं, लेकिन झारखंड महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी रांची 2023 को जीत कर वापसी की। इसके अलावा भारतीय महिलाओं ने अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ एफआईएच विश्व रैंकिंग हासिल की है, जो उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। भारतीय टीम ने अपना ध्यान पूरी तरह से हांगझाउ 2022 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने पर केंद्रित करते हुए, वर्ष की शुरुआत जनवरी में दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैचों के साथ की और उसके बाद मई 2023 में तीन मैचों की सीरीज के लिये ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। टेरासा में चार देशों के आमंत्रण टूर्नामेंट में भारत मेजबान स्पेन और इंग्लैंड के खिलाफ अजेय रहा। 2023 में पहली छमाही के बाद भारतीय महिला हॉकी टीम ने अगस्त 2023 में सलालाह में आयोजित हॉकी5एस एशिया कप जीता। उन्होंने तेज रफ्तार के साथ एशियाई खेलों में प्रवेश किया। वे टूर्नामेंट के पूल चरण में अजेय थे, लेकिन सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ 0-4 से हार गए, इस प्रकार स्वर्ण पदक मैच से चूक गए और अंतत: पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे योग्यता के लिए विवादों के बीच बाहर हो गए। हालाँकि, वे चीन से कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटे।

## तेहांग ने जीता हॉकी लीग का खिताब



जालंधर। राउंडग्लास तेहांग ने पेनल्टी शूट-आउट में राउंडग्लास मीठापुर को 4-3 से हराकर दूसरा राउंडग्लास ग्रासरूट हॉकी लीग 2023 अंडर-16 का खिताब अपने नाम कर लिया। पहले सेमीफाइनल में राउंडग्लास तेहांग ने राउंडग्लास संसारपुर को 2-0 के अंतर से हराकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था जबकि दूसरे सेमीफाइनल में राउंडग्लास मीठापुर ने राउंडग्लास बाबा बकाला को 1-0 के अंतर से हराया। फाइनल मुकाबले में राउंडग्लास तेहांग और राउंडग्लास मीठापुर ने शानदार खेल दिखाया। खेल के 10वें मिनट में मीठापुर के नवप्रीत महाय ने गोल कर स्कोर 1-0 कर दिया जबकि 18वें मिनट में तेहंग के कप्तान हर्षदीप सिंह ने पेनाल्टी स्ट्रोक को गोल में तब्दील स्कोर कर 1-1 से बराबर कर दिया। खेल के 32वें मिनट में तेहांग के प्रिंस कुमार ने गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। 60वें मिनट में मीठापुर के एकमदीप सिंह ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। निर्धारित समय के अंत में स्कोर 2-2 रहने पर पेनल्टी शूट-आउट के माध्यम से फैसला करना पड़ा, जो राउंडग्लास तेहांग के पक्ष में 4-3 से समाप्त हुआ। तेहंग के गोलकीपर नमनप्रीत सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया और उन्हें अल्फा हॉकी स्टिक से भी सम्मानित किया गया।

## खाली हाथ लौटेगी टीम इंडिया

साउथ अफ्रीका में भारत के टेस्ट सीरीज जीतने का सपना, फिर एक बार टूट गया। टीम इंडिया को पहले टेस्ट में पारी और 32 रन से हार का सामना करना पड़ा। साउथ अफ्रीका में इतनी बड़ी हार भारत को 31 साल के इतिहास में कभी नहीं मिली। टीम इंडिया अब दूसरा टेस्ट जीतकर भी सीरीज नहीं जीत पाएगी, क्योंकि तब सीरीज का नतीजा 1-1 से ड्रॉ ही रहेगा। पहले टेस्ट में शर्मनाक हार की वजह खराब गेंदबाजी, खराब बैटिंग और इन सब से खराब कप्तानी रही। खैर साउथ अफ्रीका में भारत का कोई भी कप्तान कहां ही अच्छा प्रदर्शन कर सका है। इस देश में भारत ने अब तक 24 टेस्ट खेले, 13 गंवाए और महज 4 जीते। इस दौरान 7 टेस्ट ड्रॉ भी रहे। सीरीज तो भारत ने 9वीं बार खेल ली लेकिन जीत एक बार भी नसीब नहीं हुई। सेंचुरियन में 26 दिसंबर को भारत और साउथ अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट शुरू हुआ। भारत ने पहले बैटिंग की, विकेटकीपर केएल राहुल के शतक के सहारे टीम ने 245 रन बनाए। बाकी बैटर्स में विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के अलावा कोई कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सका। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बना दिए। डीन एल्गर ने 185 रन की पारी खेली। वहीं डेविड बेडिंघम ने 56 और मार्को यानसन ने 84 रन बना दिए। भारत से जसप्रीत बुमराह के अलावा बाकी 3 तेज गेंदबाजों की अनुभवहीनता और रोहित शर्मा की खराब कप्तानी साफ नजर आई। पहली पारी में ही 163 रन से पिछड़ चुकी टीम इंडिया दूसरी पारी में 131 रन ही बना सकी। विराट कोहली ने 76 और शुभमन गिल ने 26 रन बनाए।

## केपटाउन टेस्ट खेल सकते हैं जडेजा



भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा केपटाउन में दूसरा टेस्ट खेल सकते हैं। जडेजा ने पीठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन के कारण पहला मैच मिस किया था। पहले टेस्ट में भारत चार पेसर और एक स्पिनर के साथ उतरा, जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा। गुरुवार को पहले टेस्ट के तीसरे दिन जडेजा ने ब्रेक के दौरान टीम के साथ प्रैक्टिस भी की थी। पहले टेस्ट के तीसरे दिन, गुरुवार को मैदान पर मौजूद प्लेयर्स के बीच में जडेजा ने भी प्रैक्टिस की। सेशन के दौरान ऑलराउंडर जडेजा किसी भी तरह की परेशानी में नहीं दिख रहे थे, उन्होंने 30-40 मीटर की छोटी-छोटी वॉक भी की। सत्र के दौरान उन्होंने कुछ फिटनेस प्रैक्टिस भी की। तीसरे दिन लंच ब्रेक के दौरान जडेजा ने रिजर्व खिलाड़ी मुकेश कुमार के साथ करीब 20 मिनट गेंदबाजी भी की। इस दौरान उन्होंने आराम से बॉलिंग की और किसी परेशानी में नहीं दिखे। लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा बैट और बॉल के साथ फील्डिंग से भी मैच का रुख पलटने की क्षमता रखते हैं। बाएं हाथ के बल्लेबाज होने के कारण वे बैटिंग ऑर्डर में वैरायटी लाते हैं और जरूरत पड़ने पर बड़े शॉट भी खेल सकते हैं। जडेजा ने साउथ अफ्रीका में खेले 3 मैचों में 99 रन बनाए हैं और 6 विकेट हासिल किए हैं। स्थ्द्ध कंट्रीज में जडेजा ने 20 मैचों में 932 रन बनाए और 52 विकेट भी लिए। इतना ही नहीं, जडेजा ने 16 कैच भी पकड़े हैं। टेस्ट सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला केपटाउन में 3 से 7 जनवरी के बीच में खेला जाएगा। भारत अब सीरीज तो नहीं जीत पाएगा, क्योंकि पहला मैच साउथ अफ्रीका के नाम रहा।

# दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 79 रन से हराया

मेलबर्न। पैट कमिंस के पांच विकेट, मिचेल स्टार्क चार विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने आज दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में चौथे दिन पाकिस्तान को 79 रनों से हरा दिया है और इसी के साथ श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे। वहीं, पाकिस्तान की पहली पारी 264 रन पर सिमट गई। इस तरह ऑस्ट्रेलियाई टीम को 54 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 262 रन पर सिमटी थी और इस तरह पाकिस्तान पर उनकी कुल बढ़त 316 रन की हुई थी। कमिंस 49 रन पर पांच विकेट और स्टार्क 55 रन पर चार विकेट की बदौलत 317 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान को दूसरी पारी 237 रन पर समेटते हुए 79 रनों से मुकाबल जीत लिया।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी 262 रन ही बना सकी उसकी पाकिस्तान पर कुल बढ़त 316 रन की हुई थी। मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही और उसके सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक चार रन और इमाम उल हक 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद कप्तान शान मसूद ने बाबर आजम के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी। मसूद ने 71 गेंद में सात चौके की मदद से 60 रन की पारी खेली। उन्हें कमिंस ने स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। वहीं, बाबर आजम 79 गेंद में चार चौके की मदद से 41 रन बनाये उन्हें हेजलवुड ने बोल्ड आउट हुए। सऊद शकील 25 रन, मोहम्मद रिज़वान 35 रन और आगा सलमान 50 बनाकर आउट हुये। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों ने



पाकिस्तान के पुछल्ले बल्लेबाजों में से तीन खिलाड़ी आमिर जमाल, शाहीन अफरीदी और मीर हमजा शून्य पर पवेलियन भेज दिया। पाकिस्तान की पारी 67.2 ओवर में 237 रन पर सिमट गई।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस पांच विकेट लिए। वहीं, मिचेल स्टार्क को चार विकेट मिले। जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। इस टेस्ट मैच मे पैट कमिंस ने दोनों पारियों में दस विकेट लिये है।

इससे पहले कल ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और उसने एक समय 16 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। उस्मान ख्वाजा और ट्रैविस हेड शून्य पर आउट हुये। डेविड वॉर्नर छह रन और मार्नस लाबुशेन चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श ने पारी को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 153 रन की साझेदारी की। मार्श ने टेस्ट करियर का सातवां अर्धशतक लगाया। वह 130 गेंद पर 13 चौके की मदद से 96 रन बनाकर आउट हुए। वहीं स्टीव स्मिथ 176 गेंद में तीन चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुये। उनके आउट होते ही दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 187 रन था और उसने 241 रनों की बढ़त बना ली थी। पाकिस्तान की ओर से मीर हमजा और शाहीन अफरीदी ने तीन-तीन विकेट लिए हैं।

इससे पहले पैट कमिंस और नाथन लायन की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दूसरे मैच के तीसरे दिन सुबह के सत्र में पाकिस्तान को 264 रनों पर समेटते हुए 54 रनों की बढ़त ले ली है। कमिंस ने मोहम्मद रिजवान 42 रन को वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को सातवां झटका दिया। इसके बाद लायन ने शाहीन शाह अफरीदी 21 रन को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। हसन अली दो रन, मीर हमजा दो रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही विकेट कमिंस और लायन ने लिये। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ने 73.5 ओवर में पाकिस्तान को 264 के स्कोर पर समेट दिया। इसी के साथ पहली पारी के बाद मेजबान आस्ट्रेलिया को 54 रनों की बढ़त मिल गई है।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस ने पांच विकेट लिये और लायन ने चार बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। पाकिस्तान के दो बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक 62 रन और कप्तान शान मसूद 54 रन के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल पाया, पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया।

## भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए आवेश खान को किया टीम में शामिल

सेंचुरियन । भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए तेज गेंदबाज आवेश खान को टीम में शामिल किया है।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट मैच तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।



आवेश को तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की जगह टीम से शामिल गया है।

शमी एड़ी की चोट के कारण टीम से बाहर हुये थे।

आवेश पहले से ही दक्षिण अफ्रीका में हैं और उन्होंने इसी महीने भारत के लिए तीन एकदिवसीय मैच खेले थे। वह अभी बेनोनी में दूसरा चार दिवसीय मैच खेल रहे हैं जहां उन्होंने तीसरे दिन पांच विकेट लिए। आवेश ने इस मैच से पहले तक 38 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जहां उन्?होंने 22.65 की औसत से 149 विकेट लिए। उन्होंने सात बार पांच विकेट लिये हैं।

वह पिछले रणजी सत्र में मध्य प्रदेश के लिए सबसे अधिक आठ मैचों में 38 विकेट लेने वाले गेंदबाज भी थे।

## खराब अंपायरिंग और तकनीकी खामी के कारण हारा पाकिस्तान

एजेंसी

मेलबर्न। पाकिस्तान की किकेट टीम के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि खराब अंपायरिंग और डिसीजन रिव्यू सिस्टम (डीआरएस) में खामी के कारण उनकी टीम को दूसरे टेस्ट मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा।

हफीज ने कहा, हमने एक टीम के तौर पर गलतियां की, हम इन गलतियों से सीखेंगे। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि खराब अंपायरिंग और तकनीकी खामी ने हमें ऐसा परिणाम दिया जो कि अलग भी हो सकता था। मैं समझता हूं कि ये कुछ ऐसे पहलू हैं जिन पर चर्चा होनी चाहिए। मैंने रिजवान से बात की और वह एक ईमानदार व्यक्ति हैं। उन्होंने मुझे बताया कि उन्हें यह महसूस तक नहीं हुआ कि गेंद उनके दस्ताने के किसी भी



हिस्से को लगकर गई है और जैसा कि हमने देखा भी अंपायर के निर्णय को पलटने के लिए पर्याप्त सबूत होना चाहिए और इस मामले में कंक्लूसिव एविडेंस जैसी कोई बात नहीं थी।

हालांकि आईसीसी के पूर्व अंपायर सायमन टॉफल ने चैनल सेवन से बात करते हुए थर्ड अंपायर के इस फैसले को सही ठहराया और कहा कि थर्ड अंपायर के पास रिजवान को आउट देने के पर्याप्त सबूत मौजूद थे क्योंकि गेंद रिस्ट बैंड के ऊपरी हिस्से से लगकर गई थी और वह दस्ताने से चिपका हुआ था। रिजवान का विकेट अपने नाम करने वाले कमिंस ने पारी में पांच विकेट सहित मैच में कुल 10 विकेट चटकाए। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि हमें रीव्यू लेना चाहिए और रीप्ले में साफ़ दिखा कि गेंद दस्ताने के स्ट्रैप से लगकर गई थी।

हफीज ने डीआरएस में लेग बिफोर विकेट के निर्णय के संदर्भ में अंपायर्स कॉल के प्रावधान पर भी अपनी असहमति जताई। दरअसल मिचेल मार्श और स्टीव स्मिथ के बीच हुई 154 रन की साझेदारी के दौरान स्मिथ और मार्श दोनों ही अंपायर्स कॉल होने के चलते पगबाधा आउट होने से बच गए थे।

हफीज ने कहा, मैं तकनीक के पक्ष में हूं लेकिन तभी जब यह आपको फायदा पहुंचा पाए। लेकिन अगर इससे खेल में किसी तरह का संशय पैदा हो रहा है तो इसे किसी को भी स्वीकार नहीं करना चाहिए। क्योंकि कई बार तकनीक ऐसे निर्णय देता है जो हम एक मनुष्य होने के नाते स्वीकार नहीं कर पाते ।५

उन्होंने कहा कि वह इस संबंध में मैच रेफ्री या अंपायरों से जाकर चर्चा नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें ही लगता कि इसका कोई नतीजा निकलेगा।

हफीज ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया से बेहतर क्रिकेट खेला।

उन्होंने कहा, एक टीम के तौर पर हमने बेहतर क्रिकेट खेला और मुझे इस पर गर्व है। जिस तरह से टीम ने निर्भीकता के साथ आक्रामक रूख अपनाया।

अगर हम इस मैच को देखूं तो पाकिस्तान की बल्लेबाजी बेहतर थी, गेंदबाजी के दौरान हम गेंद सही जगह में डाल रहे थे।

# चीन ने नेवी चीफ को नया रक्षा मंत्री बनाया

### 4 महीने से पद खाली था; अगस्त से गायब पूर्व डिफेंस मिनिस्टर ली शांगफू हटाए गए थे

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने डोंग जुन को नया रक्षा मंत्री नियुक्त किया है। लोकल मीडिया के मुताबिक डोंग जुन चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के नेवी चीफ थे।

डिफेंस मिनिस्टर का पद 4 महीने से खाली था। दरअसल, पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू अगस्त से गायब हैं। वो 29 अगस्त के बाद से पब्लिक प्लेटफॉर्म पर नजर नहीं आए थे। इसके बाद अक्टूबर में उन्हें पद से हटा दिया गया था। चीन ने उन्हें बिना कारण बताए हटाया था। वो अभी कहां हैं इसकी जानकारी नहीं है।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक शांगफू पर करप्शन के आरोप थे। शांगफू हथियार खरीद से जुड़े मामलों में जांच का सामना कर रहे थे।

### अमेरिकी सेना के साथ एंगेजमेंट बढ़ाना चीनी रक्षा मंत्री का मुख्य काम

शांगफू पर अमेरिका ने कुछ पाबंदियां लगाई थीं। ऐसी पाबंदियां फिलहाल डोंग जुन पर नहीं लगी हैं। ताइवान और दक्षिण साउथ चाइना सी



से जुड़े मसलों पर तनाव कम करने के लिए अमेरिका की सेना के साथ मिलकर काम करना चीन के रक्षा मंत्री का एक महत्वपूर्ण काम है।

### जिनपिंग और पीएलए के लिए जुन इसलिए अहम

2021 में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी में नेवी चीफ बनने और जनरल रैंक हासिल करने से पहले जुन पूर्वी कमान संभाल रहे थे। यह चीनी नौसेना की सबसे अहम कमान है। बाद में इसे ईस्टर्न थिएटर कमांड कहा जाने लगा। इसकी अहमियत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ताइवान को चीन में मिलाने की जिम्मेदारी इसी कमान के पास है।

इसके अलावा जुन दक्षिणी कमान के भी चीफ रह चुके हैं। ये कमान सबसे विवादित समुद्री क्षेत्र 'साउथ चाइना सी' या दक्षिण चीन सागर की जिम्मेदारी संभालती है। यहां चीन का फिलीपींस समेत कई देशों से विवाद है और इस वक्त अमेरिकी वॉरशिप भी यहां मौजूद हैं।

### चीन में ताकतवर लोगों का लापता होना नई बात नहीं

चीन में ताकतवर लोगों का गायब होना कोई नई बात नहीं है। यह मॉडर्न चीन के संस्थापक माओ के समय से चला आ रहा है। माओ के वक्त में हंड्रेड फ्लावर्स कैंपेन चलाया गया था। इसके तहत लोगों को आलोचना करने की छूट दी गई। साथ ही सिस्टम की खामियों को बताने के लिए कहा गया। इसके बाद कई लोगों ने ऐसा किया, लेकिन जिसने भी यह किया, उसका फिर पता नहीं चला।

यानी उन लोगों को ठिकाने लगा दिया गया। ये माओ की चाल थी। दरअसल, वो अंदरखाने मौजूद अपने विरोधियों की पहचान करना चाहते थे। कहा जा रहा है कि यही चाल शी जिनपिंग भी अपना रहे हैं। चीन में गायब होने वाले लोगों की लिस्ट में एक्टर, एक्टिविस्ट से लेकर स्पोर्ट्सपर्सन तक के नाम शामिल हैं।

फरवरी में चीन के ढ्ढञ्ज सेक्टर में बड़ा नाम माने जाने वाले बाओ फान भी गायब हो गए थे। उनके इन्वेस्टमेंट बैंक चाइना रेनेसां के मुताबिक उन्हें एक सरकारी पड़ताल के सिलसिले में बुलाया गया था, जिसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाया था। बाओ फान को चीनी टेक इंडस्ट्री के लिए रेनमेकर माना जाता है।

वे न सिर्फ इंडस्ट्री की सबसे बड़ी कंपनियों के बीच डील कराने के लिए जाने जाते थे, बल्कि उनके इन्वेस्टमेंट बैंक ने कई स्टार्ट-अप्स में निवेश भी किया था।

बाओ फान के माता-पिता डिप्लोमैट थे। उन्होंने नॉर्वे में पढ़ाई की और मॉर्गन स्टैनली व क्रेडिट स्युइस जैसे संस्थानों में काम भी किया। 2015 में उन्होंने अलीबाबा और टेनसेंट के कैब हेलिंग प्लेटफॉर्म्स का मर्जर करवाया था।

## यूक्रेन में सिलसिलेवार विस्फोट

कीव। यूक्रेन में हवाई हमले की चेतावनी जारी होने के बाद शुक्रवार को देश के कई क्षेत्रों में विस्फोट के धमाके सुने गये। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने एक घंटे के भीतर सिलसिलेवार विस्फोटों की सूचना दी। बाद में उन्होंने कहा कि विस्फोटों से गोदाम और एक सब-वे स्टेशन की इमारत को नुकसान पहुंचा है, जो लुकियानिव्स्का में एक आश्रय स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। क्लिटस्को ने टेलीग्राम में कहा, वायु रक्षा प्रणालियाँ सुचारू रूप से काम कर रही हैं। ल्वीव के मेयर एंड्री इवानोविच सदोवी ने कहा कि हवाई हमले की चेतावनी के बाद शहर में हवाई हमलों की चपेट में आ गया। यूक्रेनी समाचार पत्र जेरकालो टाइज़निया ने श्री सदोवी के हवाले से कहा, हमें ल्वीव में दो हवाई हमलों की सूचना मिली है। हम परिचालन सेवाओं से संबंधित अधिक जानकारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। धमाकों की आवाजें निप्रॉपेट्रोस, खार्किव और ओडेसा के साथ-साथ सुमी, खमेलनित्सकी और टेरनोपिल क्षेत्रों के शहरों और कस्बों में भी सुनी गईं। गौरतलब है कि क्रीमिया ब्रिज पर पहले हमले के दो दिन बाद 10 अक्टूबर से रूस ने यूक्रेनी बुनियादी ढांचों के खिलाफ सटीक हमले किए गए हैं।

## नेतन्याहू ने रद्द कर दी गाजा पट्टी में युद्ध के बाद के शासन पर कैबिनेट बैठक

यरूशलम। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध कैबिनेट की बैठक रद्द कर दी है, जिसमें गाजा पट्टी के युद्ध के बाद के शासन के लिए इजरायल की योजना पर चर्चा होने की उम्मीद थी। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' अखबार ने यह जानकारी दी। युद्ध कैबिनेट की गुरुवार को बैठक होने की उम्मीद थी। अखबार ने लिखा है कि बैठक रद्द करने का नेतन्याहू का फैसला उनके धुर दक्षिणपंथी गठबंधन सहयोगियों से प्रभावित हो सकता है, जिन्होंने गाजा पट्टी के फिलिस्तीनी प्राधिकरण के नियंत्रण में जाने की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है। हमास ने सात अक्टूबर को गाजा पट्टी से इज़राइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया, जबकि उसके लड़ाकों ने सीमा का उल्लंघन किया, सेना और नागरिकों पर गोलीबारी की। परिणामस्वरूप, इज़रायल में 1,200 से अधिक लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए, गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू की। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप गाजा में अब तक 21,300 से अधिक लोग मारे गए हैं।

## ईरान ने इजरायली खुफिया एजेंसी के लिए जासूसी करने के आरोप में चार को दी फांसी

तेहरान। ईरान ने इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद के लिए जासूसी करने के आरोप में चार आरोपियों को फांसी दे दी गई है। यह जानकारी ईरान की समाचार एजेंसी फार्स ने ने शुक्रवार को दी। ईरानी समाचार एजेंसी ने कहा कि इस मामले में छह अन्य प्रतिवादियों को 10 साल जेल की सजा सुनाई गई है। ईरान के पश्चिम अजरबैजान प्रांत के मुख्य न्यायाधीश नासिर अताबाती को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि आरोपियों को 24 अक्टूबर को ईरानी खुफिया कर्मचारियों की पहचान करने और अपहरण, धमकी देने और टोही कर्मचारियों की पिटाई करने और उनसे जानकारी एकत्र करने के लिए इन आरोपियों को हिरासत में लिया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बंदियों ने तेहरान, होर्मोज़गन और पश्चिमी अजरबैजान प्रांतों में अभियान चलाया और ईरानी खुफिया कर्मचारियों के वाहनों और संपत्ति में आग लगा दी, रिपोर्ट में कहा गया है कि एक कर्मचारी की हत्या का प्रयास किया गया। ईरान इजरायल को मान्यता नहीं देता है और यहूदी देश पर तोड़फोड़ के हमलों का आरोप लगाता है। दिसंबर की शुरुआत में ईरान में मोसाद के लिए काम करने के आरोप में एक व्यक्ति को फांसी दे दी गई थी। इससे पहले चार दिसंबर, 2022 को मोसाद से संबंध रखने के जुर्म में चार लोगों को फांसी भी दी गई थी।

# हाफिज सईद प्रत्यर्पण मामला, भारत ने जरूरी दस्तावेज पाकिस्तान भेजे

### विदेश मंत्रालय ने कहा- आतंकी हमारे देश में वॉन्टेड, 26/11 हमले का मुख्य आरोपी है

भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को कहा- हमने औपचारिक रूप से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय से आतंकी हाफिज सईद को भारत के हवाले करने की मांग की है। इसके लिए जरूरी दस्तावेज पाकिस्तान सरकार को भेजे गए हैं। उन्होंने कहा- वो ग्लोबल टेररिस्ट है और भारत में वॉन्टेड है। हमने दस्तावेजों में उन सभी केस का जिक्र किया है, जिसके लिए हाफिज वॉन्टेड है। दरअसल, 28 दिसंबर को पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया था



कि पाकिस्तान ने सामने भारत की तरफ से हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग उठाई गई है। इस पर भारत ने आज प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तानी मीडिया इस्लामाबाद पोस्ट की रिपोर्ट में राजनयिक सूत्रों के हवाले से लिखा गया था- पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय को भारत सरकार से एक आधिकारिक अनुरोध मिला है। इसमें हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया था कि यह औपचारिक अनुरोध दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों में एक नया आयाम जोड़ता है, क्योंकि भारत सीमा पार घटनाओं में शामिल लोगों को पकड़ने और न्याय के दायरे में लाने के लिए पाकिस्तान से सहयोग चाहता है। अगर प्रत्यर्पण प्रक्रिया शुरू की जाती है, तो दोनों देशों के संबंधित अधिकारियों के बीच सहयोग और बातचीत की जरूरत होगी।

### अमेरिका ने रूस से दोहरायी अमेरिकी नागरिक को छोड़ने की अपील

वाशिंगअन । अमेरिका ने पांच साल पहले जासूसी के आरोप में गिरफ्तार पूर्व अमेरिकी नौसैनिक पॉल व्हेलन को छोड़ने की रूस से अपील दोहरायी है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने जारी बयान में कहा हम एक बार फिर रूस से उन्हें तुरंत छोड़ने की अपील करते हैं। हम उन्हें अपने प्रियजनों के पास वापस लाने के लिए गंभीरता से काम करते रहेंगे। हमारी संवेदनाएं उनके और उनके मजबूत परिवार के साथ हैं। दिसंबर की शुरुआत में, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने मॉस्को स्थित वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकारों इवान गेर्शकोविच और व्हेलन की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए रूस को एक नया प्रस्ताव दिया है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11, ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# जिलाध्यक्ष सोनभद्र नंदलाल ने वकसित यात्रा को लेकर सीएम से गहन वार्ता की



सोनभद्र। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से जनपद में हो रहे विकास कार्यो कि विस्तृत चर्चा कि व जनपद की कुछ प्रमुख समस्याओं को मुख्यमंत्री से मिलकर अवगत कराया। भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र के जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर जनपद के विकास कार्यो के बारे मे व्यापक चर्चा कि तथा जनपद मे व्याप्त कुछ प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने समस्याओं के समाधान के लिए त्वरीत कार्यवाही का आश्वासन देते हुए जनपद के विकास को और अधिक गति देने के लिए आश्वस्त किया। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष ने अवगत कराया कि आदिवासी बाहुल्य जनपद सोनभद्र में भूमि सम्बंधित ज्यादातर उत्पन्न हो रहे विवादो का स्थाई रूप से समाधान कराये जाने को लेकर दिये गये पत्रक के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जनपद के कुछ ग्राम पंचायतों में पूर्ववर्ती सरकारो में हुए सर्वे के दौरान राजस्व अभिलेखो में कूटरचित व छलकपट तरीकों से नाम किसी और का चढ़ा दिया गया है। जबकि मौके पर जोत कोड़ किसी और का है, जो कभी न तो उस भूमि पर काबिज ही रहा और ना ही उसका जोतकोड़ ही रहा है। ऐसे त्रुटिपूर्ण नाम अभिलेखो मे दर्ज है, जिसमें सुधार करना आवश्यक है। ऐसा ही प्रकरण दुद्धी तहसील अन्तर्गत विकास खण्ड म्योरपुर के ग्राम पंचायत कुदरी समेत अन्य सैकड़ों ग्राम पंचायतो में है। साथ ही आदिवासी बाहुल्य जनपद में गोंड, खरवार, बैगा, पनिका व अगरिया आदि जनजाति समुदाय के लोग बड़ी संख्या में जंगलों के बीच सदियों से निवास करते चले आ रहे है। बहुत से ऐसे दबंग व भू-माफिया किस्म के लोग है। जिनका एकमात्र काम है कि आदिवासियों की भूमि को सादे पेपर या स्टांम्प नोटरी कराकर औने-पौने दाम देकर उनकी जमीनों पर काबिज हो जाना है, जबकि उक्त जमीन पर नाम भूमि विक्रेता का ही रह रहा है और कब्जा क्रेता का हो जा रहा है। ऐसा मामला एक दो नहीं बल्कि सैकड़ो से भी अधिक है। ऐसी भूमि सम्बंधित अवैध क्रय-विक्रय का जाल बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण भूमि संम्बंधित विवाद, मारपीट, लड़ाई झगड़ा का मामला बढ़ रहा है। आने वाले समय में ऐसे भूमि संम्बंधित क्रय विक्रय के कारण भविष्य में बड़ा काण्ड हो सकता है। जिस पर रोक लगाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने अवगत कराया कि प्रेममोहन खरवार उर्फ डाक्टर पुत्र शोभनाथ खरवार निवासी ग्राम-जुगैल का रहने वाला था, जो भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष रहा है। उसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में 13 अक्टूबर 2023 को कुछ लोगो के द्वारा उसके घर के अन्दर ही कुल्हाड़ी आदि से काटकर निर्मम हत्या कर दिया गया जिसकी विस्तृत जानकारी माननीय मुख्यमंत्री को दिया एवं जनपद मे हो रहे सर्वांगीण विकास कार्यो के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अतिथियों को मिलेगा गीताप्रेस के अयोध्या दर्शन का प्रसाद

गोरखपुर। 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होने वाले प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख समेत अन्य विशिष्टअतिथियों को गीताप्रेस के अयोध्या दर्शन का प्रसाद मिलेगा।

लागत से भी कम मूल्य में धार्मिक पुस्तकें उपलब्ध कराने वाले गीताप्रेस ने इस पुस्तक माध्यम से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या का समग्र दर्शन कराने की पहल की है। इस पुस्तक में अयोध्या के इतिहास, प्रमुख मंदिरों, तीर्थों व सांस्कृतिक महात्म्य का परिचय है।

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा के प्रसाद में गीताप्रेस भी योगदान देने जा रहा है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से जो प्रसाद दिया जाएगा उसमें गीता प्रेस की तरफ से तैयार किए जा रहे पुस्तक-गुच्छ को भी शामिल किया जाएगा।। इस पुस्तक गुच्छ में अयोध्या दर्शन, अयोध्या महात्म्य, कल्याण पत्रिका का श्रीरामांक व गीताप्रेस की डायरी गीता दैनंदिनी होगी। गीता प्रेस में अयोध्या आने वाले खास मेहमानों के लिए 100 पुस्तक गुच्छ तैयार किए जा रहे हैं जबकि अयोध्या दर्शन की दस हजार प्रतियां भेजी जाएंगी। इसके अलावा खास समारोह के लिए श्रीरामांक की तीन हजार प्रतियां प्रकाशित की जा रही हैं। यह 1972 में छपे कल्याण के विशेषांक का परिवर्धित संस्करण होगा। इसमें उस साल के फरवरी व मार्च के साधारण अंकों में छपे सभी लेख व सूर्य वंशावली भी शामिल की जाएगी, जो पुराने विशेषांक में नहीं थी।

इस बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए गीताप्रेस को भी आमंत्रण पत्र प्राप्त हुआ है।

ट्रस्टी देवीदयाल अग्रवाल के नाम से पत्र आया है। वह वहां समारोह में उपस्थित रहेंगे और अपनी आंखों से रामलला के विग्रह का उद्घाटन देखेंगे।

# टीआरपी क्वीन संजना पाण्डेय ने कायम किया नया रिकॉर्ड



कहते हैं कि ऊपर वाला जब भी देता है तो छप्पर फाड़ कर देता है। आजकल टीआरपी के मामले में भी ऊपरवाला अभीनेत्री संजना पाण्डेय पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान हैं। संजना पाण्डेय की एक से बढ़कर एक फिल्मों की हाई होती जा रही टीआरपी तो यही बात साबित कर रही है। हमेशा लाइम लाइट और ज्यादा तड़क भड़क से दूर रहकर बेहतरीन कन्टेन्ट चुनकर उसपर फिल्में करने वाली अभिनेत्री संजना पाण्डेय ने अपने दम पर इस इंडस्ट्री में मुकाम हासिल किया है और आज वे टीआरपी के आंकड़ों में सर्वश्रेष्ठ मुकाम पर विराजमान हैं। मूल रूप से गोपालगंज बिहार की रहने वाली अभिनेत्री संजना पाण्डेय ने काफी संघर्षों के बाद से इंडस्ट्री में अपना ये मुकाम बनाया है जहां वे आज गर्व और सम्मान के साथ खड़ी हुई हैं। संजना पाण्डेय की फ़िल्म बहु रानी सास महारानी इस सप्ताह की जारी टीआरपी सूची में नम्बर 1 पर काबिज रही है, वहीं दूसरे नम्बर पर रही है फ़िल्म वैष्णवी। इसके ठीक दो सप्ताह पहले आई फ़िल्म सेनुर ने भी सबका रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया मील का पत्थर गाड़ दिया था जो कि अभी तक के रिकॉर्ड में एक बड़ा मुकाम है। उसके बाद आई फ़िल्म कॉरपोरेट बहु ने तो टेलीविजन इंडस्ट्री में तहलका ही मचा दिया था।

# लोकतंत्र बचाने के आह्वान संग आम आदमी पार्टी का मौन व्रत

## शहीद स्थल पर भारत माता की प्रतिमा के सामने 'आप' सोनभद्र का उपवास




सोनभद्र। आमआदमी पार्टी सांसद संजय सिंह के आह्वान पर सोनभद्र मुख्यालय पर रखा गया मौन व्रत। सोनभद्र शहीद स्थल पंडे परासी, रॉबर्ट्सगंज धरमशाला चौक से 5 किमी आगे घोरावल रोड में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी भारत माता और अमर शहीदों के सामने एक दिवसीय उपवास रखकर लोकतंत्र—संविधान बचाने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा कि आजाद भारत में बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, बलात्कार, गरीबों के घरों को उजाड़कर बेघर करने, ललित मोदी, नीरव मोदी जैसे भगोड़े पर सवाल पूछने, अदानी की संपति जो 2014 में 39 हजार करोड़ थी, 2022 में 10 लाख करोड़ कैसे हो गई, ऐसे सवाल सड़क पर या संसद में उठाना देश द्रोह माना जा रहा है।

ईडी और सीबीआई का सहारा लेकर ईमानदार, जनता की आवाज उठाने वाले को जेल में डाला जा रहा, उन्हे संसद से निलंबित किया जा रहा। इन आरोपों - प्रत्यारोपों के साथ ही आप जिलाध्यक्ष ने लाखो शहीदों के कुर्बानी से मिली आजादी के बाद आज इस आजाद भारत में दलित, आदिवासी, स्त्री, मजदूर हर वर्ग परेशान रहने का मुद्दा मुखर किया।

कहा किगांधी, अम्बेडकर, भगत सिंह और लाखों शहीदों ने क्या ऐसे भारत का सपना देखा था। इसपर सवालिया निशान लगते कहा कि जहां आम आदमी को अच्छा अस्पताल, अच्छी शिक्षा व्यवस्था, सड़क, बिजली, पानी देना अपराध माना जाए, इसपर सरकार से जवाब हर भारतीय को चाहिए।

काशी प्रांत उपाध्यक्ष नीरज ने सरकार पिछले द्वारा एक दशक से सिर्फ अपने मन की बात सुनाने और मनमानी करने का काम करने के सवाल उठाये। कहा कि आम जनता की बात तो दूर, जनता के चुने हुए प्रतिनिधि तक की बात सुनने के लिए तैयार नहीं है। सरकार न कभी प्रेस कॉन्फ्रेंस करती है न जनसंवाद। घोरावल विधान सभा अध्यक्ष धीरेंद्र कोल ने कहा आज चुप रहने का मतलब भारत माता के प्रति गद्दारी होगी। हम भारत माता और अमर शहीदों के सामने संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए ताकत और हिम्मत की कामना कर रहे है। हमें मरना मंजूर है लेकिन डराना मंजूर नहीं। रॉबर्ट्सगंज विधान सभा अध्यक्ष दिनेश पटेल ने कहा भाजपा के मंत्री विधायक अयोध्या की सड़कों पर झाड़ू चलाकर स्वच्छ भारत का मैसेज दे रहे हैं। श्रीराम के भव्य मंदिर के उद्घाटन की तैयारी में पूरा सिस्टम लगा दिया गया है।

दूसरी ओर नगर पालिका परिषद रौप पंचमुखी मंदिर के नीचे दलित आदिवासियों की बस्तियां उजाड़ रहे है। रॉबर्ट्सगंज काशी राम आवास के बजबजाती नालिया पर प्रशासन का ध्यान नहीं है, जहा गरीब का रहना दूभर है।

# कल्याणकारी योजनाओ के बारे में लोगों को दी गई जानकारी

आजमगढ़। (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत बाना खूर्द व बेन्दुई, अतरौलिया के ग्राम पंचायत थिरई पट्टी व कन्तालपुर, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत जमीन मुहम्मदपुर, जमीन हरखोरी, डिघवनिया मझौवा व छिरी जमीन छिरी, हरैया के ग्राम पंचायत खोझौली तालुका नैनीजोर व बघावर, कोयलसा के ग्राम पंचायत मठगोविन्द व मुखलिसपुर, लालगंज के ग्राम पंचायत बहादुरपुर व उपेन्दा, महराजगंज के ग्राम पंचायत भटौली, महरूपुर, चांदपुर भटौरा व जुड़ा खूर्द, मेंहनगर के ग्राम पंचायत सेर्रा व रोशनपुर, मोहम्मदपुर के ग्राम पंचायत बनावें व जाफरपुर, पल्हनी के ग्राम पंचायत शहबाजपुर व टेउखर, पवई के ग्राम पंचायत सुल्तानपुर व कलाफतपुर, रानी की सराय के ग्राम पंचायत मिट्ठपुर हादी अली व सहरिया, तहबरपुर के ग्राम पंचायत गौरा, सेमरा, मकदुमपुर व भितरी में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा विकसित भारत बनाने का शपथ दिलाया गया।

इसी क्रम में दिनांक 30 दिसम्बर को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड अहिरौला के ग्राम पंचायत हमीदपुर व पंकरपुर, अतरौलिया के ग्राम पंचायत पिन्डरा व देवडीह, अजमतगढ़ के ग्राम पंचायत जहीरूद्दीनपुर, तिवारीपट्टी, जमसर व विशुनपुर, हरैया के ग्राम पंचायत सोन बुजुर्ग व तुरकौली, कोयलसा के ग्राम पंचायत तोनरी व जलालपुर जगनन्दन पट्टी, लालगंज के ग्राम पंचायत कठौनी व माधोपुर धारंग, महराजगंज के ग्राम पंचायत अवशानपुर, गोंदापुर, नगवा मैदो व महवी शेरपुर, मेंहनगर के ग्राम पंचायत रामगढ़ व खड़गपुर, मोहम्मदपुर के ग्राम पंचायत कोयलरी बुजुर्ग व टेकमलपुर, पल्हनी के ग्राम पंचायत हाफीजपुर व कोठरा, पवई के ग्राम पंचायत मिल्कीपुर व नाशोपुर, रानी की सराय के ग्राम पंचायत घुरीपुर व मस्जिदिया, तहबरपुर के ग्राम पंचायत देवरिया, शिवराजपुर, सिकन्दरपुर अहियाई व कोठिहार, ठेकमा के ग्राम पंचायत सराय मोहन व कम्मरपुर में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक एवं लाभान्वित किया जायेगा।

# एमडीआर मरीजों को उपलब्ध करा रहा निः शुल्क बेहतर सुविधाएं

आजमगढ। (पीएमए) एमडीआर मरीजों के लिए निशुल्क बेहतर सुविधा प्रदान किया जा रहा है। आजमगढ़ के नोडल डीआर-टीबी सेंटर राजकीय मेडिकल कॉलेज (पीजीआई) चक्रपानपुर आजमगढ़ से जिसके मुख्य चिकित्सक डॉ0 बीके पटेल जो नोडल सेन्टर को 2021 से अपनी सेवा दे रहे हैं। डॉ0 पटेल ने बताया कि दिन प्रतिदिन मरीज कम हो रहे हैं और जिन मरीजों की दवाई चल रही है, वह भी अब जल्दी ही ठीक हो रहे हैं। जो मरीज अत्यंत गंभीर अवस्था में थे, उनमें भी काफी सुधार हुआ है। डॉ0 पटेल खुद अपना मोबाइल नंबर सारे मरीज एवं मरीज के परिजनों को दे रखे हैं, जिससे मरीजों को काफी सहायता मिल रही है और वे खुद मरीजों को मैसेज और अन्य जानकारी भेजते रहते हैं। डॉ0 पटेल के तीन साल के प्रयास से आज आजमगढ़ में मरीजों की संख्या में भारी कमी आई है, लेकिन डॉ0 इसका सारा श्रेय मरीज की हिम्मत एवं उनके परिजनों को देते हैं और वे स्वयं खुद मरीजों को फोन करके उनका हाल-चाल पूछते हैं।

मरीजों की बीमारी से संबंधित दिक्कत/परेशानी को देखते हुए उन्होंने यूट्यूब पर जूनियर परिवार यूपी इंडिया बनाया है, जिससे मरीजों को टीबी बीमारी से संबंधित सारी जानकारी प्रतिदिन वे खुद देते हैं।

# राम का लेकर नाम, जनता को समर्पित होगा नव्य 'अयोध्या धाम'

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आध्यात्मिक आस्था का केंद्र अयोध्या के नवनिर्माण का कार्य पीएम नरेंद्र मोदी की मार्गदर्शन और सीएम योगी के कुशल नेतृत्व में किया जा रहा है। इस क्रम में, एक बड़ा मील का पत्थर शनिवार को उस वक्त रखा जाएगा जब पीएम मोदी अयोध्या में 16 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं देश को समर्पित करेंगे। इनमें अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन (फेज-1 की विकास प्रक्रिया के बाद) का लोकार्पण मुख्य हैं। खास बात ये है कि पीएम मोदी शनिवार को यहां से 2 अमृत भारत व 6 वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसके साथ ही जौनपुर-अयोध्या-बाराबंकी सेक्शन के दोहरीकरण की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अयोध्या से दरभंगा के बीच एक अमृत व अयोध्या से आनंद विहार टर्मिनल के बीच एक वंदे भारत ट्रेन का संचालन अयोध्या से किया जाएगा। यह ट्रेनें देश के विभिन्न कोनों को जोड़ेंगी और अयोध्या धाम आने वाले पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व श्रद्धालुओं को प्रीमियम ट्रैवलिंग एक्सपीरिएंस उपलब्ध कराएंगी। इसी प्रकार, %स्टेट ऑफ द आर्ट% फैसिलिटीज से लैस अत्याधुनिक अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। यूं तो, इस स्टेशन का तीन फेज में विस्तृत विकास होना है, मगर पहले फेज के विकास कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है।

## वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस है स्टेशन

241 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किए गए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन में यूं तो तमाम खूबियां हैं मगर यहां कुछ सुविधाएं ऐसी हैं जो आमतौर पर एयरपोर्ट्स पर भी देखने को नहीं मिलतीं। इस फेहरिस्त में इनफेंट केयर रूम, सिक रूम, पैसेंजर फैसिलिटीज डेस्क, टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर मुख्य हैं जो स्टेशन के ग्राउंड फ्लोर पर अवस्थित हैं तथा पूरा कॉम्प्लेक्स जी प्लस टू मॉडल (ग्राउंड प्लस मिडिल व फर्स्ट फ्लोर) पर बना है।

इसके अतिरिक्त, कलाक रूम, फूड प्लाजा, वेटिंग हॉल्स, स्टेयरकेस, एस्केलेटर्स, लिफ्ट व टॉयलेट्स जैसी सुविधाएं हैं।

# अवकाश पर जाने पर लिखित रूप से सहायक विकास अधिकारी प्रभारी नियुक्त करें

हरदोई। (पीएमए) मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने खण्ड विकास अधिकारियों से कहा है कि प्राय: देखा गया है कि अपने अवकाश पर जाने से पूर्व अवकाश अवधि में ब्लाक के सामान्य एवं नैत्य कार्यो के सम्पादन हेत किसी सहायक विकास अधिकारी को नामित नही करते है तथा यदि नामि भी करते है तो नामित सहायक बैठक एवं वीसी में प्रतिभाग नहीं किया जाता है और यदि बैठक व वीसी में प्रतिभाग भी किया जाता है तो उच्चाधिकारियों द्वारा उठाये बिन्दुओं पर संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाते है, इसलिए यह स्थिति उचित नहीं है। सीडीओ ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अवकाश पर जाने से पहले लिखित रूप से प्रभारी नियुक्त करें, जो उच्चाधिकारियों द्वारा आयोजित बैठक एवं वीसी में सुसंगत सूचनाओं सहित समय से प्रतिभाग करने के साथ ही विभिन्न स्तरों पर सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु उत्तरदायी होगें और यदि भविष्य में खण्ड विकास अधिकारी के अवकाश की अवधि में नामित सहायक विकास अधिकारी द्वारा बैठक व वीसी में समुचित सूचनाओं सहित प्रतिभाग नहीं किया गया।

# ब्लाकों पर जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

हरदोई। (पीएमए) विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड टडियावां के ग्राम आशा में माननीय श्री नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री आबकारी एवं मघ निषेध विभाग (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा यात्रा कार्यकम का शुभारम्भ किया गया। माननीय मंत्री जी द्वारा कार्यकम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। उन्होने जनधन खाता खुलवाकर लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाने का कार्य किया गया है। माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसको ध्यान में रखते हुये माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है तो वही आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। यात्रा कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकर द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड बावन के ग्राम सकतपुर व काशीपुर में माननीय सांसद श्री जय प्रकाश रवत जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। माननीय सांसद जी द्वारा बताया गया कि यह कार्यकम समस्त योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश से चलाया जा रहा है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा। इस हेतु समस्त अधिकारी/कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त पात्र व्यक्तियो को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होने कहा कि विगत कई दशकों से जो कार्य नहीं हुये थे। वो कार्य माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कराये गये है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित कराया गया है। मिशन शक्ति के तहत देश की आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु उज्ज्लवा योजना, बेटी पढ़ाओं, कन्या सुमंगल, आयुष्मान भारत व अन्य योजनाए संचालित की गई है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा फसल बीमा योजना चलाई गई जिसमें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानो को उनकी फसल खराब होने की दशा में 72 घंण्टे में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त होती है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयीं। कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड पिहानी के ग्राम शाहपुर सैदान में माननीय विधायक श्री श्याम प्रकाश जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया।

# शार्ट न्यूज

## सड़क पर सुरूर अभियान के अंतर्गत 215 व्यक्तियों पर की गई कार्यवाई

चंदौली। (पीएमए) सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, रंगबाजी दिखाने, जुआ खेलने, स्टंट दिखाने और छेड़खानी करने वालों की सामत आ गई है। आपको बताते चले की 28/12/2023 रात्रि को चंदौली पुलिस ने ऑपरेशन सड़क पर सुरूर अभियान के तहत 215 व्यक्तियों पर कार्यवाही की है। चंदौली पुलिस के द्वारा ब्रेथ एनालाइजर से शराब पीकर वाहन चलाने वालों का टेस्ट किया जा रहा है। पॉजिटिव पाने पर चंदौली पुलिस के द्वारा ऐसे लोगों पर केवल कार्यवाही ही नहीं की जा रही है बल्कि ऐसे लोगों को मादक पदार्थ, शराब के सेवन से होने वाली शारीरिक व आर्थिक हानि के साथ ही सामाजिक प्रतिष्ठा पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के संबंध में विधिवत रूप से जागरूक भी किया जा रहा है। शराब पीकर गाड़ी चलाने पर एक से अधिक बार पकड़े जाने के बाद उनका लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा। आपको बताते चले की चंदौली पुलिस के द्वारा 28/12/2023 को रात्रि में थाना मुगलसराय से 58, थाना अलीनगर से 34, थाना चंदौली से 8, थाना सैयदराजा से 21, थाना चकिया से 15 थाना कंदवा से 9, थाना धानापुर से 11, थाना धीना से 13, थाना सकलडीहा से 10, थाना शाहबगंज से 9, थाना बबूरी से 18, थाना इलिया से 7 थाना, नौगढ़ से 2 लोगों के विरुद्ध 34 P.act/290 IPC के तहत कार्यवाही की गई है।

## जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

वाराणसी। (पीएमए) जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम अध्यक्षता में शुक्रवार को सदर तहसील सभागार में ई0आर0ओ0 और बी0एल0ओ0 के साथ निर्वाचन से संबंधित कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान विगत लोकसभा और विधानसभा चुनावों में कम वोटिंग की बूथवार समीक्षा किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बी0एल0ओ0 के कार्यशैली को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने चेताया कि किसी भी बूथ में मृतक या डुप्लीकेट मतदाता पाए जाने पर संबंधित बी0एल0ओ0 के खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा बी0एल0ओ0 जिस बूथ पर मृतक या डुप्लीकेट मतदाता है नाम काटकर लिस्ट दुरुस्त करें और सभी ई0आर0ओ0 वेरीफाई करके रिपोर्ट दें। जिलाधिकारी ने कहा संबंधित विधानसभा के ई0आर0ओ0 कम वोटिंग वाले 20 बूथ की जांच करें और जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ेगी। इस दौरान उन्होंने पहड़िया मण्डी पहुंच कर निरीक्षण भी किया गया। उन्होने स्ट्रांग रूम के चारों ओर घूम कर लगे हुए सीसीटीवी कैमरे देखे और निर्देशित किया कि किसी स्तर पर निगरानी में लापरवाही नही होना चाहिए।

## कमिश्नर ने मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक में दिए दिशा-निर्देश

वाराणसी। (पीएमए) कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति की बैठक शुक्रवार को मंडलीय सभागार में हुई। जिसमें डॉ अमित यादव, सदस्य सचिव द्वारा मण्डल में कृषि निर्यात की प्रगति तथा नीति के अंतर्गत निर्यातकों को सरकार के द्वारा दिए गए अनुदानों (यथा परिवहन अनुदान 23.90 लाख रू0) एवं कृषि जी0आई0 उत्पादो (आदमचीनी चावल, बनारसी लंगड़ा आम, रामनगर भण्टा एवं बनारसी पान) के अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में उपस्थित जी0आई0विशेषज्ञ पद्मश्री डा0 रजनीकांत द्वारा जी0आई0 एवं आवेदन की प्रक्रिया के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित कर कृषि निर्यात आधारित क्लस्टर बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बनारसी लगडा आम, मशरूम, मत्स्य तथा डेयरी उत्पादों के क्लस्टर बनाने हेतु संबंधित विभागों को मानको का निर्धारण करने के निर्देश दिए गये। जी0आई0 के प्रोत्साहन हेतु संबंधित विभागों को अधिकृत उपयोगकर्ता बनाने के लक्ष्य निर्धारित किए गए।

## ईवीएम एवं वीवी पैड का किया निरीक्षण

चंदौली। (पीएमए) चंदौली – शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला अधिकारी टी. फूंडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिला अधिकारी अभय कुमार पांडे द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी के साथ आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन की तैयारी के दृष्टिगत नवीन मंडी में संरक्षित ईवीएम मशीन स्थल के सुरक्षा व्यवस्था को देखा गया। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिला अधिकारी टी फूंडे ने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा ईवीएम गो डाउन का त्रैमासिक निरीक्षण करने का निर्देश है। इसी क्रम में राजनीतिक दलों की उपस्थिति में गोदाम का ताला खोला गया। गोदाम में रखें ईवीएम मशीन का रैंडमलीय जांच हुई जो कि सब सुरक्षित है। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सुरक्षा संबंधित लगे उपकरणों विद्युतीकरण, सीसीटीवी कैमरा व्यवस्था, आदि सुरक्षा मानकों को गहनता से देखा। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाजवादी पार्टी के साथ-साथ अन्य राजनीतिक दल के लोग मौजूद थे।

## आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा स्कूलों के शिक्षकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

हरदोई। (पीएमए) जनसामान्य को आपदाओं से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हरदोई के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल/डिग्री कॉलेज एवं ग्राम पंचायत स्तर पर आपदा जन-जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सातवे दिन दिनांक 28.12.2023 को राजकीय इंटर कॉलेज हरदोई में संडीला, भरखनी, बेहंदर और कोथावां ब्लॉक 510 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा आपदा प्रबंधन चक्र, भारत में आपदा प्रबंधन का तंत्र, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, पेरिस समझौता, सेंडई फ्रेमवर्क के संबंध में और विभिन्न आपदाओं जैसे आकाशीय विद्युत, डूबना, अग्निकांड, बाढ़, शीतलहर, लू सर्पदंश, आधी तूफान, भूकम्प, ओलावृष्टि आदि विभिन्न आपदाओं के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। आपदा विशेषज्ञ ज्ञान दीप शर्मा द्वारा सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद इन आपदाओं के बारे में स्कूल के विद्यार्थियों, कर्मचारी, शिक्षकों और समुदाय के लोगों के बीच साझा करने को भी कहा। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों द्वारा शिक्षकों को सचेत ऐप और दामिनी ऐप के सम्बन्ध में बताया और उनके मोबाइल में इंस्टॉल भी कराया।

## अवकाश पर जाने पर लिखित रूप से सहायक विकास अधिकारी प्रभारी नियुक्त करें

हरदोई। (पीएमए) मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने खण्ड विकास अधिकारियों से कहा है कि प्राय: देखा गया है कि अपने अवकाश पर जाने से पूर्व अवकाश अवधि में ब्लाक के सामान्य एवं नैत्य कार्यो के सम्पादन हेत किसी सहायक विकास अधिकारी को नामित नही करते है तथा यदि नामि भी करते है तो नामित सहायक बैठक एवं वीसी में प्रतिभाग नहीं किया जाता है और यदि बैठक व वीसी में प्रतिभाग भी किया जाता है तो उच्चाधिकारियों द्वारा उठाये बिन्दुओं पर संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाते है, इसलिए यह स्थिति उचित नहीं है। सीडीओ ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये है कि अवकाश पर जाने से पहले लिखित रूप से प्रभारी नियुक्त करें, जो उच्चाधिकारियों द्वारा आयोजित बैठक एवं वीसी में सुसंगत सूचनाओं सहित समय से प्रतिभाग करने के साथ ही विभिन्न स्तरों पर सूचनाओं के सम्प्रेषण हेतु उत्तरदायी होगें और यदि भविष्य में खण्ड विकास अधिकारी के अवकाश की अवधि में नामित सहायक विकास अधिकारी द्वारा बैठक व वीसी में समुचित सूचनाओं सहित प्रतिभाग नहीं किया गया अथवाा सम्यक सूचनाएं प्रस्तुत करने में विफल रहे तो संबंधित सहायक विकास अधिकारी के साथ खण्ड विकास अधिकारी का भी उत्तरदायी निर्धारित किया जायेगा।